https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शनिवार 19 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्णा पक्ष 09, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 102 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8 | 23.6 |
| डालटनगंज | 34.2 | 24.6 |
| धनबाद | 34.1 | 26.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ न्यूज

### राहुल बोले- मैं हमेशा रॉबर्ट वाड्रा के साथ हूं

**नयी दिल्ली।** गुरुग्राम लैंड डील मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है. इस मामले पर सुनवाई 24 जुलाई को होगी. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वाड्रा के खिलाफ ईडी की इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, मेरे जीजाजी को दस सालों से सरकार परेशान कर रही. उनके खिलाफ यह ताजा चार्जशीट उसी विचहंट का हिस्सा है. मैं रॉबर्ट, प्रियंका व उनके बच्चों के साथ हूं, क्योंकि वे राजनीति प्रेरित इस उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं. वे भी तरह के उत्पीड़न का सामना करने के लिए तैयार हैं.

### आतंकवादी संगठन टीआरएफ हुआ बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के ऑफ शूट आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का हिस्सा मानते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठनो की लिस्ट में शामिल कर लिया है. टीआरएफ के अलावा अमेरिकी सरकार ने लश्कर ए तैयबा के दो अन्य नाम कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट और कश्मीर रेजिस्टेंस को भी लश्कर ए तैयबा का ही हिस्सा माना है और प्रतिबंधित किया है. अमेरिका के फ़ेडरल पब्लिक रजिस्टर में छपे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के आदेश की कॉपी के मुताबिक़ अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का विदेशी आतंकी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी के तौर पर दर्ज स्टेटस बरकरार रहेगा.

### छग के नारायणपुर में मुठभेड़, 6 नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ. इसमें छह नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाबलों को नक्सलियों की मौजूदगी की खबर मिली थी. इस के बाद सुरक्षाबलों को वहां भेजा गया. सुरक्षाबलों के आते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की. सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव, एके-47 राइफलें, विस्फोटक सामग्री सहित अन्य चीजें बरामद की हैं.

### आप ने तोड़ा इंडिया गठबंधन से नाता

**नयी दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र से पहले इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है. आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ लिया है. संसद में भी विपक्षी एकता से आप ने किनारा कर लिया है. 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी ने पहले ही गठबंधन से दूसरी बना ली थी, लेकिन अब संसद सत्र से पहले उसने गठबंधन से अपने सारे नाते खत्म कर लिए हैं. 21 जुलाई से संसद का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है. उससे पहले सदन में मोदी सरकार को घेरने के लिए इंडिया गठबंधन ने रणनीति तैयार करने के लिए शुक्रवार शाम को ऑनलाइन बैठक बुलाई है.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को विस चुनाव से पहले दी बड़ी सौगात, कहा

# मोतिहारी को मुंबई और संथाल परगना को सूरत जैसा बनाएंगे

- चंपारण, औरंगाबाद, गया जी, जमुई जैसे जिलों को वर्षों तक पीछे रखने वाला माओवाद आज अंतिम सांसे गिन रहा है.

**शुभम संदेश। पटना**

आगामी चुनाव को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी फिर से एक बार बिहार आए. अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को उन्होंने मोतिहारी से बिहारवासियों को 7217 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी. उन्होंने मोतिहारी में जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर, रोजगार, विकास, माओवाद और इंडिया गठबंधन पर बातें की. राजद और कांग्रेस राजद की याद भी दिलाई. पीएम मोदी ने कहा कि साथियों यह नयाा भारत है. भारत दुश्मनों को सजा देने के लिए जमीन आसमान एक कर देता है. बिहार की इसी धरती से मैंने ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा की थी. इसके बाद पूरी दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा. पूरी दुनिया में भारत की चर्चा हो रही है. अब बिहार को दुनिया भर के मार्केट से जोड़ेंगे. किसानों की आय दोगुना करना हमारा लक्ष्य है.

मोदी ने कहा कि चंपारण, औरंगाबाद, गया जी, जमुई जैसे जिलों को वर्षों तक पीछे रखने वाला माओवाद आज अंतिम सांसे गिन रहा है. हमारा संकल्प है कि समृद्ध बिहार, हर युवा को रोजगार ! नौजवानों को बिहार में ही रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें, इसके लिए यहां तेजी से काम हुआ है. मोदी ने मुंबई और गुरुग्राम जैसे शहरों का जिक्र करते हुए कहा, हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है, वैसे ही पूरब में मोतिहारी का नाम हो. जैसे अवसर गुरुग्राम में हैं, वैसे ही अवसर गया जी में भी बनें. पुणे की तरह पटना में भी औद्योगिक विकास हो. सूरत की तरह ही संथाल परगना का भी विकास हो. जयपुर की तरह जलपाईगुड़ी और जाजपुर में भी टूरिज्म के नए रिकॉर्ड बने. बेंगलुरु की तरह वीरभूम के लोग भी आगे बढ़ें.

### प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस दोनों पर कसा तंज




मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस के राज में गरीब को पक्का घर मिलना असंभव था. जंगलराज में लोग अपने घरों में रंग-रोगन तक नहीं करवाते थे, डरते थे कि अगर रंग-रोगन हो गया तो पता नहीं कि मकान मालिक को ही उठवा लिया जाए. जब केंद्र में कांग्रेस और राजद की सरकार थी, तो यूपीए के 10 साल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रुपए के आसपास मिले. यानी नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे. 2014 में केंद्र में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया. केंद्र में आने के बाद मैंने बिहार से बदला लेने वाली उस पुरानी राजनीति को भी समाप्त कर दिया. पिछले 10 साल में, एनडीए के 10 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो राशि दी गई है, वो पहले से कई गुना ज्यादा है. राजद और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक था, गरीब का पैसा गरीब तक पहुंचना असंभव था.

### मोदी बोले- आंदोलन की धरती है बिहार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बिहार की धरती आंदोलन की धरती है. अब यही धरती बिहार को विकास की नई दिशा देगी. राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है. कांग्रेस और राजद की सरकार ने हमेशा बिहार को लूटने का काम किया था. 2014 के बाद आपने केंद्र में मुझे सेवा का मौका दिया, हमने बदला लेने वाली इस राजनीति को समाप्त कर दिया. आज की पीढ़ी को यह जानना जरूरी है कि दो दशक पहले बिहार के हक का पैसा कैसे लूटा गया.

### पूर्वी राज्यों को लेकर क्या बोले प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा, 21वीं सदी में दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है. एक समय जो ताकत केवल पश्चिमी देशों के पास होती थी, उसमें अब पूरब के देशों का दबदबा और भागीदारी बढ़ रही है. पूरब के देश अब विकास की नई रफ्तार पकड़ रहे हैं. जैसे दुनिया में पूर्वी देश विकास की दौड़ में आगे जा रहे हैं, वैसे ही भारत में ये दौर हमारे पूर्वी राज्यों का है.

### मोतिहारी से 7,200 करोड़ की सौगात, कई बड़ी योजनाओं का शिलान्यास

पीएम मोदी शुक्रवार को बिहार के मोतिहारी में पहुंचे और वहां ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य कार्यक्रम में हिस्सा लेकर राज्य को 7,200 करोड़ रुपए से अधिक की कई बड़ी परियोजनाएं सौगात में दीं. इससे पहले मोदी ने शुक्रवार सुबह दरभंगा एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत के बाद हेलीकॉप्टर द्वारा मोतिहारी पहुंच कर समारोह में भाग लिया. कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उप मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय व राज्य मंत्री, सांसद उपस्थित थे.

#### 4 नई अमृत भारत एक्स. का उद्घाटन

- कुल 7,200 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं
- स्टेशन और ट्रेन वर्क्स
- दरभंगा–नरकटियागंज रेल ट्रैक के दोहरीकरण (4,079 करोड़) – शिलान्यास
- पाटलिपुत्र कोचिंग कॉम्प्लेक्स में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव ढांचे (283 करोड़) – शिलान्यास
- दरभंगा–थलवारा एवं समस्तीपुर–रामभद्रपुर (26 किमी) रेल लाइन – उद्घाटन
- भटनी–छपरा (114 किमी) रेलखंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग (153 करोड़) – शिलान्यास
- इसी रेलखंड में ट्रैक्शन सिस्टम उन्नयन (232 करोड़) – उद्घाटन
- समस्तीपुर–बछवाड़ा (34 किमी) में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग (53 करोड़) – उद्घाटन
- सड़क, आईटी और ग्रामीण विकास
- 1,173 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की शुरुआत
- 63 करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी योजनाओं की आधारशिला
- ग्रामीण आवास योजना में 162 करोड़

**मोदी ने चार नई अमृत भारत एक्स. ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया**



- पटना (राजेंद्र नगर)–नई दिल्ली
- बापूधाम मोतिहारी–आनंद विहार
- दरभंगा–लखनऊ (गोमतीनगर)
- मालदा टाउन–लखनऊ (गोमतीनगर)

- महिला स्वयं सहायता समूह को 400 करोड़ सीधे हस्तांतरण
- आईटी पार्क का लोकार्पण
- मोतिहारी से 10 करोड़ लागत वाले बिहार के दूसरे आईटी पार्क का वर्चुअल लोकार्पण किया गया, जो राज्य में डिजिटल विकास को प्रोत्साहित करेगा.

## निकाय चुनाव में देरी पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त

# मुख्य सचिव को किया तलब

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई. यह याचिका निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर की गई थी. सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई और राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है.

जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में इस अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा. उन्होंने दिनांक 04/01/2024 को दिए गए उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें तीन सप्ताह के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था. सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के रवैये पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की. अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, राज्य सरकार न्यायालय के आदेशों को नजरअंदाज कर रही है, जिससे राज्य में कानून का शासन खतरे में पड़ गया है. ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल हो चुका है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि उस दिन मुख्य सचिव के विरुद्ध अवमानना के मामले में आरोप तय (चार्ज फ्रेम) किए जाएंगे.

### बाईपास कर रूल ऑफ लॉ का गला घोंट रही सरकार



सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के रवैए पर नाराजगी जाहिर करते हुए जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार न्यायालय के आदेश को बाइपास कर राज्य में रूल ऑफ लॉ का गला घोंट रही है. हाई कोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को करेगी.

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी ने की कार्रवाई

# भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को किया गिरफ्तार

**शुभम संदेश। रायपुर**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया है. इससे पहले सुबह से ही ईडी भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी. ईडी ने छापेमारी के दौरान शराब घोटाले से जुड़े कई अहम दस्तावेज जब्त किये. साथ ही एजेंसी ने चैतन्य बघेल से पूछताछ की. लेकिन उन्होंने किसी भी सवाल का कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिसके बाद धन शोधन निरोधक अधिनियम की धारा 19 के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

**बघेल ने किया पलटवार :** कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने खुद अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर ईडी की छापेमारी की जानकारी दी थी. उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए लिखा था कि ईडी आ गई. आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है. अडानी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठना था. भिलाई निवास में साहेब ने ईडी भेज दी है.

### शराब घोटाले से 2161 करोड़ की अवैध कमाई

ईडी की जांच में सामने आया है कि छत्तीसगढ़ में 2019 से 2022 के बीच एक संगठित शराब सिंडिकेट ने सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया. इस घोटाले से करीब 2161 करोड़ रुपए की अवैध कमाई हुई, जिसे प्रोसीड क्राइम बताया गया है. जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आबकारी विभाग के तत्कालीन मंत्री कवासी लखमा को हर महीने नकद रकम दी जाती थी, जो इस घोटाले की कमाई से आती थी. सिंडिकेट में अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा जैसे कई प्रभावशाली नाम शामिल बताए जा रहे हैं.

## लैंड फॉर जॉब मामला : लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

# स्टे देने से किया इनकार, चलेगा ट्रायल

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है. शुक्रवार को जमीन के



बदले नौकरी घोटाले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने और ट्रायल पर रोक की उनकी मांग को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह फिलहाल हाई कोर्ट में लंबित इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा. अदालत ने साफ किया कि ट्रायल की कार्यवाही पर कोई स्टे नहीं दिया जाएगा और मुकदमे की सुनवाई जारी रहेगी.

**अदालत में पेश होने से राहत :** हालांकि कोर्ट ने यह निर्देश जरूर दिया कि हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई तेजी से करे. इसके अलावा अदालत ने यह भी कहा कि लालू यादव की उम्र और उनकी सार्वजनिक हैसियत को ध्यान में रखते हुए, ट्रायल के दौरान उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश नहीं होना पड़ेगा.

**धारा 17 ए पर बहस: अनुमति का पेच :** लालू यादव ने ट्रायल पर रोक लगाने की मांग करते हुए दलील दी थी कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत ज़रूरी अनुमति नहीं ली थी. इस धारा के अनुसार, किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले सरकार से अनुमति लेना अनिवार्य होता है. दिल्ली हाई कोर्ट ने ट्रायल पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि इस मुद्दे को आरोप तय करते समय उठाया जा सकता है. सुनवाई के दौरान, एएसजी राजू ने तर्क दिया कि इस मामले में धारा 17ए के तहत अनुमति की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह मामला 2018 में हुए संशोधन से पहले का है. इस पर लालू के वकील कपिल सिब्बल ने जोरदार पलटवार करते हुए कहा, उनकी उत्सुकता बता रही है. वह 2005 से 2009 तक मंत्री थे. एफआईआर 2021 में दर्ज हुई. बिना अनुमति के जांच शुरू नहीं हो सकती. बाकी सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए उन्होंने अनुमति ली है, सिर्फ इनके लिए नहीं. बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस स्तर पर मामले की गहराई में नहीं जाएगी.

**क्या है जमीन के बदले नौकरी घोटाला :** लालू प्रसाद पर आरोप है कि जब वे केंद्र में रेल मंत्री थे, तब उन्होंने लोगों को रेलवे में नौकरी देने के बदले में उनसे कथित तौर पर जमीन ली थी. सीबीआई इस पूरे मामले की जांच कर रही है. लालू यादव का मुख्य बचाव यही रहा है कि सीबीआई ने उनके खिलाफ जांच शुरू करने से पहले सक्षम प्राधिकारी से कानूनी रूप से आवश्यक अनुमति नहीं ली थी.

# झरिया-सिंदरी मार्ग में गोफ, 407 समाया

- 2017 में एक साथ पिता-पुत्र की इसी जगह पर हुई धंसने से हुई थी मौत

### गोफ का दायरा बढ़ा तो झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग भी आएगा चपेट में





**शुभम संदेश। झरिया**

झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की रात एक भयानक हादसा सामने आया है. इस मार्ग से होकर गुजर रहा एक ट्रैक्टर सड़क किनारे गोफ में समा गया. गोफ में समाने की खबर पाकर लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. बताया जा रहा है कि मो. रियाज नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर अक्सर इसी जगर पर खड़ा रहता था, शुक्रवार को भारी बारिश के कारण यहां की जमीन गीली हो गई और पूरा का पूरा ट्रैक्टर उसमें समा गया. तत्काल बीसीसीएल के अधिकारी और झरिया थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची और आने-आने वाले वाहनों को इस खतरे से अवगत कराते हुए इन्हें दूर रखा. बता दें कि मई 2017 को साल पूर्व भी यहां बारिश के दिनों एक पिता और पुत्र की गोफ में धंसने से मौत हो गई थी. बबलू खान और उनका पुत्र रहीम खान यहां से गुजर रहे थे, तभी अचानक जमीन धंस गई, बिना वक्त दिए ही दोनों गोफ में समा गए, यहां तक कि उनकी लाशें भी निकल पाई थीं. ठीक उसी जगह पर एक बार फिर धंसान की वारदात हुई है. संयोग से सिर्फ ट्रैक्टर धंसा है. 2017 में घटी वारदात के बाद बीसीसीएल ने इस संवेदनशील इलाके की दुकानों को यहां से हटा दिया था. यहां पर कुछ दिनों तक दुकान आदि लगाने की पाबंदी थी, लेकिन यह पाबंदी ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाई. अब देखना है कि इस वारदात के बाद बीसीसीएल या जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करती है. बता दें कि यह क्षेत्र पूरी तरह से झरिया और सिंदरी मुख्य मार्ग के ठीक बगल में है, यदि गोफ का दायरा बढ़ता है मुख्य मार्ग भी चपेट में आ जाएगा.

## उपलब्धि : नौसेना में शामिल हुआ पहला स्वदेशी डीएसवी 'आईएनएस निस्तार'

# अब आयातक से निर्यातक बना भारतः संजय सेठ

**शुभम संदेश डेस्क**

भारतीय नौसेना की ताकत अब और बढ़ गई है. दरअसल शुक्रवार को नौसेना के बेडे. में देश का पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार शामिल हो गया है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में विशाखापत्तनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस निस्तार को नौसैनिक बेड़े में शामिल किया गया. आईएनएस निस्तार को देश में ही डिजाइन और इसका निर्माण किया गया है. हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने 8 जुलाई 2025 को ही भारतीय नौसेना को सौंपा दिया था. इस युद्धक जहाज का निर्माण भारतीय शिपिंग रजिस्टर के नियमों के तहत किया गया है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारतीय नौसेना का इतिहास गौरवशाली है और आईएनएस निस्तार भारत की ताकत को और बढ़ाएगा. उन्होंने कहा कि भारत आज सैन्य मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है और अब आयातक से निर्यातक बन रहा है. भारत ने 23,622 करोड़ रुपए हथियार निर्यात किए हैं और अब लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपए के हथियार निर्यात करने का है. इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि नए आईएनएस निस्तार से नौसेना की डाइविंग क्षमता और गहरे पानी में भी काम करने की क्षमता बेहतर होगी. उन्होंने कहा कि पुराने जहाज कभी नहीं मरते, वे सिर्फ नए रूप में हमारे पास वापस आते हैं.



### आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह अहम कदम है. सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 120 एमएसएमई कंपनियों ने मिलकर इस युद्धक जहाज को बनाने का काम किया. आईएनएस निस्तार के 80 फीसदी उपकरण स्वदेशी हैं. यह युद्धक जहाज आधुनिक तकनीक से लैस है और इसकी मदद से समुद्र में गहरे तक उतारा जा सकता है. इस डाइविंग सपोर्ट वेसल की मदद से राहत और बचाव कार्य चलाने, मरम्मत के काम आदि में काफी मदद मिलेगी. दुनिया के चुनिंदा देशों के पास ही अभी आईएनएस निस्तार जैसी ताकत है.

### नौसेना की बढ़ेगी ताकत

निस्तार नाम संस्कृत भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब होता है आजादी या बचाव. आईएनएस निस्तार की खासियत की बात करें तो यह 118 मीटर लंबा और 10 हजार टन वजनी जहाज है, जो समुद्र में गहराई तक जाने में मदद करने वाले उपकरणों से लैस है. इसकी मदद से 300 मीटर तक समुद्र की गहराई में जाया जा सकता है. यह जहाज डीएसआरवी के लिए मदर शिप का काम करता है. अगर किसी पनडुब्बी में कोई आपात स्थिति आती है, तो मरम्मत कार्य या बचाव कार्य के लिए जवानों को एक हजार मीटर की गहराई तक उतारा जा सकता है. भारतीय नौसेना को पहली बार साल 1969 में सोवियत संघ से पहला डाइविंग सपोर्ट वेसल मिला था. करीब दो दशकों की सेवा के बाद उसे रिटायर किया गया था. अब आईएनएस निस्तार स्वदेशी और भारत में ही डिजाइन किया गया है.

### संसद के मानसून सत्र से पहले कल होगी सर्वदलीय बैठक

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है. सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए यह बैठक बुलाई गयी है. जानकारी के अनुसार, संसद भवन एनेक्सी के मुख्य बैठक कक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों के फ्लोर लीडर को आंमत्रित किया है. बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे. बैठक में सरकार सभी दलों के समक्ष आगामी मानसून सत्र का एजेंडा रखेगी. संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक प्रस्तावित है. इसमें कुल 21 बैठकें होंगी. 12 से 18 अगस्त तक कोई बैठक नहीं होगी. इसमें सात लंबित विधेयकों को विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है. आठ विधेयकों को पुरःस्थापन, विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है.

## नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केरल में कहा

# आरएसएस-माकपा में जनता के प्रति कोई संवेदना नहीं बची

**एजेंसियां। कोट्टायम**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केरल को कोट्टायम में आरएसएस और माकपा पर जम कर बरसे. कहा कि इन दोनों से मै वैचारिक रूप से और विचारों के क्षेत्र में लड़ता रहा हूं. राहुल ने कहा कि उनकी आरएसएस और माकपा से सबसे बड़ी शिकायत यह है कि उनके मन में लोगों के लिए कोई भावना नहीं है. कहा कि आप चाहे जो भी भाषण दें, अगर आपके मन में लोगों के लिए कोई भावना नहीं है.

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आप लोगों से जुड़ने और उन्हें गले लगाने के लिए तैयार नहीं हैं, तो आप नेता नहीं बन सकते. आज भारतीय राजनीति की यही त्रासदी है कि बहुत कम लोग वास्तव में महसूस करते हैं कि दूसरे क्या महसूस कर रहे हैं. उन्होंने ने पूर्व सीएम ओमन चांडी को याद किया. उन्होंने कहा कि मेरे 21 साल के राजनीतिक जीवन में भावनाओं की राजनीति के महारथियों में से एक पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी जी थे. मैंने सचमुच उन्हें केरल के लोगों के लिए जीते और मरते हुए देखा. उन्होंने मानव-पशु संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि वायनाड में लोग बाघों और हाथियों के हाथों मारे जाते हैं. राहुल गांधी ने मानव-पशु संघर्ष में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की.



## सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ पीआईएल हाईकोर्ट ने की खारिज



**रांची।** धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया. हाईकोर्ट ने धनबाद सांसद को बड़ी राहत देते हुए उनकी संपत्ति की जांच की मांग वाली पीआईएल को खारिज कर दिया है. हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका को सुनाई योग्य नहीं माना है. पूर्व में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुनाया है. मामले में राज्य प्रार्थी सोमनाथ चटर्जी ने दुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति की जांच सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग और राज्य पुलिस की एसआईटी से कराने का आग्रह किया था.

### झारखंड में उद्यमशीलता : 'पलाश' मिला तो महिलाओं ने बदल दी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

# पांच साल में खड़ा कर दिया 50 करोड़ रुपए का कारोबार

समीर चक्रवर्ती। रांची

झारखंड की ग्रामीण महिलाएं हमेशा से हुनरमंद और मेहनती रहीं हैं. जरूरत पड़ने पर मजदूरी और खेती-किसानी से भी पीछे नहीं हटती हैं. सिलाई-कढ़ाई, पापड़ और तरह-तरह के अचार बनाने की कला तो जैसे इनके डीएनए में शामिल है. लेकिन सही प्लेटफॉर्म के अभाव में हुनर को गति नहीं मिल पा रही थी. इसको पूरा किया ग्रामीण विकास विभाग के तहत जेएसएलपीएस द्वारा संचालित 'पलाश ' ब्रांड ने. महिला उद्यमियों के उत्पादों को बाजार और समुचित लाभ मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहल की. फिर 29 सितंबर 2020 को कोविड काल में शुरु हुई पलाश ब्रांडिंग और मार्केटिंग रणनीति ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल कर रखी दी है. आपको जानकार हैरानी होगी कि महज पांच साल में पलाश ब्रांड से जुड़े प्रोडक्ट की बिक्री का आंकड़ा 50 करोड़ से ज्यादा का हो चुका है.



### 'पलाश' प्रोडक्ट्स को नोयडा में मिला प्रथम पुरस्कार

जेएसएलपीएस के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर नीतीश कुमार सिन्हा ने ईटीवी भारत को बताया कि पलाश ब्रांडिंग के तहत महिला उद्यमियों के 50 से ज्यादा प्रोडक्ट को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है. इसकी बदौलत साल–दर–साल बिक्री का आंकड़ा बढ़ रहा है. पलाश ब्रांड की विश्वसनीयता को देखते हुए भारत सरकार ने हाल ही में नोयडा हाट में राष्ट्रीय आजीविका सरस मेला में पलाश ब्रांड के उत्पादों को प्रथम पुरस्कार से नवाजा है. जबकि प्रगति मैदान में भारत सरकार की ओर से आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पलाश के प्रोडक्ट्स आकर्षण के केंद्र में रहे.

### साल-दर-साल तरक्की करता जा रहा है 'पलाश'

जेएसएलपीएस की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020–21 में 97.74 लाख रु के पलाश प्रोडक्ट की बिक्री हुई थी. साल 2021–22 में बिक्री का आंकड़ा 1,201.08 लाख पहुंच गया. तीसरे साल यानी 2022–23 में 1,274.97 लाख की बिक्री हुई. साल 2023–24 में बिक्री में गिरावट देखी गई. फिर भी कुल बिक्री 885.93 लाख की हुई. लेकिन साल 2024–25 में 1548.70 लाख की रिकॉर्ड बिक्री हुई. इस तरह पिछले पांच वर्षों में 50 करोड़ से ज्यादा के पलाश प्रोडक्ट की बिक्री हो गई है.

### स्वयं सहायता समूह की दीदी ने साझा किया अनुभव

रांची के हेहल स्थित पलाश मार्ट काउंटर के संचालन में अहम भूमिका निभा रहीं अरुणा देवी ने बताया कि सभी 24 जिलों की महिला समूह की महिलाएं द्वारा तैयार प्रोडक्ट मार्ट तक आता है. अब प्रोडक्ट की संख्या 50 से ज्यादा हो गई है. सारे खाद्य पदार्थ का उत्पादन परंपरागत विधि से बिना यूरिया खाद डाले होता है. दाल और चावल में किसी तरह का पॉलिस नहीं होता है. किसी तरह के केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता है. इसकी वजह से आटा समेत कई सामान जल्दी खराब होने लगते हैं. इस वजह से पलाश प्रोडक्ट की कीमत दूसरी कंपनियों के प्रोडक्ट से थोड़ी ज्यादा होती है. लेकिन क्वालिटी की गारंटी है. सबसे ज्यादा बिक्री हनी, मड़ुआ का आटा, ज्वार का आटा, ओल का अचार, अरहर दाल की होती है.हेमंत सोरेन सरकार की इस पहल ने संसाधन और बाजार के अभाव में तकलीफ झेल रहीं गरीब ग्रामीण महिलाओं को आगे बढ़ने की राह दिखायी है. लिहाजा, झारखंड के राजकीय फूल पलाश की तरह ग्रामीण उद्यमियों का पलाश ब्रांड उनकी पहचान बन गया है.

### पलाश ब्रांड के तहत तैयार होने वाले प्रोडक्ट्स

पलाश ब्रांड के तहत 50 से ज्यादा तरह के प्रोडक्ट बाजार में उपलब्ध हैं. इसमें हनी, अरहर दाल, संधना अचार, ओल अचार, पुटकल अचार, लाल मिर्च अचार, लहसून अचार, नींबू अचार, महुआ अचार, ब्राउन राइस, उरद दाल बरी, काला गेंहू आटा, रागी आटा, सरसो तेल, तरह–तरह साबुन, डिटर्जेंट, गोंद, महुआ,रागी के लड्डू, तरह–तरह के कुकीज, अगरबत्ती, फिनायल, हैंडवॉश शामिल है. जेएसएलपीएस के पदाधिकारी धीरज कुमार ने बताया कि सरकारी कार्यक्रमों में पलाश के चॉकलेट और कूकीज सर्व किए जाते हैं, ताकि महिला उद्यमियों को आर्थिक लाभ मिल सके. उन्होंने बताया कि झारखंड में 2 लाख 90 हजार स्वंय सहायता समूह हैं. इनमें से 1.6 लाख महिला उद्यमी सीधे तौर पर तो करीब 2.25 लाख महिलाएं अप्रत्यक्ष रुप से जुड़ी हुई हैं.

### झारखंड पुलिस ने गिनवाई 6 माह की उपलब्धियां

# आतंकवाद, नक्सलवाद और साइबर क्राइम पर कसा शिकंजा

**5 आतंकी, 197 नक्सली, 767 साइबर अपराधी और संगठित गिरोह के 12 अपराधी गिरफ्तार, 17 एनकाउंटर में ढेर**

शुभम संदेश। रांची

झारखंड पुलिस ने साल 2025 के शुरुआती छह महीनों (जनवरी से जून) में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर लगाम लगाने में महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं. आईजी अभियान ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी अनुराग गुप्ता के कार्यकाल में मिली उपलब्धियों की जानकारी दी. आईजी अभियान ने बताया कि अपराध के खिलाफ चलाए गए अभियान में राज्य के विभिन्न जिलों से पांच आतंकी, 197 नक्सली, 767 साइबर अपराधी और संगठित गिरोह के 12 अपराधी गिरफ्तार किए गए. इसके अलावा पुलिस के साथ मुठभेड़ में 17 नक्सली और उग्रवादी मारे गए. वहीं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण भी किया.

इस अवधि में कुल 113 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 31 लूटे गए पुलिस हथियार, 20 रेगुलर हथियार और 62 देसी हथियार शामिल हैं. पुलिस ने 8591 गोलियां, 176.5 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 4.51 लाख रुपये की लेवी राशि भी जब्त की. इतना ही नहीं नक्सलियों द्वारा बिछाए गए 179 आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को भी नष्ट किया गया. वहीं झारखंड और ओडिशा पुलिस के संयुक्त अभियान में ओडिशा के के. ब्लांग थाना क्षेत्र से 3811 किलोग्राम जिलेटिन बरामद किये गये.

**साइबर अपराध पर कसा नकेलः** जनवरी से जून 2025 तक साइबर अपराध के कुल 620 मामले दर्ज किए गए और 767 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. इस दौरान 5.43 लाख रुपये नकद, 1664 सिम कार्ड, 1283 मोबाइल फोन, 135 एटीएम कार्ड, 20 दोपहिया वाहन, आठ चारपहिया वाहन, 19 लैपटॉप, 37 बैंक पासबुक, 24 बैंक चेकबुक, 3 स्वाइप मशीन और 1 राउटर बरामद किए गए. वहीं डायल-1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर 11,910 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 15.90 करोड़ रुपये फ्रीज किए गए और न्यायालय के माध्यम से 83.84 लाख रुपये शिकायतकर्ताओं के खातों में वापस कराए गए. प्रतिबिंब ऐप पर भी 83 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 474 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. साथ ही 769 सिम कार्ड और 634 मोबाइल फोन जब्त किए गए.

**पुलिस कल्याण और कार्मिक प्रबंधनः** पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं. झारखंड पुलिस सहाय्य एवं कल्याण कोष से 622 लाभार्थियों को 1.67 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया.

अनुकंपा समिति की बैठकों में कुल 108 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी गई. इसके अलावा 64 पुलिस निरीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर और 9 सहायक अवर निरीक्षकों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई.

**खेल के क्षेत्र में भी झारखंड पुलिस ने हासिल की उपलब्धियांः** झारखंड पुलिस ने खेल के क्षेत्र में भी उपलब्धियां हासिल की है. रांची में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड पुलिस ने एक स्वर्ण और चार रजत सहित कुल पांच पदक प्राप्त किए. कोच्चि, केरल में आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड पुलिस ने टेबल टेनिस में 5 कांस्य पदक जीते. इसके अलावा 38वें नेशनल गेम्स, जो उत्तराखंड में आयोजित किया गया था, में झारखंड पुलिस ने दो स्वर्ण, एक रजत और 1 कांस्य पदक हासिल किए.



### संगठित अपराध व आतंकी संगठनों पर एटीएस की कार्रवाई

झारखंड पुलिस ने संगठित अपराध पर अंकुश लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. जनवरी से जून 2025 तक संगठित अपराध से संबंधित 4 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 12 संगठित गिरोहों के अपराधियों की गिरफ्तार हुई. इनके पास से 4 हथियार, 21 गोलियां, 23 मोबाइल फोन और एक चारपहिया वाहन बरामद हुए. इसके अलावा 26 अप्रैल को एटीएस ने धनबाद में प्रतिबंधित हिज्ब उत–तहरीर के पांच सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया. उनके पास से दो हथियार, 12 गोलियां, पांच लैपटॉप, तीन पेन ड्राइव, आठ मोबाइल फोन और प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के साहित्य बरामद किए गए.

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए 17 नक्सली

पुलिस ने झारखंड के अलग–अलग जिलों में हुई मुठभेड़ों में 17 नक्सलियों को मार गिराया है. इनमें कुछ प्रमुख नाम शामिल हैं.

- एक करोड़ का इनामी : विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, अरविंद यादव उर्फ अशोक
- 10 लाख का इनामी : साहेब राम मांझी और पप्पू लोहरा
- पांच लाख का इनामी : मनीष यादव, सुदेश गंझू, हेमंती मझियान, शांति देवी, राहुल तुरी के अलावा सात अन्य नक्सली शामिल हैं.

### नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई

जनवरी से मई 2025 तक नशा कारोबार के खिलाफ 389 मामले दर्ज किए गए और 393 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया. इस दौरान 553.856 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 2.76 करोड़ रुपये), 66.566 कि.ग्रा. अफीम (अनुमानित कीमत 3.32 करोड़ रुपये), 2.49 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर (अनुमानित कीमत 24.90 लाख रुपये), 9950.94 कि.ग्रा. डोडा (अनुमानित कीमत 14.92 करोड़ रुपये) और 7925 टैबलेट नशे की गोलियां (अनुमानित कीमत 31.70 लाख रुपये) बरामद किए गए.

# दिल्ली से लौटते ही कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने खोला अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा

शुभम संदेश। रांची



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ हुई बैठक से लौटते ही खिजरी के कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. राज्य सरकार की प्राथमिकता में डेवलप हो रही स्मार्ट सिटी पर सवाल खड़ा कर दिया है. उन्होंने स्मार्ट सिटी की जमीन के म्युटेशन को लेकर नामकुम के अंचलाधिकारी को हड़काया. म्युटेशन नहीं करने की चेतावनी भी दी. राजेश कच्छप ने कहा कि नामकुम सीओ स्मार्ट सिटी की जिस जमीन के म्युटेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहे हैं, उस जमीन का एचईसी पास डीड ही नहीं है. फिर भला जिस जमीन का डीड ही नहीं है, उसका कैसे म्युटेशन किया जा सकता है. उन्होंने नामकुम अंचल कार्यालय में अपना विरोध जताते हुए सीओ के ऊपर म्युटेशन के कागजात भी गुस्से में फेंक डाला. वहीं नामकुम सीओ का कहना है कि वह मुख्य सचिव के निर्देश पर स्मार्ट सिटी की जमीन के म्युटेशन की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं. इसमें उनकी कोई गलती या इंटरेस्ट नहीं है.

हालांकि राजेश कच्छप ने यह भी कहा कि रैयतों की जमीन दिए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है. लेकिन जिन रैयतों की जमीन गयी है, उन्हें भी स्मार्ट सिटी में एडजस्ट किया जाना चाहिए. मालूम हो कि प्रोजेक्ट भवन मुख्य सचिवालय के बगल में डेवलप हो रही स्मार्ट सिटी नामकुम अंचल के अधीन आता है. यह खिजरी विधानसभा क्षेत्र के भी अधीन है. खिजरी से ही राजेश कच्छप विधायक हैं. लेकिन दिलचस्प यह कि स्मार्ट सिटी को डेवलप करना वर्तमान राज्य सरकार की प्राथमिकता में है. इसी परिसर में राज्य के 11 मंत्रियों के लिए बंगलों का निर्माण कराया गया है. राज्य सरकार ने कई संस्थानों को भी स्मार्ट सिटी में जमीन आवंटित किया है, जिस पर बड़े बड़े भवनों का निर्माण जारी है. दिलचस्प यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय से ही रांची स्मार्ट सिटी के विकास की प्रक्रिया जारी है. लेकिन उस समय खिजरी क्षेत्र के नेता होने के बाद भी उन्होंने इसका विरोध नहीं किया था. अब उनके आक्रामक विरोध को लेकर राजनीतिक क्षेत्र में कई तरह की चर्चा भी शुरू हो गयी है. मालूम हो कि इससे पहले कांग्रेस के पूर्व मंत्री व विधायक बंधु तिर्की ने भी अपनी सरकार की बड़ी योजना रिम्स टू के निर्माण का विरोध किया था. उन्होंने कांके अंचल के नगड़ी मौजा की रैयती जमीन पर रिम्स टू के निर्माण पर गंभीर आपत्ति जतायी थी.

### एचईसी के लिए लगभग 7000 एकड़ जमीन अधिग्रहित हुई थी



देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कार्यकाल में एचईसी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई थी. इसके लिए 1957 से 1971 के बीच लगभग 7000 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था. अधिग्रहित जमीन पर भारी उद्योग मंत्रालय का स्वामित्व है. अधिग्रहित जमीन से संबंधित कई दस्तावेजों के गायब और फटे होने के पहले से आरोप है. इस जमीन में कुछ सौ एकड़ जमीन को एचईसी ने झारखंड सरकार को हस्तांतरित किया है. इसके एवज में झारखंड सरकार ने एचईसी को भारी रकम की अदायगी की है.

# गिरिडीह के पूर्व विधायक रहे ओमी लाल आजाद का निधन, राज्य में शोक की लहर

शुभम संदेश। रांची

गिरिडीह क्षेत्र से पूर्व विधायक और वामपंथी राजनीति के वरिष्ठ नेता ओमी लाल आज़ाद का शुक्रवार को निधन हो गया. वे बीते कई दिनों से बीमार चल रहे थे और जमशेदपुर के एक निजी अस्पताल में इलाजरत थे, वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली.

उनके निधन की खबर से गिरिडीह समेत पूरे झारखंड में शोक की लहर फैल गई. राजनीतिक, सामाजिक और बौद्धिक जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है. आज़ाद का कार्यकाल वर्ष 1985 से 1990 तक रहा. वे उस दौर में बिहार विधानसभा में गिरिडीह का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जब झारखंड राज्य का गठन नहीं हुआ था. वह अपने सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी और जनसेवा के लिए वे आम जनता के बीच खासे लोकप्रिय थे.उनकी राजनीतिक और सामाजिक सेवा को देखते हुए वर्ष 2013 में झारखंड विधानसभा की 13वीं वर्षगांठ के अवसर पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया था. बता दें कि आज़ाद ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वामपंथी आंदोलनों से की थी. उनका पूरा जीवन मजदूरों, किसानों, माईका श्रमिकों और दबे-कुचले वर्ग के हक के लिए समर्पित रहा. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और श्रमिक कल्याण जैसे मुद्दों पर लगातार पहल की. भाकपा माले गिरिडीह जिला कमिटी ने वरिष्ठ नेता ओमी लाल आज़ाद के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है.



### नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल के ट्वीट का मंत्री इरफान अंसारी ने दिया करारा जवाब, कहा

# राजनीति के लिए इंसानियत का गला न घोंटिए

शुभम संदेश। रांची

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर आमने-सामने दिख रहे हैं. दरअसल बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधा था. स्वास्थ्य मंत्री ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, मानवता का मोल समझिए, मरांडी जी, राजनीति के लिए इंसानियत का गला न घोंटिए!

उन्होंने कहा, मरांडी जी, आपसे आग्रह है कि इतनी ओछी और निम्न स्तर की राजनीति करना बंद करें. जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां आपकी पार्टी की गाड़ियां और कार्यकर्ता घटनास्थल से गुज़रे, लेकिन किसी ने एक पल को भी रुक कर पीड़ित की मदद करना जरूरी नहीं समझा. क्या यही है भाजपा की संवेदनशीलता और इंसानियत? जहां एंबुलेंस को पहुंचने में कम से कम 25 मिनट लगते, वहां मैंने तत्काल नज़दीक खड़े एक ऑटो को बुलाया, जब वह खराब निकला, तो अपनी निजी गाड़ी से उस घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया, उसका इलाज कराया. आज वह व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ है, और उसके परिजन मुझे दुआएं दे रहे हैं. लेकिन आपको ये सब नज़र नहीं आया, क्योंकि आपकी नज़र सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक लाभ पर टिकी है – न कि इंसानी जान पर. आप और आपकी बीजेपी अगर मदद नहीं कर सकते, तो कम से कम जान बचाने वालों पर घटिया टिप्पणी करना तो बंद करें. इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है- और उस पर राजनीति करना सबसे बड़ा पाप. आपको चाहिए था कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में हम जो दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, उसकी सराहना करते - न कि मानवता के कार्यों को भी राजनीति की कीचड़ में घसीटते. बाबूलाल जी, जिसकी ज़मीर और जिसकी मानवता बिक जाए, वो इंसान नहीं- बिका हुआ सामान कहलाता है. कृपया स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय पर संवेदनशीलता दिखाइए.



### क्या बोले थे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी

बता दें कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलास मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा कि सड़क पर घायल व्यक्ति के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने के बजाय स्वास्थ्य मंत्री ने उसे टेम्पो में लादकर अस्पताल भेजा. इससे अधिक शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है? उन्होंने कहा कि एयर एम्बुलेंस का ढोल पीटने वाली सरकार हकीकत में केवल फर्ज़ी विज्ञापनों से अपनी वाहवाही लूटने में लगी है. झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी जर्जर हो चुकी है कि खुद मंत्री और मुख्यमंत्री भी अपने या अपने परिजनों का इलाज राज्य के अस्पतालों में करवाने का साहस नहीं कर पाते! दरअसल नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो रिशेयर किया है. उस वीडियो में देखा जा रहा है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एक घायल व्यक्ति को इ–रिक्सा में बैठा कर अस्पताल भेज रहे हैं.

### मुलाकात : अजय राय ने की बिना निविदा खरीदी गई 40 गाड़ियों की जांच की मांग

# झारखंड में अनस्किल्ड वर्करों के भविष्य पर सवाल

शुभम संदेश। रांची

झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में कर्मचारियों की समस्याएं और हालिया गड़बड़ियों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सख्त रुख अपनाया है. संघ के अध्यक्ष अजय राय ने निगम के महाप्रबंधक (एच.आर.) सुनील दत्त खाखा से मुलाकात कर कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. बैठक का मुख्य उद्देश्य निगम और संगठन के बीच संवाद को मजबूत करना और फील्ड में कार्यरत अनस्किल्ड वर्करों की जमीनी समस्याओं को उजागर करना रहा.

**बिना टेंडर 40 गाड़ियों की आपूर्ति पर सवालः** बैठक के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा रहा- बिना किसी वैध टेंडर प्रक्रिया के 40 गाड़ियों की आपूर्ति. अजय राय ने इसे एक गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की. उन्होंने कहा, इस तरह की प्रक्रियाएं पारदर्शिता और जवाबदेही को ठेस पहुंचाती हैं और सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका को बढ़ाती हैं.

**भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांगः** संघ ने आगामी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की मांग की है. अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि पहले से कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाए ताकि उनके अनुभव और सेवा को उचित सम्मान मिल सके.

**जीएम ने दिया आश्वासनः** निगम के जीएम (एच.आर) सुनील दत्त खाखा ने अजय राय द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और उचित मंच पर इन समस्याओं को उठाने और समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया. बैठक के दौरान अजय राय के साथ श्रमिक संघ के सदस्य मुकेश साहू भी उपस्थित थे.



**ड्राइवरों को नहीं मिला 4 माह से वेतन :** इन गाड़ियों के साथ काम कर रहे ड्राइवरों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है. अजय राय ने इसे न केवल श्रमिक अधिकारों का उल्लंघन बताया, बल्कि यह भी कहा कि इससे सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट में आ गए हैं. उन्होंने वेतन भुगतान की मांग को लेकर निगम से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा जताई.

**अनस्किल्ड वर्करों की हालत गंभीर :** बैठक में अनस्किल्ड फील्ड वर्करों की हालत पर भी गंभीर विमर्श हुआ. राय ने कहा कि ये कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के जोखिम भरे माहौल में काम कर रहे हैं. साथ ही उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग को दोहराते हुए कहा कि अलग–अलग वेतनमान से कार्यस्थल पर असंतोष बढ़ता है.

### राज्य में हो रहा अवैध बालू खनन, विधायक अमित महतो ने की छापेमारी

# कई गाड़ियों को किया पुलिस के हवाले

शुभम संदेश। रांची

सिल्ली से जेएमएम के विधायक अमित महतो गुरुवार देर रात से आंदोलन पर हैं. सिल्ली विधानसभा के राहे थानाक्षेत्र के बालूघाट पर वो अपने दलबल के साथ अवैध बालू खनन का आरोप लगाकर वो घाट पर ही बैठ गये हैं. जब पुलिसकर्मी उन्हें समझाने पहुंचे तो उन्होंने स्थानीय पुलिसकर्मी और प्रशासन के मिली भगत का आरोप लगाते हुए आग बबूला हो गये. विधायक को गुस्सा होता देख पुलिस ने उन्हें आश्वस्त किया कि बालू तस्करों पर कार्रवाई होगी. विधायक के लोगों ने एक हाइवा और 8 से 10 ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. अब पुलिस स्थानीय सीओ का इंतजार कर रही है ताकि इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज किया जा सके. जानकारी के मुताबिक एक हाईवा,एक टर्बो, एक बालू लदा ट्रैक्टर, एक खाली ट्रैक्टर,चार ट्रैक्टर जे एस बी मेटल, एक जेसीबी मशीन जब्त किया गया है.

इस दौरान विधायक अमित महतो ने कहा कि बीते रात को सूचना मिली की अवैध तरीके से बालू का उठाव हो रहा है. जिसके बाद हम पहुंचे. 8 से 9 गाड़ियों को पकड़ा गया है. कुछ गाड़ियों को थाना पहुंचाया गया. बालू माफिया का मनोबल बढ़ गया है. वो मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं. आप सबको पता होगा कि एनजीटी का आदेश है कि 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव नहीं होना है. इसके बावजूद भी ये मनमानी कर रहे हैं. माफिया पर कैसे शिकंजा कसा जाए इसके लिए हम तत्पर हैं. कार्रवाई होगी.







आने वाली फिल्म में भूतनी का किरदार निभाएंगी करीना


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शनिवार 19 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष नवमी, संवत 2082





पेज 07

एक्सक्लूसिव

### दरिदा मौजा अंतर्गत ढुल्लू महतो के कब्जे वाली जमीन का मामला

# डीसी ने बाघमारा सीओ को दिया अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

■ पूर्व से चल रहे अतिक्रमण वाद की रिपोर्ट तलब

अमित सिन्हा

**धनबाद** । दरिदा मौजा अंतर्गत कथित तौर पर ढुल्लू महतो द्वारा कब्जे वाली जमीन में धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है. शुभम संदेश अखबार में बाघमारा अंचल के दरीदा मौजा में सरकारी और रैयती जमीन पर अतिक्रमण से संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद धनबाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू की है. उपायुक्त आदित्य रंजन ने बाघमारा अंचल अधिकारी को सरकारी गैरआबाद जमीन, सर्वसाधारण जमीन, आम रास्ता, आम रैयती जमीन और सीएनटी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. साथ ही डीसी ने पहले गठित जाँच समिति द्वारा किए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान की रिपोर्ट भी तलब की है. अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बताया कि डीसी के निर्देश पर बाघमारा सीओ को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है.

## विधानसभा के मानसून सत्र में उठाएंगे मामला : सरयू राय

■ अतिक्रमण मुक्त नहीं हुई जमीन तो जिला प्रशासन के खिलाफ करेंगे अवमानना का केस

बाघमारा के तिलका मांझी स्मारक समिति की ओर से सरयू राय पर लगाए गए आरोप के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर ढुलू महतो को दरिदा मौजा की जमीन से कोई मतलब नहीं है तो उसकी चारदीवारी गिरा दें. उनपर जमीन कब्जा करने के आरोप पर उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले कुछ भी लगा सकते हैं. दो दिन पहले दरिदा मौजा के ग्रामीण उनसे मिलने गए थे. ग्रामीणों के आग्रह पर उन्होंने कहा कि विधानसभा के मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे. अगर इसके बाद भी ग्रामीणों की जमीन खाली नहीं कराई जाती है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर मामले से अवगत कराएंगे. साथ ही सरयू राय ने कहा कि इसके बावजूद अगर धनबाद जिला प्रशासन अतिक्रमण की जमीन को खाली कराने में नाकाम रहतीहै तो जिला प्रशासन के खिलाफ अवमानना का केस करेंगे. सरयू राय ने कहा कि दरिदा मौजा के रैयतों को उन्होंने उनकी जमीन मुक्त करा कर देने का वायदा किया है, जिसे हर हाल में पूरा करेंगे.

बाघमारा अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है. पूर्व से चल रहे अतिक्रमण वाद की भी रिपोर्ट मांगी गई है.

**विनोद कुमार, अपर समाहर्ता**

बाघमारा के अंचल अधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण वाद चल रहा है. जिसकी रिपोर्ट मुख्यालय से मांगी गई है. अतिक्रमण के खिलाफ उचित कार्रवाई का निर्देश मिला है.

**बाल किशोर महतो, सीओ बाघमारा**

### बाबा तिलका मांझी सेवा समिति

### सांसद ढुल्लू का जमीन लेना-देना नहीं, सरयू राय हड़पना चाहते हैं जमीन : किशोर किस्कू

**बरोरा** । झारखण्ड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने धनबाद उपायुक्त को बाघमारा अंचल के दरीदा मौजा सिंदवार टांड के विवादित चहारदीवारी सरकारी गैरआबाद जमीन,आम रास्ता,रैयती जमीन और सीएन टी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने और अतिकर्मकारिओं के खिलाफ कारवाई करने का निर्देश दिया है. इसके बाद शुक्रवार को उक्त चारदिवारी बाउंड्री वाल के अंदर बाबा तिलका मांझी सेवा स्मारक समिति ने प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक सरयू राय एवं जमीन माफियाओं पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया. आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के संरक्षक किशोर किस्कू ने कहा कि विधायक सरयू राय स्थानीय भूमाफियाओं के साथ मिलकर सभी रैयतों की जमीन को हड़पने का प्रयास कर रहे हैं. लोगों ने आरोप लगाया है कि सरयू राय अपनी राजनीतिक लड़ाई में धनबाद के सांसद ढुलू महतो को बदनाम करने के लिए इस मुद्दे का सहारा ले रहे हैं, जबकि सांसद ढुल्लू महतो का इस जमीन से कोई लेना-देना नहीं है. यह जमीन बाबा तिलका मांझी सेवा स्मारक समिति, दरदा के लिए समर्पित की गई थी, जिसके लिए समिति के संरक्षक किशोर किस्कू के नाम एकरारनामा भी किया गया है.

(शेष पेज-11 पर)

### सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ एपिल, डॉ पीपी पांडेय |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | - | डॉ स्नेहा केशरी |
| शिशु रोग | - | डॉ राजेन्द्र कुमार |
| मनोरोग | - | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ सुरभी |
| फिजियोथेरेपी | - | डॉ दीपाली राय |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ राकेश रंजन |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ निलम बाला |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मासूम आलम |

## ब्रीफ खबरें

### ठनका गिरने से तीन महिला समेत चार की मौत, तीन घायल

**जमुआ/तिसरी/दुमका** । शुक्रवार को भारी बारिश के साथ हुए वज्रपात से जमुआ थाना क्षेत्र के मंगलो गाँव में धान रोपनी कर रही जमुआ के श्याम सिंह नावाडीह के मंसूर अंसारी की पत्नी बिलवा खातून (40 वर्षीय) की वज्रपात से मौत हो गई. उनके साथ धान रोपनी कर रही गाँव की एक 14 वर्षीय लड़की सुहाना खातून भी झुलस गई. इसी दौरान, रेम्बा की प्रेम कुमार मंडल की पत्नी की भी वज्रपात से मौत हो गई. वहीं, मनोज कुमार मंडल की पत्नी लखारी देवी झुलस गईं, जिन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र जमुआ लाया गया. तिसरी प्रखंड अंतर्गत गड़कुरा पंचायत के कठकोको गांव में वज्रपात से 38 वर्षीय रमेश टुडू की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बेहोश हो गए. यह घटना तब हुई जब गाँव में पंचायती चल रही थी. दुमका के सरैयाहाट के थानेदारी गांव में धनरोपनी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रही थानेदारी गांव निवासी ऊषा देवी (20) की मौत हो गई. जबकि बबीता देवी घायल हो गई.

### मुख्य सचिव ने की रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान की समीक्षा

**धनबाद** । झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान की समीक्षा की. समीक्षा के दौरान उन्होंने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) तथा जिला प्रशासन से बेलगड़िया में की जा रही विविध गतिविधियों की विगतवार जानकारी प्राप्त की. समीक्षा के बाद मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार ने भू-धंसान व अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान विकसित किया है.इसमें उनका सही तरीके से पुनर्वास, रोजगार, कौशल विकास, व्यवसाय के लिए वित्त प्रबंधन, बेलगड़िया टाउनशिप में पोस्ट ऑफिस, बैंक, एटीएम, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, रोड कनेक्टिविटी, स्ट्रीट लाइट, यातायात व्यवस्था, टाउनशिप की साफ सफाई, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने का उद्देश्य है.

### नाइजर में गोमिया के युवक की गोली लगने से मौत

**बोकारो** । बोकारो जिला अंतर्गत जगीश्वर बिहार थाना क्षेत्र के तिलैया पंचायत स्थित कारिपानी गांव निवासी 39 वर्षीय गणेश करमाली की नाइजर (अफ्रीका) में गोली लगने से मौत हो गई. यह घटना मंगलवार दोपहर उस वक्त हुई जब अज्ञात हमलावरों ने वहाँ स्थित ट्रांसमिशन लाइन साइट पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी. इस हमले में गणेश करमाली को गोली लगी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मृतक के जीजा प्रेमलाल करमाली ने नाइजर से गणेश की पत्नी यशोदा देवी को दी. यह खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे घर में कोहराम मच गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, गणेश करमाली डेढ़ वर्ष पहले अपने जीजा प्रेमलाल करमाली के साथ नाइजर में ट्रांसमिशन लाइन के कार्य के लिए गया था. वहीं काम के दौरान यह दर्दनाक घटना घटी. मृतक अपने पीछे पत्नी यशोदा देवी के अलावा दो बेटियों और एक बेटे को छोड़ गए हैं. अचानक बच्चों के सिर से पिता का साया उठने से उनकी स्थिति बेहद खराब है.

### पश्चिम बंगाल में ममता सरकार पर बरसे पीएम मोदी, कहा

# टीएमसी जाएगी, तभी आएगा असली परिवर्तन

## दुर्गापुर में 5400 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट का उद्घाटन

■ 2047 तक 'विकसित भारत' : प्रधानमंत्री मोदी

■ 5400 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

शुभम संदेश। दुर्गापुर

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में पीएम मोदी ने 5400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल को दो नए रेलवे ओवरब्रिज भी समर्पित किए हैं।
पीएम मोदी शुक्रवार को बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे.पीएम मोदी ने बिहार के मोतिहारी जिले में 7200 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. इसके अलावा मोदी ने दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का भी उद्घाटन किया. वहीं बिहार को चार अमृत भारत ट्रेनों की सौगात भी मिली. इसके अलावा पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में पीएम मोदी ने 5000 से ज्यादा करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. इसमें तेल और गैस, बिजली, सड़क और रेल जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं.

### 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प

पीएम मोदी ने कहा, 'आज दुर्गापुर और रघुनाथपुर के कारखानों को नई तकनीक से लैस किया जा रहा है. इनमें 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है. मैं इन परियोजनाओं के पूरा होने पर पश्चिम बंगाल के लोगों को बधाई देता हूं. हम 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं.

## पीएम बोले- दुनियाभर में भारत की हो रही वाहवाही




### गैस कनेक्टिविटी पर हुआ बहुत काम

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में गैस कनेक्टिविटी पर बहुत काम हुआ है. पिछले एक दशक में हर घर तक एनपीजी पहुंची है. दुनिया ने इसकी सराहना की है. हमने वन नेशन, वन गैस विजन पर काम किया और प्रधानमंत्री ऊर्जा योजना बनाई. इसके तहत पश्चिम बंगाल सहित, भारत के छह पूर्वी राज्यों में पाइपलाइन बिछाई जा रही है.

### भारत को बनाना है विकसित देश

पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश में हम एक ही लक्ष्य से एकजुट हैं। भारत को एक विकसित देश बनाना है. हमारा मिशन विकास के माध्यम से सशक्तिकरण, रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता और सुशासन के माध्यम से करुणा के सिद्धांतों पर आधारित है.

### बंगाल को दो नए रेलवे ओवरब्रिज समर्पित किए गए

दुर्गापुर में पीएम मोदी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया गया है. पश्चिम बंगाल देश के उन राज्यों में से एक है. जहां वंदे भारत ट्रेनें बड़ी संख्या में चलाई जा रही हैं. कोलकाता मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है. रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। आज पश्चिम बंगाल को दो नए रेलवे ओवरब्रिज समर्पित किए गए हैं'

### भारत की श्रमशक्ति का भी एक बड़ा केंद्र है दुर्गापुर

**दुर्गापुर आए पीएम ने दी पश्चिम बंगाल को दो नए रेलवे ओवरब्रिज की सौगात**

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा दुर्गापुर, स्टील सिटी होने के साथ ही भारत की श्रमशक्ति का भी एक बड़ा केंद्र है. भारत के विकास में दुर्गापुर की बहुत बड़ी भूमिका है, और आज इसी भूमिका को मजबूत करने का हमें अवसर मिला है. थोड़ी देर पहले यहां 5,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है. ये सभी परियोजनाएं यहां की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी और गैस-आधारित परिवहन तथा अर्थव्यवस्था को बल देंगी. इससे पूर्व काजी नजरुल इस्लाम हवाई अड्डे अंडाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान उतर गया है. पीएम मोदी अंडाल हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से लगभग 16 किलोमीटर दूर दुर्गापुर के नेहरू स्टेडियम में पहुंचें। जहां हाजरों की भीड़ उनके स्वागत में जुटी थी.

## जमीन हथियाने में बड़ी मां की कुल्हाड़ी से हत्या

शुभम संदेश। टुंडी

■ सिमोती देवी के पति की हो चुकी है मौत, उनकी जमीन को हथियाना चाहता था आरोपी

■ पुलिस ने आरोपी को दबोचा, वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद

पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र से लगभग पांच किलोमीटर दूरी स्थित चिनापहाड़ी गांव में जमीन हथियाने के लिए अपने ही बड़ी मां को बेटे ने कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी. जब तक मां मरी नहीं तब-तक उसे कुल्हाड़ी से प्रहार किया. इस सनसनीखेज मामले की सूचना मिलने पर मनियाडीह पुलिस पहुंची व लाश को अपने कब्जे में कर आरोपी को जेल भेज दिया.
मनियाडीह थाना क्षेत्र के चिनापहाड़ी गांव बनकट्टी टोला निवासी राजेश कोल (21वर्ष) ने महज डेढ़ सौ मन धान खेत कब्जाने के लिए स्व. पिलचु टुडू की पत्नी सिमोती देवी (78 वर्ष) की हत्या कुल्हाड़ी से मार कर दी. बताया जाता कि गुरुवार देर शाम उसने शराब का सेवन कर घर से कुल्हाड़ी लेकर आया तथा घर में बैठी सिमोती देवी को पहले जमीन अपने नाम लिखने को कहा, तब सिमोती देवी ने कहा कि अभी जो मेरा मरने के समय सेवा करेगा उसी को जमीन लिख दूंगी, इस बात पर वह भड़क गया व उत्तेजित होकर पीछे से लगातार वार करता रहा. बाद में हत्या की साक्ष्य मिटाने के लिए घटनास्थल पर पड़े खून के धब्बों को मिटाने के लिए पूरी कोशिश की. हालांकि गांव के किसी व्यक्ति ने उसे देख लिया, इस कारण उसका भंडा फूट गया.

## 4000 रुपये के लिए कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

शुभम संदेश। बरवाअड्डा

■ ननबैंकिंग कंपनी में जमा कराने पर जान दे चुकाई कीमत

■ बरवाअड्डा के बिराजपुर की घटना, पूर्व में हो चुकी है थाने-पुलिस

■ कुल्हाड़ी और डंडे से जमा करने वाले ने पीटा, इलाज के दौरान मौत

महज चार हजार रुपये के लिए बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बिराजपुर पंचायत में अशोक कुमार मंडल ने मजदूर कामेश्वर मंडल को लाठी और कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी. कामेश्वर मंडल सपनपुर तुरी टोला निवासी अशोक मंडल से लगभग 10 साल पूर्व नन बैंकिंग में 8000 रुपय जमा करवाये थे. कुछ दिन बाद नन बैंकिंग कंपनी के भाग जाने के बाद अशोक मंडल, कामेश्वर मंडल पर नन बैंकिंग में जमा किया गया पैसा वापस करने का दबाव बनाने लगा. मामला बड़वाअड्डा थाना तक पहुंचा. थाने में कामेश्वर मंडल ने अशोक मंडल को चार हजार रूपए दिए, और बाकी चार हजार धीरे-धीरे देने की बात पर सहमति बनी. कुछ दिन के बाद अशोक मंडल पुनः बकाया पैसे के लिए दबाव डालने लगा. शुक्रवार अहले सुबह अशोक मंडल कामेश्वर मंडल को खोजने उसके घर पहुंचा था. घरवालों ने बताया कि अभी सो रहे हैं. सात बजे सुबह कामेश्वर मंडल एक चादर और टिफिन में खाना लेकर दैनिक मजदूरी के लिए घर से निकले थे. अशोक मंडल पहले से दामुमुंडा पहाड़ी के पास घात लगाकर बैठा था. कामेश्वर के यहां पहुंचने पर अशोक मंडल उस पर कुल्हाड़ी, लाठी से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया. लहुलुहान अवस्था में कामेश्वर वहीं गिर गया. स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गयी.

# बारामुरी में निगम के 320 फ्लैट में गृह प्रवेश

शुभम संदेश। धनबाद

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक के अंतर्गत बारामुरी आवासीय परियोजना में निर्मित 320 आवासों का उद्घाटन सह गृह प्रवेश कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित की गई. उक्त कार्यक्रम में मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, सांसद, धनबाद के सभी विधायक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए. कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बारामुरी पहुंच कर आवासों का उद्घाटन किया. इसके बाद टाऊन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में लाभुकों के बीच आवासों की चाबी का वितरण किया गया. इस मौके पर मंत्री के साथ गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह, नगर आयुक्त रविराज शर्मा सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. आवास के लाभुकों को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि नगर निगम की कोशिश से 320 लोगों के सपनों का आशियाना साकार हुआ है. इसके लिए उन्होंने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए निगम को भी बधाई दी. आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार लोगों के हितों को ध्यान रखकर योजनाएं बनाए. केंद्र सरकार और राज्य सरकार और नगर निगम की कोशिश से आवास की योजना पूरी हुई है. आगे 4000 नए आवासों का प्रस्ताव पारित किया गया है. जिसे ऐसे स्थान पर बनाया जाए, जहां जाना लोगों के लिए सुलभ हो.

### नगर विकास मंत्री ने लाभुकों को सौंपी चाभी



### 19 करोड़ 64 लाख की राशि से बने 320 फ्लैटः नगर आयुक्त

नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने योजना की जानकारी देतें हुए कहा कि 320 फ्लैट के निर्माण में 19 करोड़ 64 लाख 80 हजार रुपए लगे हैं. जिसमें प्रति आवास 6 लाख 14 हजार की राशि खर्च हुई. जिसमें प्रति फ्लैट केंद्र का अंश 1 लाख 50 हजार एवं राज्य का अंश एक लाख रुपए है. जबकि लाभुक का अंश 3 लाख 64 हजार रुपए है. 320 लाभुकों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया था. 320 में से 148 लोगों ने बैंक से लोन लिया है जबकि शेष ने अपनी रकम लगाई है.

### अधर में लटकी 38 सड़कों को लेकर सीएम से मिलेंगे

विधायक राज सिन्हा ने मंत्री से अनुरोध किया कि एसीबी जांच में फंसी 38 सड़कों का बुरा हाल है, जिसे एसीबी से एनओसी लेकर जल्द बनवाया जाए. जिसपर मंत्री ने कहा कि जल्द ही वह इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे और जल्द ही एसीबी से एनओसी लेकर कार्य शुरू कराने का प्रयास करेंगे. इसके साथ ही उन्होंने गया पुल अंडर पास के प्रस्ताव के पास होने की उपलब्धि को भी गिनाया. कार्यक्रम में शामिल गिरिडीह सांसद एवं विधायकों ने सभी 320 लाभुकों को बधाई दी. चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि शहर के बीचों बीच बारामुरी में बने आवास के कार्य को जिस प्रकार निगम ने पूरा किया है,उसी तरह इसका मेंटेनेंस भी उचित दंगे करे.

(शेष पेज-11 पर)

### जयराम महतो ने दाखिल किया डिस्चार्ज का आवेदन

**धनबाद** । डुमरी विधायक सह झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में उपस्थित हुए और डिस्चार्ज का आवेदन दाखिल किया. अदालत ने आवेदन पर सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित कर दी है. जयराम महतो के खिलाफ बोकारो जिला के सियालजोड़ी थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई थी. यह मामला वेदांत फ्लैट के मजदूर के आंदोलन से जुड़ा है. बताया गया कि 27 नवंबर 2023 को प्लांट में मजदूरों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है. इससे पूर्व यह मामला बोकारो सिविल कोर्ट के जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत में चल रहा था. वहां से यह मामला एमपी एमएलए के विशेष अदालत में सुनवाई के लिए भेज दिया गया.

▼ ब्रीफ खबरें

### धकोकंस की कुसुंडा एरिया में बैठक

**केंदुआ।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने कोल इंडिया की कर्मचारियों के प्रति विभेदकारी नीतियों पर विरोध जताया है.संगठन की इस मुद्दे पर कुसुंडा एरिया के गोधर में बैठक हुई. डीसीकेएस के मंत्री कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि कोल इंडिया के अफसरों को लैपटॉप और मोबाइल की सुविधाएं दी गई है तो मजदूरों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए. संघ कोल इंडिया की नीति पर विरोध जताती है क्योंकि अब मजदूरों में चेतना और स्किल का विकास हो रहा है. इससे सभी मजदूर जागरूकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे है. जो कंपनी को अधिक उत्पादन में भागीदार बन कोल इंडिया को और मजबूत बना सकते है.बैठक में सत्यनारायण यादव,सतेंद्र ढागीं, महेंद्र तिवारी,हरिलाल,पप्पू धोबी,राजू पासवान आदि मौजूद थे.

### तोपचांची के गोमो रोड में कचरे का अम्बार

**गोमो।** तोपचांची बाजार के गोमो रोड पर झमाडा के विवाह मंडप सामने मुख्य सड़क पर कचड़ों का का अंबार लगा हुआ है. इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं. गंदगी की ढेर स्वच्छता अभियान को चिढा रही है तो वहीं दूसरी ओर पास-पड़ोस के लोगों का जीना दुष्कर हो गया है. वर्षा से बह कर गंदगी सडक पर फेल रही है. कचड़े ने आधी सड़क को ढक लिया हैं. स्थानीय जन प्रतिनिधि बड़ी- बड़ी डिंगें हांकते है, रात दिन उसी रास्ते से गुजरते हैं, परन्तु मुख्य सडक की गन्दगी पर आंखे बन्द कर ली हैं.

आजसू नेता सदानन्द महतो ने बताया कि पंचायत के ग्रामीणों ने बीडीओ और सीओ तोपचांची को लिखित आवेदन कर सफाई की मांग की, परंतु किसी ने संज्ञान नही लिया. गंदगी से डायरिया, मलेरिया, फलेरिया आदि बीमारी फैलने की संभावना बनी हुई है. अविलंब सफाई कराने की जरुरत है.

### जमुआटांड में साइकिल का वितरण

**कतरास ।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमुआटांड में सामान्य वर्ग के 18 छात्र-छात्राओं के बीच ग्राम पंचायत के मुखिया निरंजन गोप ने साइकिल वितरण किया. साइकिल वितरण में प्रधानाचार्य संजय कुमार साव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उर्मिला देवी, शिक्षक जफरुल हसन, राजीव, रामचंद्र आदि द्वारा वितरण किया गया.

### छात्रों की हुई करियर काउंसिलिंग

**चिरकुंडा।** एसजीडी मोडर्न स्कूल चिरकुंडा में 11वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय में इनीशिएशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. प्राचार्य जुबिन बोस,विशिष्टअतिथि आर्यवर्धन अग्रवाल, उप प्राचार्य जॉली दत्ता आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया. प्राचार्य जुबिन बोस ने विभिन्न विषयों पर छात्रों को अपना करियर संवारने की बात बतायी. छात्रों ने भी अपने करियर संबंधी कई सवाल पूछे. बच्चों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. प्राचार्य जुबिन बोस ने छात्रों के सवालों के जवाब देकर उनके भविष्य को मार्गदर्शक दिया.

### बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण कैंप

**पुटकी ।** बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड का तीन दिवसीय कैंप भागाबान्ध के कसियाटांड़ में आयोजित की गई. कैंप में आईजे पब्लिक स्कूल कसियाटांड़ के 63 छात्रों ने भाग लिया. प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर प्रसाद ने झंडोत्तोलन कर शुभरम्भ किया. कैम्प में स्काउट एंड गाइडॉ को ट्रेकिंग,रिले दौड़,एडवेंचर,गैजेट से अवगत कराया गया. वही औषधीय गुणों से संपन्न जड़ी बूटी की जानकारी दी गयी. गाइडों को बिना बर्तन के भोजन बनाने, बैंड, झारखंडी नृत्य, परेड, मार्च पास्ट, टेंट पिचिंग, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली , पर्यावरण संरक्षण , योग का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागाबांध थाना प्रभारी धर्मराज कुमार व विशिष्ट अतिथि रामदेव महतो थे.जिन्होंने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया.आयोजन में स्कूल के डायरेक्टर महेश चंद्र पांडे, प्रधानाध्यापक सिदेश्वर प्रसाद बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षक पप्पू पंडित, रिकी कुमार साव, शैलेश रंजन, मिथलेश कुमार, सुनील कुमार सिंहा, रोशनी प्रवीण, स्कूल के शिक्षक, चंदन दुबे, मित्तलाल गोप, संजय पासवान, नवल प्रकाश झा,पूर्णेन्दु महतो, बिजेंदर कुशवाहा, नेहा सिंहा, नेहा सिंह, लक्ष्मी कुमारी सुनीता देवी, मंजू देवी, सपना कुमारी आदि ने अहम भूमिका निभाई.

# मदनपुर में पुलिस की छापेमारी, भारी मात्रा में नकली लॉटरी टिकट जब्त

## लॉटरी टिकट छापने की मशीन के साथ एक गिरफ्तार, मामला दर्ज करने की तैयारी

**शुभम संदेश। निरसा बाजार**



वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के दिशा निर्देश पर निरसा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में निरसा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने एक टीम बनाकर शुक्रवार की दोपहर निरसा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव में औचक छापेमारी कर मदनपुर निवासी शेख मजरुल को उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया. ज्ञात हो कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी शेख मजरुल अवैध लॉटरी के कारोबार का संचालन कर रहा है. वह अपने घर में ही अवैध नकली लॉटरी छापने की मशीन रखकर कुछ लड़कों के साथ वहां अवैध लॉटरी की छपाई करता है और उसे आसानी से बाजार में अपने कुछ एजेंट के द्वारा बेच रहा है. इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर दोपहर को उसकी आवास पर छापेमारी की और आवास से ही उसे लॉटरी छापने वाली मशीनों के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया. मौके से अवैध लॉटरी भी बरामद हुई तथा उसे छापने के लिए जो सामान पेपर प्रिंटर की जरूरत पड़ती है उसे भी पुलिस ने जप्त किया. छापेमारी के दौरान आसपास के लोग जमा हो गए और पुलिस को काफी मशक्कत कर आरोपी शेख मशरूल को पकड़ कर थाने ले आई और मामला दर्ज कर जेल भेजने की प्रक्रिया कर रही है.

### वरूण चौधरी बने सविमं दुग्दा के प्राचार्य

**महुदा/दुगदा (शुभम संदेश)।** पंडित बागेश्वरी पांडे सरस्वती विद्या मंदिर दुग्दा के नवपद स्थापित प्राचार्य वरुण कुमार चौधरी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया. इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य संतोष कुमार पांडेय, सचिव ऋषिकांत तिवारी ने अंग वस्त्र व श्रीफल देकर प्राचार्य को कुर्सी पर बैठाया. समिति के अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय को स्थायी प्राचार्य मिल गया है. पूर्व प्राचार्य रमाकांत राणा ने अपने कार्यकाल में विद्यालय के विकास और छात्र-छात्राओं की शिक्षण के प्रति काफी गंभीर थे. नए प्राचार्य से प्रति बेहतर शैक्षणिक माहौल की अपेक्षा की गई. इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के पदाधकारियों व सदस्यों ने प्राचार्य के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार पांडेय, जिप प्रतिनिधि कमलेश दशोधि और विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

# स्कूल आने बोला तो छात्र ने कर दी शिक्षक की पिटाई

## घायल शिक्षक बोले- क्या अब छात्र को सुधारना भी गुनाह है ?

**शुभम संदेश। मधुबन**





मधुबन थाना क्षेत्र के नवागढ़ स्थित द्वारिका प्रसाद लाला मेमोरियल आदर्श +2 उच्च विद्यालय में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां संस्कृत शिक्षक मयंक कुमार को एक छात्र ने डांट का बदला लाठियों से मारकर लिया. गुरुवार सुबह विद्यालय के प्रार्थना सभा के समय शिक्षक मयंक कुमार ने छात्र नेपाल रवानी को स्कूल के बाहर घूमते देखा. उन्होंने छात्र को विद्यालय में शामिल होने और शरारत न करने की सलाह दी. शिक्षक की इस डांट से नाराज़ होकर छात्र ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हमला करने की योजना बना डाली. स्कूल की छुट्टी के बाद, जैसे ही मयंक कुमार बाइक से घर लौट रहे थे, नेपाल रवानी और उसके साथी खरखरी पुल के पास घात लगाकर बैठे थे. उन्होंने शिक्षक को रोककर लाठियों से हमला कर दिया. हमले में शिक्षक का हेल्मेट टूट गया और उनके शरीर पर गंभीर चोटें आईं. घायल शिक्षक किसी तरह घर पहुँचे और फिर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम रंजन को घटना की जानकारी दी. विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी छात्र की बदमाशियों के बार में बताया. कहा कि नेपाल रवानी हमेशा कक्षा में अनुशासनहीनता और अशिष्ट व्यवहार करता रहा है. शुक्रवार को जब उसके अभिभावकों को बुलाया गया, तो छात्र ने उनके सामने ही सभी शिक्षकों को धमकाया और सभी के सामने कहा कि हमसे उलझोगे तो किसी को नहीं छोड़ेंगे. घटना की सूचना मिलने पर मधुबन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार स्कूल पहुँचे और पूरी जानकारी ली. उन्होंने बताया कि शिक्षक की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. देर शाम जब पुलिस छात्र को पकड़ने उसके घर पहुँची, तो पता चला कि वह डर के मारे बोकारो अपने मामा के घर चला गया है.

### चलाये अभियान या बचाए जान

बताते चले कि शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाता है. पांच से 18 वर्ष की आयु के किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। शिक्षक घर-घर जाकर बच्चों का सर्वे करेंगे और जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित करेंगे, ताकि उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ा जा सके। अब अगर छात्र को स्कूल आने के लिए कहने पर शिक्षक की जान पर बन आए, तो शिक्षक ड्रॉप आउट अभियान को सफल करे, नौकरी बचाए या फिर अपनी जान.

### निरसा में आरएसएस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न

**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** शुक्रवार को निरसा पंजाबी मिलन सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से गुरु पूजन एवं गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को आरएसएस के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु वह है जो स्वयं पूर्ण होता है और दूसरों को भी पूर्णता का बोध कराता है. उन्होंने कहा कि भगवा ध्वज भारतीय संस्कृति का तपोमय और ज्ञाननिष्ठ प्रतीक है, इसलिए संघ ने स्थापना काल से ही इसे अपना गुरु माना है. व्यक्ति पतित हो सकता है, पर विचार और पावन प्रतीक नहीं. उन्होंने बताया कि आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी और अब यह एक बटवृक्ष बन चुका है. आगामी 2 अक्टूबर को संघ अपने 100 वर्ष पूरे करेगा. इस शताब्दी वर्ष में सभी स्वयंसेवकों को पाँच प्रण अपनाने होंगे. स्व विकास, कुटुंब सुदृढ़ीकरण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक शिष्टाचार. कार्यक्रम में खंड कार्यवाह खगेश ठाकुर, पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, अमरेंद्र मिश्रा, कृष्णनंदन रवानी, मृत्युंजय भदानी, रतन तिवारी, कुणाल राय, गोविंद यादव समेत अनेक स्वयंसेवक एवं गणमान्यजन उपस्थित थे.

### संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय सदस्य जरूरी : हलधर महतो

**शुभम संदेश। महुदा**

चंद्रपुरा में भाकपा माले की एक प्रखण्ड स्तरीय बैठक चन्द्रपुरामें दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. बैठक के मुख्यअतिथि भाकपा माले पोलित ब्योरो सदस्य हलधर महतो और राज्य कमिटी के सदस्य दिलीप तिवारी शामिल हुए. हलधर महतो ने कहा की जन आन्दोलन के लिए सशक्त संगठन का होना जरूरी है. संगठन के लिए सक्रिय साथियों की मजबुत कमिटी होनी चाहिए. समय कम है और काम ज्यादा है.सभी को काम पर लगना होगा. चन्द्रपुरा प्रखण्ड स्तरीय सफल सम्मेलन का आयोजन के लिए एक तदर्थ कमिटी का गठन करने का सुझाव दिया. 21 जुलाई से 28 जुलाई तक अभियान चलाने की बात कही. अन्त में 28 अगस्त को प्रखण्ड सम्मेलन के लिए सर्वसम्मति से ग्यारह सदस्य संचालन समिति का गठन किया गया. समिति में मोहम्मद मोईन, मोहम्मद सईद, वकील अन्सारी, मोति यादव, सरफद्दीन अन्सारी, रमेश महतो, मोहम्मद साहीद, बसन्त केवट,मोहम्मद सलीम, आनन्द महतो, जितन महतो, अंगेश कुमार सिंह शामिल है. संयोजक मोहम्मद मोईन व उप संयोजक मोहम्मद सईद को बनाया गया. मौके पर मोहम्मद सईद अन्सारी, अंगेस कुमार सिंह, बसन्त कुमार केवट, विकास कुमार सिंह, सरफुद्दीन अन्सारी, बिनोद कुमार, मो० सद्दाम जशीम, सब्बा अहमद, माहताब अन्सारी, सचिन बाउरी, मोहम्मद मुस्लीम अन्सारी, आनन्द महतो, जितन महतो, अलाउद्दीन अन्सारी, मोहम्मद फिरोज, अनवर अन्सारी, चुनु पंडित, ब्रिकम पंडित, सहित अन्य उपस्थित रहे .

# पुनर्वास के मुद्दे पर सांसद की प्रबंधन से वार्ता

## पुनर्वास होने तक ब्लास्टिंग बंद रखे प्रबंधन : सांसद चंद्रप्रकाश

**शुभम संदेश। महुदा/दुग्दा**



गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी शुक्रवार को दामोदा कोलियरी कार्यालय पहुंचकर नॉर्थ दामोदा भुईया धौड़ा और चौहान पट्टी के लोगों को पुर्नवास करने को लेकर प्रबंधन से वार्ता की. वार्ता में प्रबंधन की ओर से दामोदर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पीएसके सिन्हा, अपर महाप्रबंधक जीसी मेहता, प्रबंधक विजय कुमार सिंह, बरोरा एरिया कार्मिक प्रबंधक हेमंत कुमार हैना शामिल हुए. सांसद चौधरी ने कहा कि दामोदा भुईया धौड़ा के लोगों को पुनर्वासित करने की बातें रखी. जब तक लोगों का पुनर्वास नहीं किया जाता है तब तक नार्थ दामोदा उत्खनन परियोजना में ब्लास्टिंग बंद रखा जाए. ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के जान माल की क्षति होती है तो इसकी पूरी जवाब जबाबदेही दामोदा कोलियरी प्रबंधन की होगी. प्रबंधन कोलियरी के सफल संचालन के लिए उचित माहौल बनाने की जरूरत है. वार्ता में आजसु पार्टी के केंद्रीय सचिव नवीन कुमार महतो संतोष कुमार महतो, भाजपा नेता चन्द्रशेखर माहथा, आजसु पार्टी चंद्रपुरा प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार दास सौरभ दत्त अजय चौहान विष्णु भैया मुकेश चौहान राजेश चौहान समेत कई लोग शामिल थे. परियोजना पदाधिकारी पीएसके सिन्हा ने कहा कि नार्थ दामोदा भुईया धौड़ा के लोगों को प्रबंधन की ओर से आवास दिया जा रहा है. साथ ही साथ उन लोगों को आवास बनाने के लिए जमीन भी मुहैया कराई जा रही है. अपर महाप्रबंधक जीसी मेहता ने कहा कि छोटी छोटी ब्लास्टिंग की जा रही हैं. अगर किसी के घर पर पत्थर गिरा है तो उन्हें एस्बेस्टस सीट उपलब्ध कराया जाएगा.

## विधायक प्रतिनिधि विवेक हजारी ने कतरास नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

# जनसमस्याओं के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**शुभम संदेश। कतरास**




कतरास नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त को लेकर बाघमारा विधायक प्रतिनिधि विवेक हजारी ने शुक्रवार को सहायक नगर आयुक्त के नाम का ज्ञापन कतरास अंचल कार्यालय में सौंपा. इससे पूर्व समस्यायों को लेकर अंचल कार्यालय के बाहर संकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया. विवेक हजारी ने अपने पत्र में लिखा है कि नगर निगम की लापरवाही और अनदेखी के चलते कतरास क्षेत्र के नागरिकों को हो रही गंभीर समस्याओं का सिलसिलेवार उल्लेख किया गया है. ज्ञापन में कुल छह बिंदुओं के माध्यम से कतरास हटिया की नाली से गंदा जल पास के तालाब में प्रवाहित होने के कारण जल प्रदूषण और स्वास्थ्य संकट, पचगढ़ी बाजार और लिलोरी स्थान पार्क के पास जल-जमाव एवं दुर्गंध, रवानी बस्ती, हजारी बस्ती, लाला टोला, जरलाही बस्ती समेत अन्य बस्तियों में स्ट्रीट लाइट बंद रहने से रात के समय सुरक्षा संकट, तिलाटांड़ में कचरा निपटान की अनियमितता, फॉगिंग वाहन की अनुपलब्धता से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा, और कतरास बाजार एवं पचगढ़ी बाजार में अव्यवस्थित यातायात प्रबंधन जैसी समस्याओं को चिन्हित किया गया है. विवेक हजारी ने साफ शब्दों में कहा कि यह केवल प्रशासनिक उदासीनता नहीं, बल्कि क्षेत्रीय नागरिकों के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों का हनन भी है. उन्होंने निगम अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो जनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे. उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय प्रशासन को सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं बल्कि ज़मीनी हकीकत पर उतरकर ठोस कार्यवाही करनी होगी. वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा ने कहा कि जनता की अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं होगी, भाजपा चरणबद्ध आंदोलन को तैयार है. ज्ञापन की प्रतिलिपि धनबाद नगर निगम आयुक्त एवं झारखंड सरकार के शहरी विकास एवं आवास विभाग के सचिव को भी प्रेषित की गई है. मौके पर भाजपा कतरास मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा,स्वयं स्वर्ण,गजेंद्र यादव, वाई के पाठक, मुकेश भट्ट,राजकुमार साहू,मोहित सिंह पृथ्वी चौहान, अमित रवानी, बिरु कुमार, अप्पू साव, अविनाश भदानी, बबलू मिश्रा, संजीत गिरी, अभिजीत पांडे सहित अन्य मौजूद थे.

न्यूज अपडेट ▼

### प्रेस क्लब कतरास के अध्यक्ष इन्द्रजीत की पुत्री को योग में गोल्ड मेडल



**कतरास (शुभम संदेश)।** बोकारो में आयोजित डीएबी क्लस्टर 6 खेलकूद प्रतियोगिता के योग प्रतिस्पर्धा में निशा कुमारी ने गोल्ड मेडल हासिल किया है. निशा प्रेस क्लब कतरास के अध्यक्ष इन्द्रजीत पासवान की पुत्री है जो टाटा डीएवी सिजुआ की छात्रा है. उसने गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय के साथ इलाके का नाम रौशन किया है. कई चरणो के प्रतिस्पर्धा के बाद टाटा डीएभी सिजुआ को बिजेता घोषित किया गया . बाद मे आतिथियो ने विजेता टीम को गोल्ड मेडल तथा कप देकर सम्मानित किया . विधालय के छात्राओ द्वारा गोल्ड मेडल हासिल करने पर प्राचार्य चन्द्राणी बनर्जी, प्रेस क्लब कतरास के सभी पदाधिकारी, संरक्षक, सदस्य, शिक्षक एके सिंह, कवेरी राय ने इस सफलता पर निशा कुमारी को बधाई दी. योगा टीम में निशा कुमारी , जैस्मीन , आचल कुमारी , अराध्य कुमारी ,बैभवी कुमारी , विद्या कुमारी, दिशा कुमारी, पिहु कुमारी, अंश कुमार, गौरव कुमार, आर्यन कुमार, अनमोल कुमार, प्रतीक तथा अनु शामिल थे.

### स्क्रैप लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त, जांच जारी



**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** निरसा थाना क्षेत्र के खुदिया फाटक के समीप बीती रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एनएच-19 पर स्क्रैप लोडेड एक ट्रक अवैध रूप से गुजर रहा है. सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर निरसा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ट्रक को रोका और जब्त कर थाना लाया गया. जब्त किया गया ट्रक ( संख्या जेएच 10 बीएच 0122 ) पर लगभग 30 टन स्क्रैप लदा हुआ था. पुलिस द्वारा जब वाहन चालक से वैध कागजात की मांग की गई, तो वह कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका. निरसा थाना प्रभारी ने बताया कि गाड़ी को फिलहाल थाने में खड़ा कर दिया गया है और चालक से पूछताछ की जा रही है. उन्होंने कहा कि कागजात की मांग की गई है. यदि दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं कराए गए तो विधिवत जांच कर मामला दर्ज किया जाएगा. फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की छानबीन कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि स्क्रैप की यह खेप कहां से आ रही थी और इसे कहां ले जाया जा रहा था.

### चुनाव कार्यों से रूबरू हुए छात्र



**पुटकी (शुभम संदेश)।** डीएवी मुनीडीह में छात्रों को चुनाव, मतदान व मतगणना प्रक्रिया से विधिवत रूबरू कराया गया. इसके लिए स्कूल में 17 व 18 जुलाई को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई.इसमें कक्षा 8 से12वीं के 1150 छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए मतदान प्रक्रिया में उत्साह पूर्वक भाग लिया. इसके पूर्व उम्मीदवार छात्रों ने अपने-अपने पक्ष में मत देने के लिए कक्षावार घूमकर प्रचार -प्रसार किया. मतदान प्रक्रिया के लिए चुनाव पदाधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी.चुनाव प्रक्रिया अनुशासन पूर्वक निभाई गयी. हेडगर्ल के लिए रिया कर्मकार, फिजा आशमी, अनुप्रिया चंद्रवंशी और गायत्री कुमारी, हेडब्वाय के लिए साहिल कुमार, अरिजीत भाद्रा, अभिजीत पांडेय और सुभोदीप मांजी, डिप्टी हेड गर्ल के लिए आस्था कुमारी, कनक भारती, ट्विंकल कुमारी उम्मीदवार थीं. मतदान प्रणाली संचालित करवाने में शिक्षक राजेश कुमार सिंह यादव, जितेंद्र कुमार शर्मा ,आर एम पटेल सक्रिय रहे. प्राचार्या इंदू प्रसाद ने विजयी छात्र -छात्राओं को बधाई दीं. कहा कि किसी परिवार,समाज, संस्था एवं राष्ट्र को चलाने के लिए एक कुशल एवं सफल नेतृत्व की आवश्यकता होती है. इसलिए छात्र-छात्राएं राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी नेतृत्व शक्तियां हैं, जिन्हें प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का ज्ञान अवश्य होना चाहिए.

### बीमार बच्चे के गरीब पिता ने लगायी गुहार



**पूर्वी टुंडी (शुभम संदेश)।** रघुनाथपुर पंचायत के असुरबांध गांव निवासी सोना लाल मांझी का पुत्र महादेव गंभीर बीमारी से ग्रसित है. लगभग 14 वर्षीय किशोर मध्य विद्यालय असुरबांध में पढाई करता है. लेकिन कई महीनों से बीमार रहने के कारण अब वह विद्यालय पढ़ाई करने के लिए नहीं जा पा रहा है. घर की माली हालत भी काफी दयनीय बताई जाती है. वहीं बच्चे के पिता घर में खेती-बाड़ी कर जीवन यापन करते हैं. बच्चों की मां दिव्यांग है. बच्चे का गोविंदपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया था. जहां उसे रांची अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल करने को कहा गया था. लेकिन घर के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वह ईलाज नहीं करा पा रहा है. घर में काफी मुश्किल से किसी तरह सिर्फ भोजन का व्यवस्था हो पा रहा है. बच्चे के मां पिताजी काफी परेशान हैं. एवं प्रशासन से इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का गुहार लगा रहे हैं.

### रक्तदान शिविर में 26 यूनिट रक्त संग्रह




**कतरास (शुभम संदेश)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निश्चितपुर हॉस्पिटल प्रांगण में निश्चितपुर हॉस्पिटल, लायंस क्लब कतरास, समर्पण एक नेक पहल तथा एशियन जलान हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ एके सिंह लायंस क्लब कतरास के प्रेसीडेंट डॉ वीएन चौधरी एडमिनिस्ट्रेटर डॉ उमाशंकर, थाना प्रभारी कतरास असित कुमार सिंह, डॉक्टर रूद्रेश ,डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, सरिता सिंह , कृष्ण कन्हैया राय,अचिंतो कुमार बोस, विष्णु प्रसाद चौरसिया, रितेश कुमार दुबे,डॉ मधुमाला तथा कुमार चंदन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. रक्तदान शिविर में कुल 26 यूनिट ब्लड का रक्त संग्रह किया गया. रक्त दाताओं के रूप में शिवांगी सिंह, विष्णु प्रसाद चौरसिया, डॉक्टर दिनेश अग्रवाल ,संजीव कुमार, थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह, सहित कई रक्त वीरों ने रक्तदान किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से समर्पण एक नेक पहल संस्था के दीपेश कुमार चौहान तथा एशियाई जलान हॉस्पिटल की टीम की ओर से प्रदीप सिंह, सोनू राम, सहित लायंस क्लब का कतरास के सभी पदाधिकारी गण एवं निश्चितपुर हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी गण का योगदान सराहनीय रहा.

## ब्रीफ खबरें

### कीटनाशक पीने से महिला की मौत

**गोड्डा।** देवदांड थाना अंतर्गत ग्राम बाघमारा में पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद के बाद पत्नी द्वारा कीटनाशक दवा का सेवन कर लेने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सावित्री मुर्मू (19 वर्ष) की शादी देवनारायण टुडू के साथ वर्ष 2023 में प्रेम विवाह हुई थी। देवनारायण टुडू के अनुसार, शादी के बाद उनकी एक पुत्री हुई और उनका पारिवारिक जीवन ठीक ढंग से चल रहा था। देवनारायण के मुताबिक, बीती रात उन्होंने साथ ही खाना खाया और टीवी देखा। इसी बीच पत्नी सावित्री की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में गांव वालों के सहयोग से पत्नी को सदर अस्पताल लाया गया, जहाँ आरंभिक इलाज के बाद वह ठीक भी हो गई। सुबह ब्रेड और चाय लेने के बाद अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ने लगी। स्वास्थ्यकर्मियों ने उसे देखा भी, लेकिन कुछ ही देर में सावित्री की मौत हो गई। घटना की सूचना पर नगर पुलिस ने पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घटना को लेकर सनहा दर्ज कर लिया।

### शिक्षकों का हुआ स्थानांतरण

**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला उपायुक्त अंजलि यादव की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में शिक्षकों के स्थानांतरण, टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर स्थानांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के उपरांत जिला शिक्षा स्थापना समिति से अनुमोदन के प्रस्ताव सहित अन्य मामलों पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में समिति द्वारा पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के लिए प्राप्त 92 आवेदनों में से 15 आवेदनों पर अंतर-जिला स्थानांतरण हेतु सहमति बनी तथा शेष आवेदनों पर पुनर्विचार का निर्णय लिया गया. इसी प्रकार, कक्षा नौवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के सत्रह आवेदनों में से सात स्वीकृत एवं दस आवेदन अस्वीकृत किए गए.

### 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत पौधरोपण

**ललमटिया।** 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत दामिन प्लस टू हाई स्कूल, राजाभीठा में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. वन प्रमंडल के बैनर तले मिशन लाइफ के अंतर्गत यह पौधरोपण किया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिसर में दस फलदार पौधों का सामूहिक रूप से रोपण किया गया. कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से प्रभारी वनपाल अमित कुमार उपस्थित रहे. उन्होंने बच्चों को पर्यावरण की महत्ता बताते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने की जरूरत है. उन्होंने यह भी बताया कि पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण कदम है. विद्यालय के प्राचार्य गणेश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक एवं छात्र भी मौजूद थे.

### किसानों में दलहन बीज का वितरण

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने शुक्रवार को डाकीडीह, घाटकुल, फुलजोरी, दासडीह और रसना जोरी पंचायतों के किसानों के बीच अरहर, उड़द और मूंगफली के बीज का वितरण किया. इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा प्राप्त बीज का वितरण किसानों के बीच किया जा रहा है. उन्होंने क्षेत्र के किसानों से इन बीजों की खेती कर अपनी उपज बढ़ाने की अपील की.

# आनंद के सिर की बरामदगी को लेकर माले का प्रदर्शन

## जल्द खुलासा नहीं होने पर जिले में चक्का जाम करने की दी चेतावनी

**खास बात**

- पूर्व विधायक ने सांसद-विधायक पर साधा निशाना

**शुभम संदेश।गावां (गिरिडीह)**

बढ़ते आपराधिक घटनाओं और आनंद यादव के सिर की बरामदगी नहीं होने से नाराज भाकपा माले ने शुक्रवार को गावां हाट मैदान में एक दिवसीय धरना दिया. इसके बाद गावां बाज़ार में आक्रोश मार्च निकाला गया. प्रदर्शन में धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य पवन



कुमार चौधरी और संचालन माले नेता रंजीत राम ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत में आनंद यादव को श्रद्धांजलि दी गई और एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. माले नेताओं ने पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के नाम चार सूत्री मांगों का ज्ञापन अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी गावां को सौंपा. पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि आनंद यादव की हत्या मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है. उन्होंने आरोप लगाया कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में हत्या और अपराध की घटनाएँ लगातार बढ़ रही है, लेकिन विधायक और सांसद इस पर चुप हैं. माले ने मांग की कि आनंद यादव का सिर जल्द बरामद किया जाए और घटना में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जनता अपराधियों और प्रशासन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेगी. यादव ने कहा कि इलाके में शांति लंबे संघर्ष और कई साथियों की शहादत के बाद आई है. अब किसी भी हालत में अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने धमकी दी कि यदि मामले का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो माले पूरे जिले में चक्का जाम करेगी और इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी. प्रदर्शन में जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, माले नेता नागेश्वर यादव, प्रखंड सचिव सकलदेव यादव, तिसरी प्रखंड सचिव मुन्ना राणा, पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव, अभिमन्यु यादव, मुस्लिम अंसारी, संजय दास, सुखदेव यादव, भूषण यादव, दिलीप कुमार, सिकंदर कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए.

## झारखंड हाईकोर्ट से अवैध खनन मामले में भगवान भगत को बड़ी राहत

# आकलन अनुचित, 534.84 करोड़ की वसूली नोटिस रद्द

**शुभम संदेश ।साहिबगंज**

झारखंड हाईकोर्ट ने अवैध खनन के आरोपी भगवान भगत के खिलाफ 534.84 करोड़ रुपये की वसूली के लिए जारी डिमांड नोटिस को रद्द कर दिया है. हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि उपायुक्त को इस तरह का डिमांड नोटिस जारी करने का अधिकार नहीं है.

**क्या था मामला?**

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ ने मेसर्स भगवान स्टोन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया. हाईकोर्ट ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है. यह मामला साहिबगंज में अवैध खनन की जांच से जुड़ा है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और जिला प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने खनन क्षेत्र का सर्वेक्षण किया था, जिसमें भगवान भगत पर अवैध खनन का आरोप लगाया गया था. इस संयुक्त जांच के बाद, उपायुक्त ने कार्रवाई शुरू की और भगवान भगत पर 14.07 करोड़ क्यूबिक फुट अवैध




खनन के आरोप में 534.84 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश जारी किया.

**अनुमान के आधार पर आकलन को बताया अनुचित**

भगवान भगत ने अवैध खनन के आरोपों के मद्देनजर अपना पक्ष पेश करने के उद्देश्य से खनन का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया. यह सर्वेक्षण अशोक नगर स्थित मेसर्स विजन अर्थ कंसल्टेंसी द्वारा कराया गया था, जो राज्य के खान भूतत्व विभाग में सर्वेक्षण के लिए सूचीबद्ध है. सर्वेक्षण रिपोर्ट के साथ भगत ने अपना पक्ष पेश किया, लेकिन 30 दिसंबर 2023 को उन्हें अवैध खनन के आरोप में 534.84 करोड़ रुपये की वसूली के लिए डिमांड नोटिस जारी कर दिया गया. इसके बाद भगवान भगत की ओर से हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई. इसमें कहा गया कि उपायुक्त ने वैज्ञानिक तरीके से किए गए सर्वेक्षण को अमान्य करते हुए अनुमान के आधार पर किए गए आकलन के आधार पर वसूली के लिए डिमांड नोटिस जारी किया, जो न्यायसंगत नहीं है. न्यायालय ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया.

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एमएमडीआर एक्ट 1957 के रूल 54(6) और 21(5) में निहित प्रावधानों के अनुसार, रेंट, रॉयल्टी या टैक्स वसूलने का अधिकार राज्य सरकार को है. न्यायालय ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि अवैध तरीके से निकाले गए खनिजों के मूल्य के दोगुने के बराबर की राशि वसूलने के लिए धारा 30-बी में न्यायिक दंडाधिकारी या अवैध खनन के मामलों की सुनवाई के लिए बनाए गए विशेष न्यायालय को अधिकार है. अदालत ने कहा कि उपायुक्त को यह अधिकार नहीं है. इसलिए, उपायुक्त द्वारा जारी किए गए डिमांड नोटिस (1325/एम) को रद्द किया जाता है. हालांकि, सरकार को कानूनी तरीके से याचिकाकर्ता से दंड वसूलने का अधिकार है.

### देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** पुलिस ने एक युवक को एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. एसडीपीओ ने बताया कि 17 जुलाई को पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नार्थ कॉलोनी स्थित टॉकीज फील्ड में अवैध हथियार के साथ मौजूद हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक छापामारी टीम का गठन किया. छापामारी दल ने टॉकीज फील्ड में दबिश देकर शोभनपुर भट्ठा निवासी अभय कुमार उर्फ सुधांशु (उम्र 21 वर्ष) को एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक एंड्रॉइड फोन के साथ दबोच लिया. एसडीपीओ ने बताया कि अभय कुमार उर्फ सुधांशु पर गोलीबारी और मारपीट के कई मामले दर्ज हैं. अवैध हथियार बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत थाना कांड संख्या 107/25 दर्ज किया गया है. वहीं, उस पर पूर्व से नगर थाना में कांड संख्या 63/23, 148/24 और 59/25 भी दर्ज हैं. इस छापामारी में नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, पुअनि अनीश कुमार पांडेय, मुरली मनोहर सिंह, सअनि केशव मालाकार, सोम हांसदा और सशस्त्र बल मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### आठवीं बोर्ड के उत्तीर्ण छात्रों ने डीईओ को दिया आवेदन

**डुमरी (शुभम संदेश)।** पीएनडी जैन मध्य विद्यालय, इसरी बाजार के आठवीं बोर्ड उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने गिरिडीह के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को आवेदन पत्र देकर मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 का प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड न होने की शिकायत की है. छात्रों ने अपने पत्र में लिखा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 का आवेदन ऑनलाइन भरा था, लेकिन प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा है. इस कारण वे परीक्षा देने से वंचित हो सकते हैं. छात्रों का दावा है कि वे परीक्षा की सभी अर्हताएँ पूरी करते हैं और उनका विद्यालय भी गैर-सहायता प्राप्त पूर्ण स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त है. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर उन्हें योर एडमिट कार्ड नॉट बी इश्यूड,प्लीज कांटेक्ट जैक फोर डिटेल लिखा हुआ आ रहा है. छात्रों ने बताया कि जैक (झारखंड एकेडमिक काउंसिल) द्वारा दिए गए छात्रवृत्ति कोषांग के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर उन्हें बताया गया कि आवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 'अप्रूव' नहीं किया गया होगा, इसी कारण ऐसा हो रहा है और उन्हें डीईओ से संपर्क करने की सलाह दी गई. विद्यार्थियों ने डीईओ से प्रवेश पत्र जारी करने की मांग की है. आवेदन की प्रतिलिपि जैक के सचिव और डुमरी विधायक को भी भेजी गई है. पत्र पर नेहा कुमारी, प्रेरणा कुमारी, प्रिंस कुमार, रोहित पंडित आदि छात्रों के हस्ताक्षर हैं.

### पूर्व विधायक ओमीलाल आजाद का निधन

**गिरिडीह (शुभम संदेश)।** गिरिडीह के दिग्गज वामपंथी नेता और पूर्व विधायक ओमीलाल आजाद का शुक्रवार को जमशेदपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया. उन्होंने 80 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली. स्वर्गीय आजाद पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे. शहर के गद्दी मुहल्ला के निवासी ओमीलाल आजाद ने 1985 में गिरिडीह विधानसभा सीट से चुनाव जीता था. उन्होंने उस समय कांग्रेस की प्रत्याशी और वर्तमान विधायक उर्मिला देवी को पराजित किया था. 1990 में वे कांग्रेस के ही प्रत्याशी ज्योतिंद्र प्रसाद से चुनाव हार गए थे. बताया जाता है कि विधायक रहते हुए भी स्वर्गीय आजाद रिक्शा पर बैठकर शहर में घूमते थे, जो उनकी सादगी को दर्शाता था. हालांकि, उन्होंने 2010 के बाद सक्रिय राजनीति से किनारा कर लिया था. उनके निधन पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक डॉ. मंजू देवी, विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी, पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, मो. जैनुल अंसारी, सतीश केडिया, नरेश वर्मा सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है.

### पशु प्रेमियों को अदालत से मिली जमानत

**बोकारो (शुभम संदेश)।** बोकारो के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय दिवेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने एक महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई करते हुए पशु प्रेमी नेहा सिंह, भारती सिंह, पवन कुमार सिंह, मिता सिंह और अन्नू सिंह को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी. यह मामला चास नगर निगम की डॉग कैचर टीम के साथ हुए विवाद से संबंधित है, जिसमें मालती लक्जरियस सिटी की रहने वाली कविता कुमारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के अनुसार, कविता कुमारी ने बताया कि सोसाइटी के लोगों के अनुरोध पर नगर निगम की डॉग कैचर टीम आवारा कुत्तों को पकड़ने आई थी. इस दौरान नेहा सिंह, भारती सिंह, पवन सिंह, निश्चित कुमार, सुशांत शेखर दूबे, मिता सिंह, अन्नू सिंह और अन्य ने निगम की टीम के साथ विवाद शुरू कर दिया. कविता ने आरोप लगाया कि कारण पूछने पर आरोपियों ने गालियाँ दीं और निगम के चालक के साथ मारपीट की. कविता ने पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ चास मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी .

### मुआवजा विवाद, रैयतों में बनी सहमति

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार से बरलंगा भाया नेमरा पथ निर्माण कार्य को लेकर खुदीबेड़ा में चल रहे पंचायती राजेश्वर महतो और उनके भाइयों के विवाद को सुलझाने के लिए शुक्रवार को बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ, कसमार सीओ प्रवीण कुमार और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी राजीव रंजन, कसमार थाना के एसआई कुंदन कुमार समेत जिला पुलिस बल व कसमार पुलिस बल मौके पर पहुँचे. इससे पहले प्रशासन की मौजूदगी में खुदीबेड़ा के गोस्वामी टोला में कई रैयतों की जमीन पर बनी संरचनाओं को तोड़ा गया. इस दौरान खुदीबेड़ा के पंचायती राजेश्वर महतो और उनके तीन भाइयों के जमीन विवाद पर प्रशासन ने हस्तक्षेप किया. इस पर बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता देवी ने तीनों भाइयों के नाम पर लिखित दस्तावेज के साथ चहारदीवारी का भुगतान करने की मांग उठाई. जिप उपाध्यक्ष बबीता देवी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि वे सम्मान और अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं और पैसा या मुआवजा कोई मायने नहीं रखता. इस पर सहमति बनाते हुए यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही आपसी समझौते के बाद पंचायती राजेश्वर महतो व उनके तीनों भाइयों की सहमति से चहारदीवारी को तोड़ने का कार्य किया जाएगा. प्रशासन ने उन्हें एक सप्ताह का समय दिया है, जिसमें तय हुआ कि वे इस अवधि के भीतर विवाद का निपटारा कर लेंगे. इस मामले में पंचायती राजेश्वर महतो ने जिला भू-अर्जन विभाग को लिखित पत्र देकर संरचना के नाम पर प्राप्त मुआवजा की राशि लौटाने की बात कही है. बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने बताया कि सड़क हर हाल में बनेगी और अतिक्रमण मुक्त भी किया जाएगा. इसके लिए प्रशासन की ओर से यह कोशिश की जा रही है कि शांतिपूर्ण ढंग से रैयतों की सहमति से अतिक्रमण मुक्त अभियान चले. उन्होंने कहा कि विवाद के निपटारे के लिए रैयतों का काफी सहयोग मिल रहा है. इस दौरान जिला भू-अर्जन विभाग के अमीन शरद कुमार, गंगा कंस्ट्रक्शन के अधिकारी नरेंद्र पांडेय, विकास तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### डीडीसी ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं

**बोकारो (शुभम संदेश)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जनता दरबार का आयोजन किया. इस दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 51 से अधिक लोगों की समस्याओं और शिकायतों पर क्रमवार सुनवाई की गई. डीडीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया. इसके अतिरिक्त, कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया. जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्ज़ा, सिविल सर्जन कार्यालय, अपर नगर आयुक्त चास, बीएसएल (बोकारो स्टील लिमिटेड), श्रम अधीक्षक कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, डीवीसी चंद्रपुरा, पीएम आवास, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीसीएलआर चास/बेरमो, अबुआ आवास, अनुमंडल पदाधिकारी चास, अंचल कार्यालय चंद्रपुरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी नावाडीह, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे. इस अवसर पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## वेदांता ने मल्टी स्किल ट्रेनिंग के पहले बैच को किया सम्मानित




**शुभम संदेश।बोकारो**

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में होम अप्लायंसेस रिपेयर की ट्रेनिंग पूरी करने वाले पहले बैच के 30 छात्रों को सम्मानित किया गया. इन छात्रों ने एक निर्धारित कोर्स के तहत तकनीकी ट्रेनिंग ली और 10 जुलाई, 2025 को उनकी अंतिम परीक्षा (असेसमेंट) हुई. सभी छात्रों ने यह कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया. इस कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण पिट्टा (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) और कुणाल दरिपा (सीएसआर प्रमुख) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. कुणाल दरिपा, प्रमुख-सीएसआर, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने कहा कि हुनर सिखाना ही असली सेवा है. वेदांता ईएसएल हमेशा यह कोशिश करता है कि गाँव के युवा कुछ नया सीखें और अपने पैरों पर खड़े हों. हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हम आगे भी ऐसे प्रयास करते रहेंगे. इनके साथ सीड्स संस्था और सीएसआर विभाग की टीम भी उपस्थित थी. सभी ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि ऐसे कौशल युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करते हैं. छात्रों ने भी मंच से अपने अनुभव साझा किए और वेदांता ईएसएल व सीएसआर टीम को सीखने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया.

# शिक्षिका से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुभम संदेश। महगामा**

महगामा पुलिस ने अपनी पहचान छुपाकर पिछले चार सालों से एक शिक्षिका के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. यह कार्रवाई बिहार में शिक्षिका के पद पर कार्यरत पीड़िता के शिकायत आवेदन पर की गई. पुलिस ने आरोपी जाकिर (ग्राम बेलकित्ता, थाना बसंतराय) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पीड़िता के अनुसार, वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के सिलसिले में वर्ष 2022 में अपनी बड़ी बहन के ससुराल केचुआ चौक, महगामा में रहकर पढ़ाई कर रही थी. इसी दौरान उसकी मुलाकात एक लड़के से हुई, जिसने अपना नाम इमरान बताया और खुद को मेडिकल कॉलेज पटना का छात्र बताया. परिचय बढ़ने पर दोनों के बीच मिलना-जुलना शुरू हुआ. पीड़िता ने आरोप लगाया कि लड़के ने इसका फायदा उठाकर उसे ईसीएल के ऊर्जानगर, महगामा में बुलाया. वहाँ अन्य साथियों के साथ मिलकर खाना खाया और कोल्ड ड्रिंक में नशे की गोली मिलाकर पीड़िता को पिला दी. बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया. बाद में, आरोपी वीडियो के नाम पर उसे ब्लैकमेल करने लगा और कई बार शारीरिक संबंध बनाए. इस बीच, पीड़िता की नौकरी बिहार में शिक्षक के पद पर लग गई और घरवालों ने उसकी शादी तय कर दी. इसकी




जानकारी लड़के को होने के बाद उसने विरोध किया और फिर झांसा देकर पीड़िता को भागलपुर बुलवाया. वहाँ उसने जबरन निकाह पढ़वाया और धमकी दी कि जाओ जहाँ शादी करना है करो, मैं इसी निकाहनामा और वीडियो लड़के वालों को भेज दूँगा.

बाद में पीड़िता को जानकारी मिली कि लड़के का असली नाम इमरान नहीं, बल्कि जाकिर हुसैन है, जो ग्राम बेलकित्ता, बसंतराय का रहने वाला है और घर पर ही मेडिकल दुकान चलाता है. बार-बार प्रताड़ित होने से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की. घटना में एक अन्य साथी, ग्राम गोरगामा के असलम फैज को भी संलिप्त बताया गया है. फिलहाल, महगामा पुलिस ने घटना को लेकर केस दर्ज करते हुए जाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पीड़िता का बयान भी कोर्ट में दर्ज कराया गया है.

# बैंक ऑफ इंडिया ने 50 लाख ऋण बांटे

## महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, स्वयं सहायता समूह को मिला लोन

**शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)**

बैंक ऑफ इंडिया की कसमार शाखा ने शुक्रवार को एक शिविर लगाकर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला समूहों और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लाभार्थियों के बीच कुल 50 लाख रुपये का ऋण वितरित किया.

**महाप्रबंधक ने बांटे चेक, स्वरोजगार पर जोर**

इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक धनंजय कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक (बोकारो) निकुंज जैन और शाखा प्रबंधक एप्रेम सोरेन मुख्य रूप से मौजूद थे. महाप्रबंधक ने एसएचजी महिला समूहों की आजीविका बढ़ाने के लिए छह महिला समूहों को 10-10 लाख रुपये का ऋण सौंपा. इनमें ताजमहल महिला संगठन, कलश



महिला संगठन, लक्ष्मी महिला संगठन, कमल आजीविका सखी मंडल, माँ शारदा एसएचजी और निधि एसएचजी शामिल हैं. इसके अलावा, केसीसी लाभार्थियों में अमर कुमार दे को 70 हज़ार, जानेमन खातून को 60 हज़ार और हरिचंद किस्कू को 60 हज़ार का ऋण दिया गया. शिविर को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक धनंजय कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के लिए अपना उद्यम शुरू करना चाहिए. उन्होंने महिला समूहों को बैंक लिंकेज की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रुप लिंकेज से जुड़कर महिलाएँ अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे व्यापार करके अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं. उन्होंने एक आदर्श ग्राम में बैंक की भूमिका पर कहा कि बैंक से समय पर जमा-निकासी करके कोई भी ग्राहक अपने व्यापार एवं खेती को उन्नति की ओर ले जा सकता है. इस मौके पर शाखा प्रबंधक एप्रेम सोरेन, ऋण अधिकारी सुदामा कुमार, रमेश कुमार महतो, मनोज कुमार, राजकुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, एंपलाईज संगठन के पी.एस. मुखर्जी, बैंक मित्र धर्मेन्दु शेखर मुखर्जी, सुखदेव महतो, शिवकुमार, रेणू कुमारी, फाल्गुनी देवी, सीमा प्रवीण, नमिता देवी, प्रियंका देवी, बबीता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### भाजपा नेता चंद्रशेखर जायसवाल का निधन

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के पुराने जनसंघी और भाजपा नेता चंद्रशेखर जायसवाल का शुक्रवार शाम को अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया. वे लगभग पाँच दशक पहले जनसंघ के समय से ही पार्टी से जुड़े हुए थे. भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद से वे कसमार प्रखंड भाजपा समिति के एक मजबूत स्तंभ के रूप में निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहे. उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. वे अपने पीछे दो पुत्र ब्रजेश कुमार जायसवाल और राजेश जायसवाल, दो पुत्री, पत्नी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन पर राज्य के पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, स्थानीय जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, प्रमुख नियोति दे, पूर्व बोकारो जिला बीस सूत्री समिति उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, समाजसेवी नितिन जायसवाल और अन्य दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया है.

# सेंट जेवियर्स स्कूल, बोकारो में हीरक जयंती समारोह

**शुभम संदेश।बोकारो**

सेंट जेवियर्स स्कूल, बोकारो ने अपनी हीरक जयंती (60 वर्ष पूरे होने) के उत्सव की शुरुआत नव-निर्मित गेट के उद्घाटन के साथ की. इस गेट को स्कूल प्रशासन, पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में खोला गया, जो स्कूल की नई शुरुआत का प्रतीक बना. कार्यक्रम का आगाज़ स्कूल बैंड की शानदार मार्च पास्ट के साथ हुआ, जिसमें स्टूडेंट्स काउंसिल और क्लास रिप्रेजेंटेटिव्स ने हिस्सा लिया. मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के बच्चों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया. इसके बाद हाई स्कूल के गायन समूह की मनमोहक प्रस्तुति और स्कूल ध्वज के फहराने का कार्यक्रम हुआ. इसके बाद फादर अरुण मिंज, एसजे द्वारा 'डायमंड जुबली लोगो' का



भव्य अनावरण किया गया. प्राचार्य ने स्कूल परिसर में हुए वर्षों के परिवर्तनों पर अपने विचार साझा किए और स्कूल के 60वें जन्मदिन के अवसर पर एक सुंदर प्रार्थना की. इसके पश्चात् म्यूजिक क्लब द्वारा जुबली एंथम प्रस्तुत किया गया. फिर केक कटिंग समारोह हुआ, जिसमें सभी ने आनंदपूर्वक भाग लिया. प्लस टू के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया. प्राइमरी के नन्हें बच्चों ने रैम्प वॉक के जरिए स्कूल की वर्षों की यात्रा और विभिन्न फादर्स के योगदान को जीवंत किया. इसके बाद सोशल सर्विस स्कूल के विद्यार्थियों ने भी रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया. सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन मिडिल स्कूल के नृत्य प्रदर्शन से हुआ.

ब्रीफ खबरें

### अंग्रेजी शराब का विक्रेता गिरफ्तार

**झरिया।** झरिया पुलिस ने गुरुवार की देर रात नई दुनिया स्थित श्रवण कुमार साव के घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं बीयर जब्त किया है. पुलिस की छापेमारी से नई दुनिया में हड़कंप मच गया. पुलिस को देख कई अवैध शराब विक्रेता वहां से भाग निकला. जबकि शराब विक्रेता श्रवण कुमार साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया है. झरिया पुलिस ने कांड संख्या 195/ 25 के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को धनबाद जेल भेज दिया है. झरिया इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि झरिया चार नंबर में अवेध शराब की बिक्री हो रही थी.

### पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण

**झरिया ।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से भौंरा स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने परिसर में आम, अमरूद, इमली, अर्जुन, सागवान, शीशम आदि के पौधे लगाए. करीब 50 पौधे लगाए गए और भी पौधे लगाए जाएंगे.सब ने मिलकर पौधा एवम् पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया.

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त और एसएसपी अलर्ट

- एयरपोर्ट से लेकर आईआईटी-आईएसएम तक रूट का निरीक्षण

**शुभम संदेश। धनबाद**



राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने एयरपोर्ट से लेकर आईआईटी आईएसएम कार्यक्रम स्थल तक का रूट निरीक्षण किया. इसके अलावा कार्यक्रम में शामिल होने वाले राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के रूट की बिरसा स्पोर्ट्स कंपलेक्स से आईआईटी आईएसएम तक का निरीक्षण किया गया. एयरपोर्ट निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने एयरपोर्ट परिसर की साफ-सफाई, रनवे की स्थिति, एयरपोर्ट अंतर्गत अतिथि विश्राम ग्रह का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए. वहीं रूट निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्बाध ट्रैफिक की व्यवस्था, बैरिकेडिंग की व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, सड़कों से अतिक्रमण हटाने समेत अन्य बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए. इसके अलावा आईआईटी-आईएसएम पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं एसएसपी ने सुरक्षा की दृष्टि से की जाने वाली तैयारी का अवलोकन किया. इस दौरान पहुँच पथ, पंडाल निर्माण, स्टेज निर्माण, प्रवेश द्वार, निकास द्वार, बैरिकेडिंग, ग्रीन रूम, बैठने की व्यवस्था समेत पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था समेत कार्यक्रम की रूप रेखा पर आईआईटी आईएसएम के डायरेक्टर के साथ समीक्षा की गई. उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, पीएचईडी, भवन प्रमंडल, नगर निगम सहित आईआईटी आईएसएम एवं सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाते हुए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, आईआईटी आईएसएम के डायरेक्टर प्रो सुकुमार मिश्रा, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, मयंक यादव, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### पीएनकेएन उच्च विद्यालय में विशेष गोष्ठी

**कालुबथान (शुभम संदेश)।** कलियासोल प्रखंड अंतर्गत पीएनकेएन उच्च विद्यालय, कलियासोल (निरसा-2) में शुक्रवार की दोपहर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. गोष्ठी की शुरुआत क्षेत्र के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बीइओ को पुष्पगुच्छ, डायरी और कलम भेंट कर स्वागत के साथ हुई. कहा जा रहा है कि कलियासोल प्रखंड में पहली बार बीईईओ द्वारा सेवा पुस्तिका में वेतन वृद्धि और सेवा सत्यापन का कार्य मौके पर ही संपन्न किया गया. कार्यक्रम का आयोजन निरसा-2 ए.जे.पी.टी.ए. के अध्यक्ष रविंद्र कुमार तिवारी, सचिव बासुदेव रवानी, और शिक्षकों – अजय कुमार सिंह, रूपलाल महतो, ओम प्रकाश, सुधीर पांडेय आदि की सहभागिता से किया गया. सभी ने बीईईओ के प्रति आभार व्यक्त किया. अपने संबोधन में बीईईओ अशोक कुमार पाल ने कहा कि सेवा पुस्तिका एक सरकारी कर्मचारी के सेवाकाल का आधिकारिक रिकॉर्ड होती है, जिसमें नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक की सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दर्ज होती हैं.

## पैरालाइजड मरीज की देखाभाल, दी सामग्री



**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद जिला बाघमारा क्षेत्र के महुदा मोड़ निवासी टिंकु कुमार निषाद बिगत डेढ़ साल से पैरालाइज हैं इनका आधा शरीर बाएं तरफ़ पूरी तरह से काम करना बंद हो चुका है. सूचना मिलते ही संस्था शिक्षा समाधान ट्रस्ट के सदस्यगण इनसे लगातार दो-तीन बार मिलना जुलना कर हाल चाल लिया गया. इनके इलाज के लिए सहयोग का आश्वासन दिया गया, साथ ही 15 दिनों के लिए सूखा राशन जैसे आटा,चावल ,दाल ,नमक ,हल्दी, तेल इत्यादि सामग्री दी गई. संस्था के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद साव, सक्रिय सदस्य दिनेश कुमार साव एवं राजू कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे.

**नीरज हत्याकांड : पंकज सिंह की बहस शुरू, आज होगी कुर्बान की गवाही**

## विरोधाभासी है आदित्य की गवाही टीआई परेड की नहीं अहमियत

**शुभम संदेश। धनबाद**



धनबाद के चर्चित नीरज हत्याकांड में शुक्रवार को यूपी लंभुआ निवासी पंकज सिंह की ओर से उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कौशिक सरखेल ने बहस की. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में बहस करते हुए अधिवक्ता कौशिक ने कहा कि पंकज सिंह के विरुद्ध सह अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के अलावा कोई साक्ष्य नहीं है. जिसका कानून की नजरों में कोई महत्व नहीं होता.वहीं पहचान परेड के मुद्दे पर अधिवक्ता ने कहा कि आरोपियों की पहचान परेड गिरफ्तारी के पचहत्तर दिनों के बाद कराई गई. उनकी तस्वीर अख़बारों में छप गई थी. जिसकी पुष्टि विभिन्न अखबारों के संपादकों ने अदालत में दी गवाही में की है. इसलिए पहचान परेड का कोई महत्व नहीं है. उन्होंने इस बाबत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित कई निर्णयों का हवाला दिया, वहीं आदित्य राज की गवाही के संबंध में उन्होंने कहा कि आदित्य राज की गवाही पर भरोसा नहीं किया जा सकता सकता. सभी गवाहों के बयान एक दूसरे के विरोधाभासी हैं, मामले के अनुसंधानकर्ता ने किसी भी मोबाइल का टावर लोकेशन नहीं प्राप्त किया और उसे जानबूझकर अदालत से छुपा लिया. अदालत ने कूर्बान अली की ओर से बहस करने के लिए शनिवार की तारीख निर्धारित की है. सुनवाई के दौरान, रणधीर धनंजय सिंह ,संजय सिंह हाज़िर थे. अन्य आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया. 21 मार्च 2017 की संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉरच्यूनर कार जेएच10एआर 4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे. वह ड्राइवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे. पीछे की सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे. स्टील गेट के पास बने ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर कर दी थी. हमले में नीरज के अलावे तीन अन्य लोगों , अशोक यादव, मुन्ना तिवारी व ड्राइवर घोल्टू महतो की भी मौत हुई थी.

**उपायुक्त ने की जिला स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा**

## स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर की गैरमौजूदगी बर्दाश्त नहीं : डीसी

**शुभम संदेश। धनबाद**



उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चलाये जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित की गई. डब्लूएचओ से डॉ अमित कुमार तिवारी ने धनबाद जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया. इसके अलावा कुपोषण उपचार केन्द्र, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई. उपायुक्त ने योजना बनाकर टीकाकरण करने का निर्देश संबंधित सभी पदाधिकारी को दिया. साथ ही शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण करने एवं सरकारी संस्थानों में डिलीवरी हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए. स्टेज 3 से अधिक फाइलेरिया मरीज को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए निर्देशित किया. कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र खुले यह सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे. कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्र और वहां कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्य प्रणाली को सुधारे. धनबाद जिला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधा राज्य स्तर पर अव्वल रहे यह सुनिश्चित करना हम सभी का कार्य है. उन्होंने कहा कि धनबाद जिला में किसी भी संसाधन की कमी नहीं है इसलिए सभी मानकों पर हमें उत्कृष्ट कार्य करना है. सभी सीएचसी,पीएचसी, एसएचसी का असेसमेंट किया जाएगा. इस असेसमेंट में जिस भी केंद्र द्वारा एफर्ट्स दिखाए जाएंगे तथा जो भी केंद्र अच्छा कार्य करेंगे उन्हें और भी बेहतर सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएगी. साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सभी सीडीपीओ, डब्लूएचओ से डॉ अमित कुमार तिवारी,सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई, एनसीडी सेल, अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई मौजूद रहें.

### उपायुक्त ने किया मुख्य सचिव का स्वागत



जिला प्रशासन की ओर से दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**धनबाद।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी शुक्रवार को सर्किट हाउस पहुंचीं. इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य सचिव का स्वागत किया. वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग पवन कुमार तथा खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने भी मुख्य सचिव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से मुख्य सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पूर्व मुख्य सचिव, झारखंड, डीके तिवारी, आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग, पवन कुमार तथा खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. मौके पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

# आसनसोल

**एनएच 419 के भूमि अधिग्रहण में अनियमितता**

## ग्रामीणों में आक्रोश


**शुभम संदेश। सलानपुर**



सलानपुर के धानगुरी मौजा में राष्ट्रीय राजमार्ग 419 के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू होते ही विवाद खड़ा हो गया है. यह राजमार्ग जामताड़ा से कुल्टी के चौरंगी तक प्रस्तावित है. ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में उनकी पुश्तैनी ज़मीन को खास ज़मीन के रूप में दर्ज किया गया है, जबकि उनके पास वैध दस्तावेज़ मौजूद हैं. विशेषकर प्लॉट संख्या 702 की लगभग 8 एकड़ 96 सतक भूमि को लेकर अधिक विवाद है. ग्रामीणों का दावा है कि यह उनकी पुश्तैनी संपत्ति है, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड 1963 के अनुसार इसे खास ज़मीन बताया गया है. इससे भूमि अधिग्रहण की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं. भूमि अधिग्रहण अधिकारी पलाश नाथ ने बताया कि उन्होंने, भूमि अभिलेख अधिकारियों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के साथ ज़मीन का निरीक्षण किया. ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे अपने दस्तावेज़ अभिलेख कार्यालय में जमा करें. हालाँकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गई और सरकारी दस्तावेज़, नक्शा और उनकी ज़मीन से संबंधित विवरण आपस में मेल नहीं खाते. घटना को पारदर्शिता और जवाबदेही का गंभीर मामला बताया और स्वतंत्र जाँच की माँग की. ग्रामीणों को आशंका है कि यह जानबूझकर की गई गड़बड़ी हो सकती है. अब आवश्यकता है कि ज़मीन अधिग्रहण प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों का विश्वास बहाल हो और विकास कार्य में बाधा न आए.

## बराकर अग्रसेन भवन में श्याम महोत्सव की धूम

**शुभम संदेश। बराकर**




श्याम का टाबरीया बराकर की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय द्वितीय वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन के प्रांगण में संपन्न हुआ. इस वार्षिक भजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बराकर कुल्टी, नियामतपुर, आसनसोल, रानीगंज, पास के झारखंड राज्य के चिरकुंडा, मुग्मा, निरसा के श्याम भक्त प्रेमी सहित श्याम मंडल मुख्य रूप से शामिल हुए. संगीत मई भजन कार्यक्रम में मुख्य भजन गायक बिनु जी, बराकर एवं आदर्श दाधीच कटिहार मुख्य रूप से उपस्थित थे. बाबा श्याम के अद्भुत फूलों के मनोहारी श्रृंगार, छप्पन भोग, ज्योति के साथ बिनु जी द्वारा प्रारंभ में बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों की गंगा में भक्तों ने डुबकी लगाई. श्याम का टाबरीया द्वारा गणेश बंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. वहीं स्थानीय भजन मंडलियों ने अपनी हजारी बाबा के द्वार पर लगाई. र्यक्रम में परम श्रद्धेय भजन गायक लेखाकार बिनोद जी गाड़ोदिया, जिन्हें पूरे भारत वर्ष श्याम जगत में बिनु जी के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है, पूरे श्याम जगत में सैंकड़ों भजन गायक है, इनमें कोई भी भजन गायक नहीं जो बीनू जी के द्वारा रचित भजन को नहीं गाया होगा, बिनु जी ने पिछले साठ वर्षो से भजन की गंगा में अपने आप को समा दिया है. जिनके द्वारा सैकड़ों भजन और भजनों की पुस्तक लिखी गई हैं. जो आज भी श्याम जगत में अपने आप में हर्ष का विषय है. कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम का टाबरीया के पूरी टीम का अहम योगदान रहा.

## अनियंत्रित लॉरी ने खड़ी लॉरी को मारी टक्कर, एक की मौत

**खास बातें**

- इस हादसे में तीन मजदूर भी घायल
- लॉरी सीमेंट लेकर जा रही थी रघुनाथपुर

**शुभम संदेश। रघुनाथपुर**



पुरुलिया-बांकुड़ा राज्य राजमार्ग पर आधी रात को एक भीषण हादसा हुआ. सड़क किनारे खड़ी एक लॉरी को दूसरी लॉरी ने टक्कर मार दी. हादसे में दुर्घटना ग्रस्त लॉरी के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई. तीन अन्य मजदूर घायल हो गए. जानकारी के अनुसार गुरुवार की आधी रात को सांतुड़ी थाना क्षेत्र के साधु सालटोड़ा मोड़ के पास एक लॉरी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. बताया जा रहा है कि लॉरी बांकुड़ा जिले के सालतोड़ा से सीमेंट लेकर रघुनाथपुर जा रही थी. सीमेंट उतारने के लिए कुछ मजदूरों को ले जाया गया था. सीमेंट खाली करके ट्रक सालतोड़ा लौट रहा था लेकिन बीच रास्ते में ही यह हादसा हो गया. साधु सालतोड़ा मोड़ के पास ट्रक का नियंत्रण खो गया और वह सड़क किनारे खड़ी एक दूसरी लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा गया. टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया. चालक ट्रक के अंदर ही फँस गया. आगे बैठे तीन मज़दूर गंभीर रूप से घायल हो गए. उनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है. घटना की सूचना मिलते ही सांतुड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में फंसे खलासी को बाहर निकालकर रघुनाथपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया. वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. घायल दो अन्य को श्रमिकों को इलाज के लिए बांकुड़ा सम्मेलनी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है जबकि एक घायल का रघुनाथपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

## जमाल मेमोरियल फुटबॉल खिताब पर रेडियम का कब्जा



**शुभम संदेश। बर्नपुर**

रहमतनगर नया बस्ती स्थित मैदान में समाजसेवी सैयद इकबाल द्वारा एनबीबीसीसी क्लब की तरफ से आयोजित जमाल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरुवार की शाम खेला गया. फाइनल मैच में अनीस फुटबॉल क्लब नई बस्ती का मुकाबला रेडियम बुधा के साथ हुआ. वहीं फाइनल मैच के अंतिम समय के कुछ मिनट पहले रेडियम बुधा की टीमने गोल कर मैच को 1-0 गोल से जीतने के साथ टूर्नामेंट की विजेता बनी. फाइनल मैच के पश्चात आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों में बोरो चेयरमैन डॉ देवाशीष सरकार, पार्षद संध्या दास आदि उपस्थित थे. इस दौरान समाजसेवी सह टूर्नामेंट के आयोजक सैयद इकबाल, सैयद निहाल ने अतिथियों को बैज एवं शॉल तथा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया. साथ ही टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच, मैंन ऑफ द सीरीज एवं व्यतिगत पुरस्कार तथा मैच का आनंद उठाने वाले एक दर्शक को भी पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर उपविजेता टीम को सभी अतिथियों ने ट्रॉफी एवं 12 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया जबकि विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 15 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया.

## त्रिवेदी हांसदा की हत्या, अब होगा आंदोलन : टुडू

**पश्चिम बंगाल आदिवासी अखिल भारतीय विकास परिषद ने बनाई रणनीति**

**शुभम संदेश। पुरुलिया**



पश्चिम बंगाल आदिवासी अखिल भारतीय विकास परिषद के पुरुलिया ज़िले के उपाध्यक्ष निर्मल टुडू ने आदिवासी त्रिवेदी हांसदा की हत्या पर प्रशासन को चेतावनी दी है. निर्मल टुडू ने सिद्धू कान्हो की प्रतिमा के सामने कसम खाई कि जब तक दोषियों को सज़ा नहीं मिल जाती, वे निश्चिंत नहीं होंगे. ज्ञातव्य है कि पुरुलिया ज़िले के बोरो थाना क्षेत्र के जामतोरिया गांव के त्रिवेदी हांसदा की गांव में अच्छी प्रतिष्ठा थी. वे गांव के छोटे-बड़े सभी का सम्मान करते थे और अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर विरोध करते थे. कम उम्र होने के बावजूद, गांव के लोग त्रिवेदी का सम्मान और स्नेह करते थे. खेलकूद, गायन और संगीत में समय बिताते थे. लेकिन 19-10-2022 को वह सरकारी सेवा में मुर्शिदाबाद जिला के बहरमपुर में योगदान दिया. लाल दिघी स्थित सरकारी क्वार्टर में रहते थे. त्रिवेदी के पिता तुलसीद हांसदा और माता सुकुंतला हांसदा का आरोप है कि उनके बेटे त्रिवेदी हांसदा की हत्या कर दी गई. उन्होंने यह भी कहा, ₹जब हम बहरमपुर के लालदिघी में रह रहे थे, तो त्रिवेदी के दोस्त लगभग हर दिन पड़ोस के क्वार्टर में आते थे और शराब पीते थे और गाली-गलौज और चिल्लाहट करते थे. वे लगभग दिन-रात त्रिवेदी को बुलाते रहते थे. मेरे बेटे ने .इन विभिन्न कारणों से विरोध किया. कुछ दिनों बाद, वे और उनका बेटा पुरुलिया के अपने गाँव, जामतोरिया चले आए. कुछ दिन गाँव में रहने के बाद, त्रिवेदी बहरमपुर लौट आया. उसकी मां ने भी बताया कि 6/2/2025 को सुबह मेरी अपने बेटे से बात हुई थी. उसके पिता घर पर नहीं थे, इसलिए उनसे बात नहीं हुई. जब उसके पिता घर लौटे, तो उन्होंने बार-बार फ़ोन किया. वह फ़ोन पर नहीं मिला. ढूँढ़ने पर पता चला कि त्रिवेदी के क्वार्टर में तोड़फोड़ की गई थी और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया गया था और त्रिवेदी नहीं मिला. इस वजह से उन्हें बेईमान दोस्तों पर गुस्सा आया. और उन्होंने बहरमपुर थाने में उनके ख़िलाफ़ शिकायत दर्ज करा दी. लेकिन 9-फरवरी 2025 को त्रिवेदी का शव क्वार्टर से लगभग 4 किलोमीटर दूर बरामद हुआ और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि त्रिवेदी की हत्या हुई थी. हम इस मामले को लेकर बहरमपुर पुलिस स्टेशन जाते रहे हैं. अपराधी आज तक पकड़े नहीं गए हैं.अगर हमें कोई अच्छा जवाब नहीं मिला, तो पश्चिम बंगाल आदिवासी अखिल भारतीय विकास परिषद और पूरा जंगलमहल आदिवासी विरोध प्रदर्शन करेंगे और आखिरी प्रयास तक लड़ाई करते रहेंगे. यह कहते हुए पश्चिम बंगाल आदिवासी अखिल भारतीय विकास परिषद के पुरुलिया ज़िले के उपाध्यक्ष निर्मल टुडू ने चेतावनी दी.

## आद्रा में रेल लेवल क्रासिंग बंद करने पर बगावत

**शुभम संदेश। आद्रा**

पुरुलिया जिले की रेल नगरी आद्रा में रेलवे प्रशासन ने उस लेवल क्रॉसिंग को पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे होकर रोजाना हज़ारों लोग गुज़रते थे. रेलवे प्रशासन ने आद्रा में इस बिना गार्ड वाली लेवल क्रॉसिंग को ओवरब्रिज बनने से पहले ही बंद कर दिया है, जिससे अब अद्रावासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस घटना से रेल प्रशासन के विरूद्ध रोष व्याप्त है. जिसे लेकर तृणमूल कांग्रेस श्रमिक संगठन भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गया है. रेल नगरी आद्रा के कई आम लोग भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं. शुक्रवार को तृणमूल श्रमिक संगठन के रघुनाथपुर नंबर-1 ब्लॉक अध्यक्ष तूफान कुमार रॉय के नेतृत्व में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता रेलवे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए. उन्होंने आद्रा के लोगों के हित में रेलवे क्रॉसिंग को फिर से खोलने की मांग की. प्रखंड अध्यक्ष तूफान कुमार राय और अन्य पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने रेलवे लाइन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और मांग रखी कि जब तक आद्रा ओवरब्रिज का काम पूरा नहीं हो जाता, रेलवे क्रॉसिंग को बंद नहीं किया जा सकता. घटना की खबर मिलते ही रेलवे पुलिस के अधिकारियों समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुँच गया और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया. तृणमूल कांग्रेस श्रमिक संगठन के राघनाथपुर नंबर-1 ब्लॉक के अध्यक्ष तूफान कुमार रॉय ने कहा, जब तक आद्रा में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरी तरह से पूरा नहीं हो जाता, तब तक यह लेवल क्रॉसिंग बंद नहीं होगी. जब तक रेलवे प्रशासन हमारी मांगों के अनुरूप इस लेवल क्रॉसिंग को दोबारा नहीं खोल देता, हमारा आंदोलन जारी रहेगा.

शुभम संदेश
धनबाद, शनिवार 19 जुलाई, 2025


**मंथन**

# स्वच्छता में भी झारखंड ने रच डाला नया इतिहास

झारखंड के लिए यह गर्व का क्षण है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में राज्य के दो शहरों जमशेदपुर और बुंडू ने राष्ट्रीय मंच पर परचम लहराया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा स्वच्छता और नगरीय विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को भारत सरकार ने औपचारिक रूप से सम्मानित किया है, जो न केवल सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि प्रदेशवासियों की जागरूकता और सहभागिता की भी जीत है. जमशेदपुर ने 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, साथ ही उसे फाइव स्टार रेटिंग से भी नवाजा गया है. यह उपलब्धि किसी आकस्मिक संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार चलाए गए सफाई अभियानों, आधुनिक कचरा प्रबंधन और जन भागीदारी पर आधारित रणनीति का प्रतिफल है. वहीं, बुंडू को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में जो पहचान मिली है, वह छोटे शहरों में भी सकारात्मक परिवर्तन की कहानी को रेखांकित करती है. दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा इन शहरों को सम्मानित किया जाना, राज्य के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई देता है. यह अवसर न केवल उत्सव का है, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रेरणा भी है कि झारखंड के अन्य शहर भी इसी तरह स्वच्छता और नगरीय प्रबंधन के क्षेत्र में उदाहरण बन सकते हैं. यह जरूरी है कि इस उपलब्धि को केवल पुरस्कार तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे एक स्थायी आदत और जन आंदोलन का रूप दिया जाए. तभी 'स्वच्छ झारखंड' का सपना पूरी तरह साकार होगा.

**नजरिया**

# महिला हो या पुरुष, कानून के तराजू पर सब बराबर हैं

सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक बार फिर यह बताता है कि कानून की निगाह में स्त्री व पुरुष दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं. विवाहिता द्वारा एक पुरुष पर शादी का झांसा देकर रेप का आरोप लगाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महिला को फटकार लगाते हुए न सिर्फ उसकी याचिका खारिज की, बल्कि उसके आचरण को भी कठघरे में खड़ा किया. यह मामला केवल कानूनी तकनीकों का नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी का भी है. जब विवाहित महिला, जो दो बच्चों की मां है, स्वेच्छा से किसी अन्य पुरुष के साथ संबंध बनाती है और बाद में कानून का सहारा लेकर उसे फंसाने की कोशिश करती है, तो यह न सिर्फ न्याय प्रणाली के दुरूपयोग का मामला है, बल्कि उन महिलाओं की वास्तविक पीड़ा को भी कमजोर करता है जो सच में यौन अपराधों की शिकार हैं. शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी कि आप समझदार हैं, फिर बाहर संबंध कैसे बना सकती हैं, यह रेखांकित करता है कि परिपक्व व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने निर्णयों के परिणाम समझे. कोर्ट का यह कहना भी मौजू है कि शादी के बाद किसी अन्य से यौन संबंध बनाना अपराध है, और यह नियम महिला-पुरुष दोनों पर समान रूप से लागू होता है. यह फैसला न केवल एक उदाहरण है, बल्कि एक जरूरी संदेश भी कि कानून भावनाओं या झूठे आरोपों के आधार पर नहीं, बल्कि तथ्यों और न्याय के आधार पर चलता है. ऐसी प्रवृत्तियों पर रोक लगाना आवश्यक है ताकि न्याय का दुरूपयोग न हो और कानून की गरिमा बनी रहे.

# तख्तापलट की साजिशों में उलझा पाकिस्तान

**डॉ. प्रभात ओझा**

> **पड़ोसी पाकिस्तान में फिर सत्ता परिवर्तन की आहट सुनाई दे रही है.**



दक्षिण एशिया की राजनीतिक अस्थिरता में पाकिस्तान की भूमिका हमेशा से चर्चा में रही है. एक बार फिर वहां सत्ता परिवर्तन की आहट सुनाई दे रही है. हाल के घटनाक्रम यह संकेत दे रहे हैं कि पाकिस्तान एक और संभावित तख्तापलट की ओर बढ़ रहा है. वहीं, बांग्लादेश में भी हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हैं. इन परिस्थितियों का प्रत्यक्ष संबंध भले ही जुलाई महीने से न हो, लेकिन इतिहास में इसी महीने हुई कुछ घटनाएं आज भी प्रासंगिक हो उठती हैं.

इतिहास में झांके तो 5 जुलाई 1658 को मुगल शासक औरंगजेब ने सत्ता की लड़ाई में अपने ही भाई मुराद बख्श को बंदी बना लिया था. यह उस दौर की बात है जब बादशाह शाहजहां बीमार पड़े और उनके बेटों में सत्ता के लिए संघर्ष छिड़ गया था. मुराद को मथुरा के पास गिरफ्तार कर आगरा के किले में कैद किया गया और तीन वर्ष बाद 1661 में उसकी मौत हो गई. यह घटना बताती है कि सत्ता की हवस इतिहास में कितनी गहरी जड़ें रखती है. इसी तारीख 5 जुलाई को वर्ष 1977 में पाकिस्तान में एक बड़ा घटनाक्रम हुआ था. तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को सेना प्रमुख जनरल जिया-उल-हक ने अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था. जिया पाकिस्तान के चौथे सैन्य तानाशाह बने और 11 वर्षों तक देश पर शासन किया. वे 1988 में एक विमान दुर्घटना में रहस्यमय तरीके से मारे गए. इस सैन्य तख्तापलट की छाया अब पाकिस्तान की मौजूदा राजनीतिक उथल-पुथल पर फिर से मंडराने लगी है. हाल ही में भारत द्वारा पाकिस्तान में चलाए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद वहां के भीतरी हालात और भी अस्थिर हो गए हैं. इस ऑपरेशन ने दुनिया के सामने पाकिस्तान की आतंकियों को दी जाने वाली पनाह की असलियत उजागर कर दी है. ऐसे में जुल्फिकार अली भुट्टो के नवासे और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो का यह कहना कि हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को भारत को सौंप देना चाहिए, एक अप्रत्याशित संकेत है. यह वक्तव्य सिर्फ राजनीतिक बयान नहीं बल्कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में मचे घमासान की ओर इशारा करता है.बिलावल का यह बयान उनके पिता और वर्तमान राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को राजनीतिक संकट से उबारने का एक प्रयास भी माना जा रहा है. जनरल आसिम मुनीर और राष्ट्रपति जरदारी के बीच तनाव की खबरें अब आम हो चुकी हैं. इस स्थिति में सत्ता संघर्ष की संभावना और अधिक बढ़ गई है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ जनरल मुनीर की लंच मीटिंग ने भी संदेह की दिशा को और पुष्ट किया. इसके बाद से अमेरिका की पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति में रुचि बढ़ने की अटकलें तेज हो गईं. हाल ही में मुनीर की प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात ने इस सियासी हलचल को और गहराई दी है. यह माना जा रहा है कि जनरल मुनीर, फिलहाल शहबाज शरीफ को अपने साथ रखना चाहते हैं, लेकिन हालात बदलते ही वे उन्हें भी किनारे कर सकते हैं. पाकिस्तानी अवाम के बीच यह धारणा गहराने लगी है कि जब भारत सैन्य कार्रवाई करता है, तब पाकिस्तान की सेना को राष्ट्रपति से पूर्ण समर्थन नहीं मिलता. इससे वहां की जनता का भरोसा सेना और सरकार दोनों से उठता जा रहा है. इन परिस्थितियों में जनरल मुनीर का महत्व और भूमिका पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है.ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या पाकिस्तान में एक और सैन्य तख्तापलट की पटकथा लिखी जा रही है? यदि ऐसा होता है तो यह देश के इतिहास में पांचवां सैन्य तख्तापलट होगा. इससे भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों पर भी गहरा असर पड़ेगा, और भारत को अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा.

> **भारत के लिए यह स्थिति सतर्कता की मांग करती है, क्योंकि एक अस्थिर पड़ोसी देश सीमा पार आतंकवाद को और बढ़ा सकता है. पाकिस्तान में सत्ता संघर्ष की लड़ाई उसकी आतंरिक समस्या नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव हम पर भी पड़ सकता है.**

इतिहास में 'तख्तापलट' शब्द का प्रयोग पहली बार 19वीं सदी में हुआ था. अमेरिका, पुर्तगाल, स्पेन और लैटिन अमेरिकी देशों में तख्तापलट की घटनाएं हुईं. तख्तापलट वह प्रक्रिया है जिसमें सेना, अर्धसैनिक बल या विपक्षी दल मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को हटा देते हैं और स्वयं सत्ता पर काबिज हो जाते हैं.

सैन्य तख्तापलट में अक्सर एक दिखावटी असैन्य सरकार स्थापित कर दी जाती है, लेकिन नियंत्रण पूरी तरह सेना के हाथ में रहता है. पाकिस्तान का इतिहास भी ऐसे ही तख्तापलटों से भरा पड़ा है. पहला तख्तापलट 1953-54 में हुआ, जब तत्कालीन गवर्नर जनरल गुलाम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन की सरकार को बर्खास्त कर दिया. इसके बाद 1958 में राष्ट्रपति इस्कंदर अली मिर्जा ने संविधान सभा और फिरोज खान नून की सरकार को खत्म किया. तीसरा बड़ा तख्तापलट 1977 में हुआ, जब जनरल जियाउल हक ने जुल्फकार अली भुट्टो की सरकार गिरा दी. चौथा तख्तापलट 1999 में जनरल परवेज मुशर्रफ ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सरकार को हटाकर किया. अब जब पाकिस्तान एक बार फिर उथल-पुथल के दौर में है, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या वहां लोकतंत्र की बची-खुची आस्था फिर टूटेगी, या जनता किसी नये विकल्प की ओर देखेगी.

भारत के लिए यह स्थिति सतर्कता की मांग करती है, क्योंकि एक अस्थिर पड़ोसी देश सीमा-पार आतंकवाद और कूटनीतिक चुनौतियों को और बढ़ा सकता है.पाकिस्तान के भीतर चल रही यह सत्ता संघर्ष की लड़ाई केवल एक देश की आंतरिक समस्या नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है. ऐसे में यह जरूरी है कि भारत सतर्क रहे और समय रहते रणनीतिक नीतियों में आवश्यक बदलाव करे. पाकिस्तान की अस्थिरता एक बार फिर यह साबित कर रही है कि स्थायी शांति के लिए वहां स्थायी लोकतंत्र का स्थापित होना नितांत आवश्यक है.

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं.)**

## आज का इतिहास

- **1763:** ब्रिटिश सेना ने मीर कासिम को पश्चिम बंगाल के कटवा क्षेत्र में पराजित किया.
- **1827:** स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे का जन्म.
- **1900:** पेरिस में पहली मेट्रो चली. पहली मेट्रो सेवा लंदन में शुरू हो चुकी थी.
- **1940:** एडॉल्फ हिटलर ने ग्रेट ब्रिटेन को आत्मसर्मपण करने का आदेश दिया.
- **1969:** भारत सरकार ने देश के चौदह बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया.
- **1974:** क्रांतिकारी उधम सिंह की अस्थियों को लंदन से नई दिल्ली लाया गया.
- **2003:** रूस के यूरी माले थान्को अंतरिक्ष में शादी रचाने वाले पहले व्यक्ति बने.
- **2004:** दूर संचार उपग्रह लेकर एरियन-5 फ्रेंच गुयाना के कोरू प्रक्षेपण केन्द्र से रवाना.
- **2005:** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया.
- 2008: अमेरिका ने लंबी दूरी तक मार कर सकने में सक्षम मिसाइल का परीक्षण किया.

## ज्ञान का अहंकार हो जाए, तो पतन निश्चित है...

**चिंतन**

बहुत सी तीरंदाजी प्रतियोगिताएं जीत कर एक नौजवान खुद को सबसे बड़ा धनुर्धर मानने लगा. एक बार उसने एक प्रसिद्द ज़ेन मास्टर को चुनौती देने सुबह -सुबह उनके मठ जा पहुंचा.

मास्टर मैं आपको तीरंदाजी मुकाबले के लिए चुनौती देता हूं.युवक बोला. मास्टर ने चुनौती स्वीकार कर ली. मुक़ाबला शुरू हुआ. युवक ने अपने पहले प्रयास में ही दूर रखे लक्ष्य के बीचो -बीच निशाना लगा दिया. और अगले निशाने में उसने लक्ष्य पर लगे पहले तीर को ही भेद डाला. अपनी योग्यता पर घमंड करते हुए युवक बोला, कहिए मास्टर,क्या आप इससे बेहतर दिखा सकते हैं? यदि हां, तो कर के दिखाइए, यदि नहीं, तो हार मान लीजिए. मास्टर बोले, पुत्र,मेरे पीछे आओ. मास्टर चलते -चलते एक खतरनाक खाई के पास पहुंच गए. युवक यह सब देख कुछ घबराया और बोला, मास्टर, ये आप मुझे कहां लेकर आए? मास्टर बोले, घबराओ मत, हम पहुंच ही गए हैं, बस अब हमें इस ज़र्ज़र पुल के बीचो -बीच जाना है. युवक ने देखा-दो पहाड़ियों को जोड़ने के लिए किसी ने लकड़ी के एक पुल बनाया था, और मास्टर उसी पर जाने के लिए कह रहे थे. मास्टर पुल के बीचो–बीच पहुंचे, कमान से तीर निकाला और दूर पेड़ के तने पर सटीक निशाना लगाया. निशाना लगाने के बाद मास्टर बोले,आओ पुत्र, अब तुम उसी पेड़ पर निशाना लगा कर अपनी दक्षता सिद्ध करो.युवक डरते -डरते बढ़ा और पुल के बीचों–बीच पहुंच कर कमान से तीर निकाल निशाना लगाया पर निशाना लक्ष्य के आस -पास भी नहीं लगा.युवक निराश हो गया और अपनी हार स्वीकार कर ली. तब मास्टर बोले, पुत्र, तुमने तीर-धनुष पर तो नियंत्रण हांसिल कर लिया, पर तुम्हारा अपने मन पर अभी भी नियंत्रण नहीं है. पुत्र, इस हमेशा ध्यान रखो, जब तक हममें सीखने की जिज्ञासा है, ज्ञान में वृद्धि होती है लेकिन जब आप में सर्वश्रेष्ठ होने का अहंकार आ जाए, तभी से उसका पतन शुरू हो जाता है.युवक को एहसास हो गया कि उसका धनुर्विद्या का ज्ञान बस अनुकूल स्थिति में कारगर है और उसे अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है; उसने अपने अहंकार के लिए मास्टर से क्षमा मांगी और सदा एक शिष्य की तरह सीखने और अपने ज्ञान पर घमंड ना करने की सौगंध ली.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #GetBlessings
2. #ParentsChildBonding
3. Saint Dr MSG
4. #TimeTestedRemedies
5. #TransformingBihar
6. #தமிழ்நாடு_நாள்
7. Stay Healthy
8. Trusted Ayurveda
9. PTD IS OUT NOW
10. The Resistance Front



# अनुपम खेर ने खोले निजी जिंदगी के पन्ने बोले- मेरी शादी परियों की कहानी जैसी है



> **अनुपम खेर ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में अपनी शादी और जीवन के अनुभवों को लेकर बेहद ईमानदारी से बात की.**

**दिग्गज** अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी फिल्म 'तन्वीः द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू में अनुपम खेर ने अपने निजी जीवन को लेकर भी खुलकर बात की. उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी किरण खेर के साथ उनका रिश्ता बेहद खास है, लेकिन एक बात है जो उन्हें अब भी खलती है, वह है उनका खुद का बच्चा न होना. अनुपम की यह बात उनके प्रशंसकों को भी भावुक कर गई. अनुपम खेर ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में अपनी शादी और जीवन के अनुभवों को लेकर बेहद ईमानदारी से बात की. उन्होंने कहा, मैंने इस हकीकत को कबूल कर लिया है कि जिंदगी में असफलताएं आना तय है और खुद को बेहतर बनाने के लिए लगातार मेहनत करनी पड़ती है. ऐसा नहीं है कि मेरी शादी परियों की कहानी जैसी है. हर रिश्ते में थकान आती है. एक वक्त ऐसा आता है जब वह जज़्बा, वह जुनून कुछ कम हो जाता है, लेकिन जो यादें होती हैं, वे हमेशा बनी रहती हैं. रिश्ते को बचाने और संवारने का जो जज़्बा होता है, वही सबसे ज़रूरी होता है और यही हमारी शादी की खूबसूरती है. पत्नी किरण खेर के साथ रिश्ते पर की बातअनुपम खेर ने अपने एक इंटरव्यू में बेहद भावुक अंदाज़ में अपनी पत्नी किरण खेर के साथ रिश्ते पर बात की. उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मैंने उन्हें कई बार तकलीफ पहुंचाई है, लेकिन मैंने जो चीज हमेशा ज़िंदा रखी है, वो है उनके लिए मेरा सम्मान, मेरी संवेदनशीलता और मेरी भावनाएं. जब उनसे पूछा गया कि क्या शादीशुदा ज़िंदगी के लिए दो लोगों का एक-दूसरे के अनुकूल होना ज़रूरी है, तो अनुपम बोले, आप बताइए, आपके माता-पिता कितने सालों से साथ हैं? क्या उन्होंने एक-दूसरे में अनुकूलता ढूंढी थी? मुझे तो लोगों को वैसे ही अपनाना अच्छा लगता है, जैसे वो असल में हैं. उनकी ये बातें इस बात की गवाही देती हैं कि किसी भी रिश्ते की नींव स्वीकृति, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव पर टिकी होती है, न कि केवल परफेक्ट मेल की तलाश पर.

अनुपम खेर ने अपनी जिंदगी के एक अहम पहलू पर दिल छू लेने वाली बात शेयर की. उन्होंने कहा, मुझे इस बात का अफसोस है कि मैंने अपनी आंखों के सामने कभी किसी बच्चे को बड़ा होते नहीं देखा. पहले तो इस बात का एहसास नहीं हुआ, लेकिन जब मैं 60 साल का हुआ, तब जाकर मुझे अपने बच्चे की कमी गहराई से महसूस होने लगी. बचपन से ही मुझे बच्चों से बेहद लगाव रहा है. अगर मैं कहूं कि मुझे अपने बच्चे की कमी नहीं खलती, तो ये झूठ होगा. उनकी इन भावनाओं ने यह साबित कर दिया कि सफलता और शोहरत के बावजूद कुछ खालीपन ऐसा होता है, जिसे समय भी पूरी तरह भर नहीं पाता. अनुपम खेर की निजी ज़िंदगी में दो शादियों का सफरउनकी पहली शादी 1979 में अभिनेत्री मधुमालती कपूर से हुई थी, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा समय तक टिक नहीं पाया और कुछ वर्षों बाद दोनों अलग हो गए. इसके बाद 1985 में अनुपम ने किरण खेर से शादी की. किरण की भी यह दूसरी शादी थी. उनकी पहली शादी गौतम बेरी से हुई थी, जिनसे उन्हें एक बेटा सिकंदर है. किरण और अनुपम ने मिलकर एक खुशहाल जीवन बिताने की कोशिश की और माता-पिता बनने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए. हालांकि, कई कोशिशों के बावजूद वे अपने खुद के संतान का सुख नहीं पा सके. फिर भी दोनों ने एक-दूसरे का साथ मजबूती से निभाया और सिकंदर को प्यार और परवरिश दी.

## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें. अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. पुराने मित्र मिलेगें. शुभांक-4-6-7

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. रोजगार में तरक्की मिलेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. शत्रुओं की पराजय होगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-1-3-5

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-5-7-8

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कलह विवाद का डर बना रहेगा. पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. मनोरथ सिद्घि का योग है. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शुभांक-1-4-8

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. आय के अच्छे योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-1-4-6

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. सेहत का विशेष ख्याल रखें, इसका पाया कमजोर रहेगा. शुभांक-2-4-6

# आने वाली फिल्म में भूतनी का किरदार निभाएंगी करीना




अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपने करियर में कई प्रभावशाली किरदार निभाए हैं. कभी चुलबुली 'गीत' बनकर तो कभी गंभीर भूमिकाओं में उन्होंने दर्शकों का दिल जीता है. मां बनने के बाद भी उनके करियर की रफ्तार धीमी नहीं पड़ी, बल्कि उन्हें और भी चुनौतीपूर्ण और विविध भूमिकाएं मिल रही हैं. अब खबर है कि करीना एक नई फिल्म में भूतनी की भूमिका में नजर आएंगी. दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म में वह खुद से करीब 20 साल छोटे हीरो संग रोमांस करती भी दिखेंगी. करीना कपूर इस वक्त 44 साल की हैं और एक बार फिर वह एक दिलचस्प भूमिका में नजर आने वाली हैं. फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के सह-लेखक हुसैन दलाल की आगामी फिल्म में करीना मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जिसमें वह एक भूतनी के किरदार में दिखाई देंगी. खास बात यह है कि इस फिल्म में उनका रोमांस उनसे काफी छोटे करीब 20 साल के एक युवा अभिनेता के साथ दिखाया जाएगा. यह फिल्म एक डरावनी, लेकिन ताजगी से भरपूर प्रेम कहानी होगी, जो भूतिया माहौल में भी एक अनोखी दुनिया रचने की कोशिश करेगी. मेकर्स का मानना है कि करीना इस रोल के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं और वह इस किरदार में एक नया अंदाज़ लेकर आएंगी. फिल्म के बाकी कलाकारों के नाम पर अभी सस्पेंस बना हुआ है और आधिकारिक घोषणा का इंतज़ार किया जा रहा है. दिलचस्प बात यह है कि हिंदी सिनेमा में अक्सर बड़े उम्र के हीरो को यंग हीरोइनों के साथ देखा गया है, लेकिन अब यह ट्रेंड उलटता नज़र आ रहा है और करीना इस बदलाव का नेतृत्व करती दिखेंगी. हुसैन दलाल ने अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1' के संवाद लिखे थे. इसके अलावा उन्होंने 'मार्गरेट विद द स्ट्रॉ', '2 स्टेट्स', 'ये जवानी है दीवानी' और 'शेमलेस' जैसी कई चर्चित फिल्मों में भी संवाद और लेखन का योगदान दिया है. हुसैन अपने संवेदनशील लेखन और गहराई से भरे संवादों के लिए जाने जाते हैं, जो उनकी फिल्मों को एक खास पहचान देते हैं.

# 'सन ऑफ सरदार-2' का नया गाना 'पो पो' रिलीज




अजय देवगन अब अपनी हिट फिल्म 'सन ऑफ सरदार' के सीक्वल 'सन ऑफ सरदार-2' के साथ दर्शकों के बीच लौट रहे हैं. इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है और इसका इंतजार बड़ी बेसब्री से किया जा रहा है. फिल्म 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. रिलीज से पहले फिल्म का नया गाना 'पो पो' जारी कर दिया गया है, जिसे पॉप सिंगर गुरु रंधावा ने गाया है. गाने में पंजाबी बीट्स, मस्ती और एनर्जी का तड़का देखने को मिलता है, जो फिल्म के टोन को सेट करता है. 'पो पो' दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देने वाला ट्रैक बन चुका है, और सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है. 'सन ऑफ सरदार-2' में इस बार अजय देवगन के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की जोड़ी नजर आएगी. यह पहली बार है जब अजय और मृणाल बड़े पर्दे पर एक साथ दिखेंगे, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है. फिल्म में अभिनय का दमदार संगम देखने को मिलेगा, जिसमें रवि किशन, कुब्रा सेठ, संजय मिश्रा, दीपक डोबरियाल, विंदू दारा सिंह, मुकुल देव, चंकी पांडे और नीरू बाजवा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं. इस बार निर्देशन की जिम्मेदारी विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है. 'सन ऑफ सरदार-2' साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल है, जो अब एक नए अध्याय के साथ दर्शकों के दिलों को जीतने के लिए तैयार है.

# वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का प्रीमियर 13 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर



अभिनेता प्रतीक गांधी को हाल ही में फिल्म 'फुले' में देखा गया था. भले ही 'फुले' बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन प्रतीक के अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों ने काफी सराहा. अब प्रतीक गांधी की अगली पेशकश है वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा', जिसका निर्देशन गौरव शुक्ला कर रहे हैं. इस सीरीज में प्रतीक एक बिल्कुल नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे. 'सारे जहां से अच्छा' को लेकर दर्शकों में उत्सुकता पहले से ही बनी हुई है और अब इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठ चुका है. वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का प्रीमियर 13 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है. निर्माताओं ने इस खबर की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, ₹प्रतीक गांधी के पास आपके लिए एक मिशन है!₹ इस थ्रिलर और एक्शन से भरपूर सीरीज में प्रतीक गांधी एक दमदार और नए अवतार में नजर आएंगे. उनके साथ सनी हिंदुजा, सुहैल नैय्यर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखेंगे. 'सारे जहां से अच्छा' का पहला वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें प्रतीक गांधी का दमदार और धाकड़ लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है. सीरीज की थीम, इसकी स्टारकास्ट और देशभक्ति से जुड़ा प्लॉट इसे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देखने के लिए और भी खास बना देता है.

## ब्रीफ न्यूज

### मुजफ्फरपुर में स्कूल वैन नदी में गिरी, चालक फरार

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र अंतर्गत केरमा डीह में शुक्रवार सुबह एक स्कूल वैन अनियंत्रित होकर कदाने नदी में जा गिरी. हादसे के वक्त वैन में तीन बच्चे सवार थे. स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया गया, जिनमें से एक बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया.घायल बच्चों की पहचान 6 वर्षीय अनुष्का कुमारी पिता- निर्शन सहनी, 8 वर्षीय आरोही कुमारी और 7 वर्षीय नैना कुमारी के रूप में की गई है. तीनों बच्चे केरमा डीह गांव के ही रहने वाले हैं और पास के एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं.

### मतदाता सूची अनियमितता मामले की पड़ताल की गई

**अररिया ।** राजद की एक विशेष टीम पटना से अररिया पहुंची और फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हो रही अनियमितताओं की पड़ताल कर रही है. राजद के वरीय नेता डॉ एसएम हुसैन, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव इंजीनियर आयुष अग्रवाल एवं युवा नेता किंग यादव ने फारबिसगंज प्रखंड के रामपुर पंचायत का भ्रमण किया और आम लोगों से मिलकर पुनरीक्षण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी ली. जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उनके घर पर बीएलओ आए ही नहीं, फिर भी उनके नाम से फॉर्म भर दिए गए हैं.

### एसएसबी ने सेब तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया।** भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी डुमरिया के जवानों ने बीती मध्य रात्रि गश्ती के दौरान मिले गुप्त सूचना पर भारी मात्रा में नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे चाइनीज सेब को जब्त किया. मामले को लेके एसएसबी ने एक तस्कर को हिरासत में लिया है.जिससे एसएसबी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं.सेब को अवैध तरीके से तस्करी कर तस्कर भारतीय क्षेत्र में लाकर जमा कर रहा था.इसी दौरान मिली गुप्त सूचना पर एसएसबी जवानों की स्पेशल गश्ती टीम ने यह उपलब्धि हासिल की. मामले की पुष्टि एसएसबी 52 वीं वाहिनी के कमांडेंट महेन्द्र प्रताप ने भी की.

## 125 यूनिट बिजली मुफ्त का प्रस्ताव आज ही कैबिनेट से होगा पास

# बिहार में वर्ष 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था : नीतीश कुमार

**संवाददाता । पटना**



पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले क्या हाल था, आप सभी जानते हैं. 2005 से पहले यहां कोई काम नहीं होता था. मुख्यमंत्री नीतीश ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री की मोतिहारी जनसभा में अपने संबोधन में कहा कि जब नवम्बर 2005 में भाजपा और जदयू की सरकार बनी, तब से लेकर 20 साल से हम काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से लोगों के हित में बिहार में बहुत काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी और 29 लाख लोगों को रोजगार दिया गया है. अब अगले 5 साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देंगे. नीतीश ने कहा कि पहले वे लोग (लालू-राबड़ी) कुछ भी पैसा नहीं लगाते थे. हमलोग धीरे-धीरे विकास के लिए पैसा बढ़ाते गए. हम सब काम कर रहे हैं. उन्होंने केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि बहुत काम किया गया है. सभी क्षेत्रों में तेजी से काम हो रहा है. शिक्षा और स्वास्थ्य पर बहुत काम हुआ है. पुल-पुलिया, सात निश्चय, हर घर बिजली, शौचालय, टोलों को पक्की सड़क से जोड़ने का काम किया गया है.

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बिहार में 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है. इसका प्रस्ताव आज ही कैबिनेट में पारित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस पर हमने आपस में बात कर ली है. यहां से जाते ही शाम में प्रस्ताव पारित हो जाएगा. उन्होंने कहा कि जहां कमी देख रहे, उसका समाधान कर रहे हैं. 50 हजार करोड़ की 430 योजनाओं की स्वीकृति दी है. प्रधानमंत्री ने बजट में आर्थिक सहायता दी. पर्यटन, बाढ़ के लिए पैसा दिए हैं. मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट स्थापना, कोसी परियोजना जैसे काम कराए हैं. इससे पहले सभा में मौजूद सभी लोगों को नीतीश कुमार ने एक्सरसाइज करवा दिया. नीतीश ने कहा- ऐ खड़ा हो, सब खड़ा हो. फिर सभा में मौजूद सभी लोगों को खड़ा करवाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत कराया. इसके बाद मंच पर बैठे प्रधानमंत्री भी अपनी कुर्सी से उठ गए और हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन किया.

### भोजपुरी सुपरस्टार रितेश पांडे और पूर्व आईपीएस जय प्रकाश सिंह ने थामा जन सुराज का दामन

**संवाददाता । पटना**



हिमाचल प्रदेश के पूर्व एडीजी जय प्रकाश सिंह और भोजपुरी सुपरस्टार एक्टर और सिंगर रितेश पांडे शुक्रवार को प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज में शामिल हो गए. बिहार के सारण जिले के रहने वाले पूर्व आईपीएस जय प्रकाश सिंह हिमाचल प्रदेश कैडर के आईपीएस रहे हैं. कुछ दिन पहले ही उन्होंने पद से इस्तीफा दिया था. रितेश ने इस मौके पर बिहार की राजधानी पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार के लोगों को आज भी मजदूरी के लिए मजबूर होना पड़ता है और इस सिस्टम को बदलने की ज़रूरत है. उन्होंने कहा कि सिस्टम को बदलने के लिए जो प्रशांत किशोर निकले हैं, हम उनके साथ हैं. इस दौरान उन्होंने एक गीत भी गाया ₹हम नया बिहार चाहते हैं, बिहार में ही रोज़ी-रोज़गार चाहते हैं, जनता का जन सुराज हो ये चाहते हैं. इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के पूर्व एडीजी जय प्रकाश सिंह ने भी वीआरएस लेकर जन सुराज की सदस्यता ली. उल्लेखनीय है कि भोजपुरी एक्टर और सिंगर रितेश पांडेय ने हाल में में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी. हालांकि उस वक्त उन्होंने यह नहीं बताया था कि वह किस दल से चुनाव मौदान में उतरेंगे.

आज उन्होंने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली. अब यह साफ हो गया है कि वह जन सुराज के टिकट पर बिहार के किसी विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा सकते हैं.

## धान रोपनी करने गईं दो महिलाएं लापता, एक का शव बरामद हुआ



**संवाददाता । भागलपुर**

भागलपुर के घोघा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव से धान रोपनी करने गईं दो महिलाओं के लापता होने का मामला सामने आया है. इनमें से एक महिला का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरी महिला की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम गेरुआ नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है. लापता महिलाओं की पहचान शाहपुर गांव निवासी बीरबल मंडल की पत्नी पिंकी देवी और कुलकुलिया गांव निवासी अशोक मंडल की पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है. दोनों महिलाएं बुधवार को मजदूरों की एक टोली के साथ साधोपुर कुशहा बहियार स्थित गेरुआ नदी पार कर प्रदीप यादव के खेत में धान रोपनी करने गई थीं.

**एक महिला का शव बरामद :** घटना के दो दिन बाद शुक्रवार सुबह रसलपुर थाना क्षेत्र के पकड़तल्ला गांव के पास गंगधार से एक महिला का शव बरामद हुआ. ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

**खेत मालिक पर डूबोकर मारने का आरोप :** लापता महिलाओं के परिजनों ने खेत मालिक प्रदीप यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि प्रदीप यादव ने नदी पार कराने के बहाने दोनों महिलाओं को डुबोकर मार दिया है.

**अधिकारी का बयान :** कहलगांव एसडीपीओ कल्याण आनंद ने बताया कि प्राथमिक जांच में दोनों महिलाओं के डूबने की आशंका है. एक महिला का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरी की तलाश में एसडीआरएफ की टीम गेरुआ नदी में सर्च अभियान चला रही है.

### पानी का तेज बहाव, गवाहों के बयान संदिग्ध

स्थानीय लोगों के मुताबिक, गेरुआ नदी में तीन-चार फीट गहराई में पानी था और तेज बहाव बना हुआ था. कथित तौर पर खेत मालिक के बेटे ने अन्य महिलाओं को हाथ पकड़कर नदी पार कराया था. साथ गई कुछ महिलाओं का कहना है कि उन्हें तो सुरक्षित नदी पार कराया गया, लेकिन उन्होंने रेखा और पिंकी को नदी पार करते नहीं देखा. रात होने और आसपास सन्नाटा होने के कारण सभी महिलाएं जल्दी-जल्दी अपने घर चली गईं.

### आक्रोशित अभिभावक और ग्रामीण सोमवार को विद्यालय में करेंगे ताला बंदी

**भागलपुर ।** जिले के मवि जगदीशपुर के छात्रों के अभिभावक तथा ग्रामीण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जगदीशपुर के दुर्भावना पूर्ण आचरण से आक्रोशित होकर सोमवार से मवि जगदीशपुर में पठन पाठन बंद कर देंगे. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जगदीशपुर को शुक्रवार को लिखित आवेदन देकर इस सूचना दे दिया गया है. जिसमें ग्रामीणों ने कहा है कि बार बार कहने पर भी आपके द्वारा साजिश के तहत बालक विद्यालय में बालिकाओं को शिफ्ट करने के लिए अड़े हैं. जबकि लोकनाथ हाई स्कूल जगदीशपुर में बालिका नहीं पढ़ती है. दूसरी ओर साजिश कर वर्ग छह से आठ के किसी भी बच्चों को पाठ्य पुस्तक नहीं दिया गया है. बिना पाठ्य पुस्तक कैसी पढ़ाई. ग्रामीण कहते कि जब से शिक्षा विभाग के क्राईम एंड कंट्रोल पटना में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जगदीशपुर का शिकायत किया गया है, तब से वे हमारे बच्चों के साथ भेदभाव कर रहें. साजिश कर हमारे बच्चों को मशाल प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया गया. अब जब पदाधिकारी होकर मवि जगदीशपुर के बच्चों से भेदभाव कर रहें हैं तो क्यों ना हम सभी विद्यालय को ही बंद कर दें.

## बलिया में पुजारी की करंट लगने से मौत

**संवाददाता । सीवान**



आंदर थाना क्षेत्र के बलिया गांव स्थित राम जानकी मंदिर में शुक्रवार को करंट लगने से पुजारी की मौत हो गई. मृतक की पहचान प्रिंस कुमार (19 वर्ष), पिता अर्जुन साह, निवासी टिकरी गांव (थाना-हुसैनगंज) के रूप में हुई है. मंदिर में वे वाल्मीकि दास नाम से पूजा-अर्चना किया करते थे. जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह प्रिंस मंदिर परिसर की सफाई कर फूल तोड़ने निकले थे. इसी दौरान वे बिजली के खुले तार की चपेट में आ गए. गंभीर रूप से झुलसे प्रिंस को ग्रामीणों ने आनन-फानन में आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुजारी की मौत की खबर से मंदिर परिसर और गांव में शोक की लहर दौड़ गई. मृतक की मां राजमती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीणों की भारी भीड़ श्रद्धांजलि देने मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी. पूर्व जिला परिषद सदस्य योगेंद्र यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और प्रशासन से आर्थिक मुआवजे की मांग की. ग्रामीणों ने भी इस हादसे पर दुख जताया और परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है.

### गोपालगंज और सीवान में भारी बारिश की चेतावनी

**पटना ।** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में बिहार के पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इसके अलावा उत्तर-मध्य बिहार में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है. गुरुवार को बिहार में भभुआ के भगवानपुर में सबसे ज्यादा 160.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी. मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और दक्षिण-पश्चिम बिहार के आसपास बना निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है. इसके प्रभाव से 20 जुलाई से बिहार में बारिश का सिस्टम और सक्रिय होगा, जिसके चलते 20 से 23 जुलाई तक अच्छी बारिश की संभावना है.

### खगमा नदी में डूबने से 12 वर्षीय छात्रा की मौत, घटना के बाद से गांव में मातम

**सहरसा।** सहरसा जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत कोपरिया गांव के पास स्थित खगमा पुल पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया. पुल के समीप नहाने के दौरान 12 वर्षीय छात्रा मौसम कुमारी की खगमा नदी में डूबने से मौत हो गई. बच्ची को अभी तक नहीं निकाला जा सका है. घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है. मौसम कुमारी कोपरिया वार्ड संख्या-13 निवासी अरुण यादव की पुत्री थी और स्कूल से पढ़ाई कर लौट रही थी. जानकारी के अनुसार, मौसम अपनी सहेलियों के साथ सलखुआ बाजार से लौटते समय खगमा पुल के पास रुकी, जहां सभी बच्चियां नदी में नहाने लगीं. इस दौरान मौसम गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी. साथ में मौजूद बच्चों ने शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी. सूचना मिलते ही परिजन, ग्रामीण और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और बच्ची की तलाश शुरू की गई. घटना की जानकारी मिलते ही सीओ पुष्पांजलि कुमारी और थाना पुलिस मौके पर पहुंचे. सीओ ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी जारी है और एसडीआरएफ को भी सूचना दे दी गई है ताकि राहत-बचाव कार्य में तेजी लाई जा सके.

---

## कारोबार

### आईटीआर-2 फॉर्म की ऑनलाइन फाइलिंग प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-2 फॉर्म के लिए ऑनलाइन आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइलिंग की सुविधा शुरू कर दी है, जिससे जटिल आय संरचना वाले लाखों करदाताओं को अपना आईटीआर ज्यादा आसानी से दाखिल करने में मदद मिलेगी. आयकर विभाग ने बयान जारी कर बताया कि आयकर रिटर्न फॉर्म आईटीआर-2 अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे गए डेटा के साथ ऑनलाइन दाखिल करने के लिए उपलब्ध है. इसके जारी होने के साथ ही वो सभी करदाता, जिनमें वेतनभोगी व्यक्ति भी शामिल हैं, जिनके पास कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो इनकम आदि हैं, आज से ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के जरिए अपना आयकर रिटर्न ऑनलाइन दाखिल करना शुरू कर सकते हैं. यह फॉर्म https://incometax.gov.in/iec/foportal/₹ पर उपलब्ध है. विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आईटीआर दाखिल करने की विस्तारित समय-सीमा पहले ही बढ़ा कर 15 सितंबर, 2025 कर दिया था.

## होम क्रेडिट इंडिया की स्टडी दि ग्रेड इंडियन वॉलेट 2025 में हुआ खुलासा

# स्थानीय यात्राओं व बाहर खाने में रांची सबसे आगे

**संवाददाता । रांची**

होम क्रेडिट इंडिया, एक अग्रणी कनज्यूमर फाइनेंस कंपनी, ने आज अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट 'द ग्रेट इंडियन वॉलेट 2025' के तीसरे संस्करण के निष्कर्षों का अनावरण किया. इस वर्ष के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि निम्न मध्यम वर्ग के भारतीयों की वित्तीय बेहतरी के दृष्टिकोण में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है. 'मैपिंग इंडियाज एस्पिरेशन्सः द ड्रीम्स इन एवरी वॉलेट' की थीम के साथ, यह अध्ययन देश के दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है और एक लचीले, आशावादी और तेजी से डिजिटल हो रही आबादी की तस्वीर पेश करता है, जो न केवल जीवंत है, बल्कि अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए फल-फूल रहा है.

यह अध्ययन वित्तीय बेहतरी के सूचकांक से प्राप्त अंतर्दृष्टि के साथ-साथ आय, व्यय, वॉलेट शेयर, आकांक्षाओं और विवेकाधीन खर्च पर विस्तृत डेटा का लाभ उठाते हुए, पूरे देश में उपभोक्ताओं के वित्तीय जीवन की एक झलक प्रदान करता है.



अध्ययन के अनुसार, देश की वित्तीय नब्ज मजबूत बनी हुई है, उपभोक्ता बढ़ती लागतों के अनुकूल होते हुए व्यावहारिक योजना और तेजी से महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण प्रदर्शित कर रहे हैं. यह भावना विशेष रूप से शिक्षा, नौकरी के अवसरों और किफायती ऋण की इच्छा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर उनके ध्यान में स्पष्ट है.

होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी, आशीष तिवारी ने कहा, ₹जब हमने 2023 में 'द ग्रेट इंडियन वॉलेट स्टडी' शुरू की, तो हम भारत की वित्तीय धड़कन को समझना चाहते थे. हमने जो पाया वह चुपचाप क्रांति की ओर बढ़ता एक देश था - लाखों परिवार बाधाओं को सीढ़ी में, चुनौतियों को अवसरों में बदल रहे थे.₹ उन्होंने आगे कहा, ₹इस साल के निष्कर्ष कुछ असाधारण बातें बताते हैंः आर्थिक बाधाओं के बावजूद, भारत का निम्न मध्यम वर्ग पहले से कहीं अधिक आशावादी, अधिक डिजिटल और अधिक दृढ़ है. उनका वित्तीय अनुशासन, उद्यमशीलता की भावना और अगली पीढ़ी की समृद्धि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमें नवाचार करने और उनकी #जिंदगी हिट बनाने में सच्चे भागीदार बनने के लिए प्रेरित करती है.

### संतुलन बनाना - आय व्यय और भारतीय वॉलेट

अध्ययन के अनुसार, 57% उत्तरदाताओं ने आय में वृद्धि की सूचना दी (पिछले साल 52% से अधिक). एक नाजुक वित्तीय संतुलन को दर्शाते हुए, निम्न मध्यम वर्ग के लिए औसत मासिक आय 33,000 है, जबकि आवश्यक खर्च 20,000 है, जो ऋण साल्यूशन तक पहुंचने की आवश्यकता को रेखांकित करता है. जबकि वित्तीय जिम्मेदारी तेजी से साझा की जा रही है - जिसमें घरेलू खर्चों में पुरुषों का योगदान 74% तक बढ़ गया है, और जेन जेड (61%) और मिलेनियल्स (73%) ने अपने घरेलू योगदान में वृद्धि की है - बढ़ती जीवन लागत निस्संदेह उनकी बचत करने की क्षमता को नया आकार दे रही है. बचत करने की तीव्र इच्छा के बावजूद, केवल 50% उत्तरदाताओं ने इस साल बचत करने की सूचना दी (2024 में 60% से कम), जिसमें 12% केवल बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार ले रहे थे, जो घर चलाने के लिए वित्तीय दबाव का संकेत देता है. अधिकांश महानगरीय शहरों के उपभोक्ता अधिक कमाना (36,000) जारी रखते हैं लेकिन उच्च लागत (23,000) भी वहन करते हैं, जबकि टियर-2 के निवासी कम आय (30,000) और खर्च (17,000) की रिपोर्ट करते हैं, जो क्षेत्रीय असमानताओं को रेखांकित करता है.

**रांची का अनूठा वित्तीय परिदृश्य :** रांची के निवासी एक स्वस्थ वित्तीय संतुलन बनाए हुए हैं, जहाँ औसत मासिक आय 28,000 है और खर्च 17,000 है जो 2025 में 59% निवासियों को बचत करने के लिए सक्षम बनाता है. आवश्यक खर्च समान रूप से वितरित होते हैंः 31% किराने के सामान पर और 15% प्रत्येक किराए और बच्चों की शिक्षा पर खर्च होता है. गौरतलब है कि मासिक चिकित्सा खर्च 3,094 हैं, जो छोटे शहरों में सबसे अधिक देखे गए खर्चों में से हैं. रांची विवेकाधीन खर्च में खुद को वास्तव में अलग दिखाता है, जो एक जीवंत जीवनशैली को दर्शाता है. निवासी स्थानीय यात्रा/पर्यटन (42%) और बाहर खाना खाने (39%) को प्राथमिकता देते हैं, इन श्रेणियों में सभी सर्वेक्षण किए गए शहरों में सबसे आगे हैं. इसके साथ ही, फिल्मों (31%) में भी उनकी अच्छी रुचि है. पिछले छह महीनों में, परिधान और एक्सेसरीज (43%) और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों (28%) पर भी महत्वपूर्ण खर्च देखा गया. डिजिटल वित्तीय जुड़ाव मजबूत है, रांची के 77% उपयोगकर्ता सक्रिय रूप से यूपीआई सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं. हालांकि, यह मजबूत निर्भरता लागत संवेदनशीलता से जुड़ी है, क्योंकि 42% लोग शुल्क लगाए जाने पर यूपीआई का उपयोग बंद कर देंगे. ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में 75% जागरूकता है, हालांकि चिंताजनक रूप से 21% शहर के उपयोगकर्ताओं ने ऐसे मामलों का शिकार होने की सूचना दी है. भविष्य की ओर देखें तो, रांची में आकांक्षाएं विशेष रूप से उद्यमशीलता वाली हैं, जिसमें व्यवसाय शुरू करना (39%) सबसे मजबूत वित्तीय प्राथमिकता के रूप में उभरा है, जो अन्य लक्ष्यों से काफी अधिक है, इसके बाद घर खरीदना (17%) है. भारत की वित्तीय नब्ज का आकलन रिपोर्ट भारत के निम्न मध्यम वर्ग के बीच आशावाद की एक मजबूत भावना का खुलासा करती है. होम क्रेडिट इंडिया का स्वामित्व वाला वित्तीय बेहतरी का सूचकांक आम तौर पर एक सकारात्मक उपभोक्ता दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें भविष्य की अपेक्षाओं का सूचकांक 2025 में 59 पर उच्च बना हुआ है, जो भविष्य के वित्तीय सुधार में मजबूत विश्वास को दर्शाता है.

### झारखंड में यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए गति खाता शुरू किया

**नयी दिल्ली ।** बैंकिंग को आसान, सरल और सुविधाजनक बनाने के बाद, फिनो पेमेंट्स बैंक अब इस दिशा में काम कर रहा है कि ग्राहक नया खाता खोलते ही तुरंत लेनदेन शुरू कर सकें. इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए फिनो पेमेंट्स बैंक ने आज एक नया बचत खाता "गति" लॉन्च किया है, जिसका अर्थ कई भारतीय भाषाओं में 'स्पीड' या 'तेज़ी' होता है.यह उत्पाद विशेष रूप से उन ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो किफायती तरीके से बैंकिंग सेवाओं के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना चाहते हैं. जैसे-जैसे भारत में डिजिटलकरण तेजी से बढ़ रहा है, यह ग्राहक वर्ग फिजिटल (फिजिकल + डिजिटल) से पूरी तरह डिजिटल की ओर रुख करने को तैयार है, और इसमें युपीआय को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति अहम भूमिका निभा रही है.कोई भी व्यक्ति झारखंड राज्य में फैले फिनो बैंक के 39911 मर्चेंट प्वाइंट्स में से किसी पर भी जाकर गति बचत खाता खोल सकता है और इसके लाभ उठा सकता है. यह ज़ीरो बैलेंस खाता केवल 100 की एकमुश्त खाता खोलने की फीस के साथ ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के माध्यम से तुरंत खोला जा सकता है. खाता खोलने के बाद ग्राहक मर्चेंट की सहायता से फिनोपे मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड कर सकते हैं, जो खुद युपीआय आयडी तैय्यार करता है जिससे तुरंत लेनदेन संभव हो जाता है. इसके अतिरिक्त, खाता रख-रखाव शुल्क सालाना नहीं बल्कि तिमाही 50 लिया जाता है, जिससे यह खाता ग्राहकों के लिए सुविधाजनक और किफायती बनता है.फिनो पेमेंट्स बैंक के नेशनल हेड (चैनल सेल्स) दर्पण आनंद ने कहा, ग्रामीण ग्राहकों, यहां तक कि वरिष्ठ नागरिकों में भी स्मार्टफोन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है. गति बचत खाता हमारी इस रणनीतिक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य इस वर्ग के ग्राहकों के लिए डिजिटल बैंकिंग को और अधिक सुलभ बनाना है. राज्यभर में फैले हमारे मर्चेंट ग्राहकों को गति खाता खोलने में सहायता कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे तुरंत लेनदेन के लिए तैयार हो जाएं.

## शेयर बाजार | कमजोर तिमाही नतीजों से बाजार में आई गिरावट

# 500 से ज्यादा अंक टूटा सेंसेक्स; निफ्टी 24968 पर बंद

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के लास्ट ट्रेडिंग सेशन यानी शुक्रवार (18 जुलाई) को गिरावट के साथ बंद हुए. रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं. कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की वजह से बाजार में गिरावट देखने को मिली. इसके अलावा प्राइवेट बैंक और फाइनेंशियल शेयरों में गिरावट ने शेयर बाजार को नीचे खींचा. एफआईआई की बिकवाली, अमेरिकी फेड नीति को लेकर वैश्विक अनिश्चितताएं और तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर कर दिया. तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को करीब 70 अंक की गिरावट लेकर 82,193.62 पर ओपन हुआ. खुलते ही इंडेक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिला. करोबार के दौरान यह 81,608.13 अंक तक फिसल गया था. अंत में यह 501.51 अंक या 0.61% गिरकर 81,757.73 पर बंद हुआ.

इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 25,108.55 पर ओपन हुआ. खुलने के कुछ देर बाद यह 25000 के सपोर्टिंग लेवल के नीचे चला गया. अंत में यह 143.05 अंक या 0.57 फीसदी गिरकर 24,968.40 पर बंद हुआ. वहीं, सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक सबसे ज्यादा 5.25 फीसदी की गिरावट लेकर बंद हुआ. कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक बैंक, भारती एयरटेल, टाइटन, इटरनल, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से गिरावट में रहे. दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, इंफोसिस और एमएंडएम के शेयरों में सबसे ज्यादा लाभ रहा.

सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी प्राइवेट बैंक 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ सबसे ज़्यादा गिरावट के साथ बंद हुआ. इंडेक्स में शामिल एक्सिस बैंक, आरबीएल बैंक, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक में 5 प्रतिशत से ज़्यादा की गिरावट दर्ज की गई. इसके अलावा, निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, तेल एवं गैस और फार्मा सभी लाल निशान में बंद हुए. दूसरी ओर, निफ्टी मेटल, मीडिया और आईटी में बढ़त दर्ज की गई. **ग्लोबल संकेत :** एशियाई मार्केट्स में शुक्रवार को मिलाजुला रुख देखने को मिल रहा है. वॉल स्ट्रीट से मिले पॉजिटिव संकेतों के बाद निवेशकों का कॉन्फिडेंस बढ़ा है.

### रिलायंस रिटेल ने अमेरिकी कंपनी केल्विनेटर का अधिग्रहण किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की रिलायंस रिटेल ने शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी केल्विनटर के अधिग्रहण की घोषणा की. हालांकि, कंपनी ने इसका खुलासा नहीं किया कि ये सौदा कितने में हुआ. रिलायंस रिटेल की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि कंपनी का यह कदम भारत के तेजी से बढ़ते कंज्यूमर ड्यूरेबल्स मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत करने की स्ट्रेटजी का एक हिस्सा है.

केल्विनटर को खरीदने का मकसद भारतीय घरों तक ग्लोबल लेवल के हाई क्वालिटी डिवाइसेज पहुंचाना है. केल्विनेटर को भारत में भरोसेमंद रेफ्रिजरेटर और 'द कूलेस्ट वन' जैसी यादगार टैगलाइन के लिए जाना जाता है. अब यह रिलायंस के बढ़ते पोर्टफोलियो का हिस्सा होगा. रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम. अंबानी ने कहा, ''केल्विनेटर का अधिग्रहण महत्वपूर्ण क्षण है, जो हमें भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीय वैश्विक नवाचारों की हमारी पेशकश को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाने में सक्षम बनाता है. साल 1963 में भारतीय बाजार में कदम रखने वाली अमेरिकी कंपनी केल्विनेटर एक शताब्दी से भी अधिक समय से वैश्विक स्तर पर घरेलू उपयोग के लिए रेफ्रिजरेटर, एसी, कूलर, वॉशिंग मशीन बना रही है. इस कंपनी ने 1970-80 के दशक में गोदरेज और अल्विन के साथ मिलकर भारतीय बाजार पर राज किया.

### रेसलिंग में उतरने की तैयारी में जुटे अमेरिकी म्यूजिक स्टार जेली रोल

# द अंडरटेकर और उनकी पत्नी से ले रहे ट्रेनिंग

एजेंसी। वाशिंगटन



अमेरिकी म्यूजिक स्टार और अब जल्द ही रेसलिंग की दुनिया में कदम रखने वाले जेली रोल का डब्ल्यूडब्ल्यूई में डेब्यू अब बस कुछ हफ्ते दूर है. वह अगले महीने होने वाले समरस्लैम में अपना पहला मैच लड़ने वाले हैं, और इसके लिए वह जबरदस्त तैयारी कर रहे हैं. जेली रोल ने खुलासा किया कि उन्हें कई दिग्गज डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स और हॉल ऑफ फेमर्स का साथ मिला है, जिन्होंने उन्हें इस नए सफर के लिए तैयार किया है.

जेली रोल ने बताया कि डब्ल्यूडब्ल्यूई के लीजेंडरी रेसलर द अंडरटेकर और उनकी पत्नी, पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार मिशेल मैककूल, ने उन्हें तीन घंटे का एक इंटेंस ट्रेनिंग सेशन दिया. इस सेशन में उन्होंने रिंग के अंदर के तकनीकी पहलुओं से लेकर परफॉर्मेंस आर्ट तक की बारीकियों पर फोकस किया. इसके अलावा केविन ओवेन्स ने भी उन्हें महत्वपूर्ण सलाह दी और हाल ही में डब्ल्यूडब्ल्यूई में शामिल हुए जैकब फातू ने जेली रोल के साथ तीन से चार घंटे की रेसलिंग प्रैक्टिस की.

जेली रोल की डब्ल्यूडब्ल्यूई एंट्री की कहानी पिछले हफ्ते के स्मैकडाउन एपिसोड में शुरू हुई, जो उनके गृह राज्य टेनेसी में आयोजित हुआ था. इस शो में उनका एक म्यूजिकल परफॉर्मेंस चल रहा था जिसे डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार लोगन पॉल ने बीच में रोक दिया. पॉल ने आरोप लगाया कि जेली रोल एक सेलिब्रिटी हैं जो प्रो रेसलिंग को सिर्फ अपने प्रचार के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं. इसके बाद रैंडी ऑर्टन ने जेली रोल का समर्थन करते हुए पॉल को रोका. लेकिन तभी ड्रू मैकइंटायर ने ऑर्टन को क्लेमोर किक से चौंका दिया. इसके बाद के एक इवेंट, सैटरडे नाइट मेन इवेंट में, ऑर्टन और मैकइंटायर के बीच सिंगल्स मैच हुआ. इस मैच में जेली रोल, ऑर्टन के कॉर्नर में मौजूद थे, जबकि लोगन पॉल मैकइंटायर के साथ थे.

मैच के दौरान जेली रोल ने पॉल को रिंग के बाहर धक्का दिया, जिससे ध्यान भटकने पर ऑर्टन ने मैकइंटायर को आरकेओ मारकर मैच जीत लिया. लेकिन मैच के बाद मैकइंटायर ने जेली रोल पर क्लेमोर किक से हमला कर दिया. इससे ऑर्टन भड़क गए और उन्होंने समरस्लैम में जेली रोल के साथ मिलकर मैकइंटायर और पॉल से बदला लेने की कसम खाई.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में डब्ल्यूडब्ल्यूई के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर ट्रिपल एच ने जेली रोल की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि जेली रोल डब्ल्यूडब्ल्यूई परफॉर्मेंस सेंटर (ऑरलैंडो, फ्लोरिडा) में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और रेसलिंग को लेकर उनका दृष्टिकोण और समर्पण काबिल-ए-तारीफ है. उन्होंने यह भी कहा कि जेली रोल उन चुनिंदा सेलिब्रिटीज में से हैं जो रेसलिंग को गंभीरता से ले रहे हैं. अब सबकी नजरें समरस्लैम पर टिकी हैं, जहां जेली रोल अपने डेब्यू मैच में रैंडी ऑर्टन के साथ टीम बनाकर मैकइंटायर और लोगन पॉल से भिड़ेंगे. यह देखना दिलचस्प होगा कि म्यूजिक इंडस्ट्री के इस सितारे का रिंग में कैसा प्रदर्शन रहता है.

# ग्लोबल सुपर लीग : बारिश ने छीन लिया रोमांच, स्टैग्स बनाम राइडर्स मुकाबला रद्द

एजेंसी। गुयाना



एक्सॉनमोबिल गुयाना ग्लोबल सुपर लीग (जीएसएल) के ग्रुप स्टेज का अंतिम मुकाबला गुरुवार रात बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे गत चैंपियन रंगपुर राइडर्स लगातार चौथी जीत से चूक गई. सेंट्रल स्टैग्स और राइडर्स के बीच यह मुकाबला प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाना था, लेकिन मौसम ने दोनों टीमों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. बारिश के कारण पहले मुकाबले को 17 ओवर प्रति पारी तक सीमित किया गया, जिसे बाद में घटाकर 14 ओवर कर दिया गया. हालांकि, दोबारा हुई भारी बारिश के चलते मुकाबला बिना नतीजे के रद्द कर दिया गया. इस दौरान केवल राइडर्स की पारी ही पूरी हो सकी, जिसमें वे 13.5 ओवर में मात्र 79 रन पर सिमट गए. राइडर्स की बल्लेबाजी स्टैग्स की गेंदबाजी के आगे संघर्ष करती नजर आई. भीगी पिच और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में केवल सैफ हसन और माहिदुल इस्लाम ही दोहरे अंक में पहुंच सके. बाकी बल्लेबाज लगातार दबाव में नजर आए और टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक भी नहीं पहुंच सकी.

सेंट्रल स्टैग्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, विशेषकर एंगस शॉ, जैडन लेनॉक्स और ब्लेयर टिकनर ने तीन-तीन विकेट झटककर राइडर्स की कमर तोड़ दी. प्रोविडेंस की पिच ने तेज़ और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाज़ी को सहायता दी, जिससे स्टैग्स को कुछ सकारात्मक लेकर लौटने का मौका मिला. हालांकि, बारिश ने राइडर्स को और बड़ी हार से बचा लिया क्योंकि स्टैग्स की टीम को बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिला. मुकाबला रद्द होने से दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला, लेकिन इसका असर प्वाइंट्स टेबल पर नहीं पड़ा क्योंकि राइडर्स पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी. अब सभी निगाहें शुक्रवार रात होने वाले फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां टूर्नामेंट की दो सबसे मजबूत टीमें – रंगपुर राइडर्स और मेज़बान गुयाना अमेज़न वॉरियर्स – खिताब के लिए आमने-सामने होंगी. आयोजकों को उम्मीद है कि मौसम सहयोग करेगा और दर्शकों को एक रोमांचक समापन देखने को मिलेगा.

### भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा महिला वनडे

# सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी हरमनप्रीत ब्रिगेड



एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार, को ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा. पहले मुकाबले में चार विकेट से जीत दर्ज कर चुकी भारतीय टीम इस मैच में जीत के साथ 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम का लक्ष्य सीरीज को जल्दी अपने नाम करना है, जिससे आगामी वनडे विश्व कप की तैयारियों को मजबूती मिले. पहले वनडे में शानदार अर्धशतक लगाने वाली दीप्ति शर्मा एक बार फिर टीम की अहम खिलाड़ी होंगी. उन्होंने अपनी पारी में ऋषभ पंत की शैली में एक हाथ से छक्का जड़कर सबका ध्यान खींचा था. दीप्ति के अलावा टीम की बल्लेबाजी में कप्तान हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और स्मृति मंधाना जैसे अनुभवी चेहरे मौजूद हैं. युवा बल्लेबाज प्रतीका रावल ने भी खुद को एक भरोसेमंद ओपनर के रूप में स्थापित किया है और वह मंधाना के साथ एक मजबूत शुरुआत देने की कोशिश करेंगी.

**भारत की संभावित टीम**

*हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे.*

इस बीच, अनुभवी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोट के चलते सीरीज से बाहर हैं. उनकी अनुपस्थिति में पहले मैच में मौका पाने वाली 21 वर्षीय क्रांति गौड़ ने दो विकेट लेकर प्रभावित किया. इस प्रदर्शन से उन्हें लॉर्ड्स में भी प्लेइंग इलेवन में बनाए रखा जा सकता है. स्पिन विभाग में एन श्री चरणी, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और राधा यादव की चौकड़ी मौजूद है, जिसने पहले मैच में इंग्लैंड को बांधकर रखा. दूसरी ओर, मेजबान इंग्लैंड को सीरीज में वापसी करने के लिए अपने खेल के तीनों विभागों – बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग – में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा.

### मैनचेस्टर टेस्ट से पहले टीम इंडिया के अजिंक्य रहाणे की सलाह

# एक अतिरिक्त गेंदबाज हो टीम में, तभी जीत संभव

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही रोमांचक टेस्ट सीरीज में लॉर्ड्स में मिली हार के बाद अब टीम इंडिया को मैनचेस्टर में वापसी की चुनौती है. इस बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने एक अहम सलाह दी है. रहाणे का मानना है कि अगर भारत को इंग्लैंड में टेस्ट मैच जीतना है, तो टीम में एक अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज को शामिल करना जरूरी है. उन्होंने यह बात अपने यूट्यूब चैनल पर साझा की और साथ ही भारत के हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल को भी यह सुझाव दिया. रहाणे को विदेशी धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का अच्छा अनुभव है. साल 2020-21 में, जब विराट कोहली पितृत्व अवकाश पर थे, तब रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया में टीम की कप्तानी करते हुए ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जिताई थी. भारत उस सीरीज का पहला मैच बुरी तरह हार गया था, लेकिन रहाणे के नेतृत्व में टीम ने जबरदस्त वापसी की. अब रहाणे इंग्लैंड में मौजूद हैं और लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी मैदान पर थे. उन्होंने गिल और गंभीर से मुलाकात कर इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे टेस्ट मैचों में टीम संयोजन को लेकर चर्चा की. रहाणे का मानना है कि अगर भारत को मैनचेस्टर में जीत हासिल करनी है तो टीम को एक अतिरिक्त गेंदबाज की जरूरत है, क्योंकि टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट लेना अनिवार्य है. उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि चौथे और पांचवें दिन बल्लेबाजी करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. इंग्लैंड ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की. लेकिन मुझे लगा कि भारत को पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने का मौका मिला था, जिसे उसने गंवा दिया. लॉर्ड्स टेस्ट में भारत की हार की एक बड़ी वजह बल्लेबाजी का विफल होना रहा. रहाणे ने केएल राहुल और ऋषभ पंत की साझेदारी की तारीफ की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि भारत लगभग 75-100 रन पीछे रह गया, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा. इसके अलावा, उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की फील्डिंग की तारीफ की, जिसने मैच का रुख पलट दिया.

गौतम गंभीर की कोचिंग में भारत ने हाल ही में टेस्ट टीम में कई ऑलराउंडर्स को शामिल किया है. लॉर्ड्स टेस्ट में रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी निचले क्रम तक बल्लेबाजी कर सकते थे, लेकिन फिर भी भारत 193 रनों के मामूली लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका. सुंदर ने दूसरी पारी में चार विकेट लिए, और नीतीश रेड्डी ने भी कुल तीन विकेट लेकर प्रभावित किया. ऐसे में इन खिलाड़ियों को टीम से बाहर करना भी आसान नहीं होगा. अगर टीम एक अतिरिक्त गेंदबाज को शामिल करना चाहती है तो कुलदीप यादव एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं. उनकी फिरकी इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है, खासकर जब पिच धीमी और टर्न लेने लगे. हालांकि, सवाल यह उठता है कि कुलदीप को शामिल करने के लिए टीम किस खिलाड़ी को बाहर करेगी? सुंदर और रेड्डी दोनों ने अपनी गेंदबाजी से योगदान दिया है, लेकिन भारत को बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा. 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले रहाणे की सलाह को नजरअंदाज करना भारत के लिए जोखिम भरा हो सकता है. रहाणे का स्पष्ट मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में जीत के लिए 20 विकेट जरूरी हैं, और इसके लिए एक अतिरिक्त गेंदबाज अनिवार्य है. अब देखना यह होगा कि कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर इस सलाह को कितना गंभीरता से लेते हैं और टीम संयोजन में क्या बदलाव करते हैं. भारत को अगर इस सीरीज में वापसी करनी है, तो रणनीति और संयोजन दोनों में सटीकता जरूरी होगी. मैनचेस्टर की पिच और इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखते हुए एक अतिरिक्त गेंदबाज टीम इंडिया के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है.

# जडेजा की जुझारू पारी को गंभीर और टीम ने सराहा



एजेंसी। नयी दिल्ली

लॉर्ड्स टेस्ट के आखिरी दिन भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने जबरदस्त संयम और जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए 181 गेंदों में नाबाद 61 रनों की शानदार पारी खेली. हालांकि यह पारी भारत को जीत नहीं दिला सकी, लेकिन उनके प्रयासों को कोचिंग स्टाफ और साथी खिलाड़ियों ने दिल खोलकर सराहा. भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो में जडेजा की तारीफ करते हुए कहा, यह एक अविश्वसनीय मुकाबला था. जड्डू का संघर्ष बिल्कुल शानदार था. गंभीर ने कहा कि 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जडेजा ने भारत को अंत तक मुकाबले में बनाए रखा. तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जडेजा की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा, जड्डू भाई बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग—हर विभाग में शानदार हैं. उनकी बल्लेबाजी में जो सुधार आया है, वह टीम के लिए हर मुश्किल परिस्थिति में उपयोगी साबित होता है. हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास ऐसा खिलाड़ी है. सहायक कोच रयान टेन डोएशेट ने भी जडेजा की बुमराह और सिराज के साथ की गई 35 और 23 रनों की साझेदारियों को अहम बताया. उन्होंने कहा, पिछले दो टेस्ट में जडेजा ने जिस निरंतरता और संयम का प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसनीय है. उनका डिफेंस अब बेहद मजबूत हो चुका है और वह एक बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में उभरे हैं. भारत के बल्लेबाजी कोच और सौराष्ट्र टीम में जडेजा के पूर्व साथी सीतांशु कोटक ने उन्हें टेस्ट टीम का एक मूल्यवान सदस्य बताया. उन्होंने कहा, जड्डू में दबाव झेलने की गजब की क्षमता है. वह हर मुश्किल परिस्थिति में टीम के लिए कुछ न कुछ करते हैं. भारत अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में वापसी की कोशिश करेगा, जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में खेला जाएगा. भारतीय फैंस को उम्मीद है कि टीम अंतिम दोनों मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाएगी.

# फिडे महिला विश्व कप : चारों भारतीय खिलाड़ी प्री-क्वाफा में टाईब्रेक की जंग में

एजेंसी। नयी दिल्ली



फिडे महिला शतरंज विश्व कप में भारत की चारों प्रमुख खिलाड़ी – दिव्या देशमुख, आर. वैशाली, कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली – प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबलों के बाद टाईब्रेक में पहुंच गई हैं. अब इन चारों की किस्मत टाईब्रेक के निर्णायक मुकाबलों में तय होगी, जो गुरुवार शाम भारतीय समयानुसार 4:35 बजे से खेले जाएंगे. दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की झू जिनर के खिलाफ दिव्या देशमुख ने बुधवार को पहले गेम में शानदार जीत दर्ज की थी. उस समय सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने आक्रामक शैली अपनाई और जीत हासिल की. लेकिन गुरुवार को ब्लैक मोहरों से खेलते हुए वे स्कॉच ओपनिंग के बाद मिडिल गेम में कमजोर स्थिति में आ गईं. झू ने इस मौके का फायदा उठाकर मुकाबला जीत लिया और स्कोर 1-1 से बराबर कर टाईब्रेक तक खींच लिया. दूसरी ओर, आर. वैशाली का मुकाबला कजाकिस्तान की मेरुर्ट कामालिदेनोवा से हुआ, जहां दोनों गेम ड्रॉ रहे. गुरुवार को वैशाली ने ब्लैक मोहरों से सधी हुई चालें चलीं और कोई गलती न करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचाया. अनुभवी कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली ने क्रमशः स्विट्जरलैंड की अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक और रूस की कैटेरीना लगनो के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए अपने मुकाबले ड्रॉ किए.

# डिओगो जोटा को वुल्व्स हॉल ऑफ फेम में दी गई मरणोपरांत श्रद्धांजलि

एजेंसियां। लंदन

इंग्लिश फुटबॉल क्लब वुल्वरहैम्प्टन वांडरर्स (वुल्व्स) ने पुर्तगाली फुटबॉलर डिओगो जोटा को अपने प्रतिष्ठित हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की घोषणा की है. यह फैसला क्लब ने जोटा के असामयिक निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप लिया है. क्लब ने यह भी बताया कि जोटा के साथ उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा की भी 3 जुलाई को एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. डिओगो जोटा, जिन्होंने 2017 में एटलेटिको मैड्रिड से वुल्व्स जॉइन किया था, ने क्लब के लिए 131 मैचों में 44 गोल किए. वह 2017-18 सीज़न में वुल्व्स की चैम्पियनशिप जीत और प्रीमियर लीग में प्रमोशन के मुख्य नायक रहे. उनकी कार्यशैली, जुनून और मैदान पर योगदान ने उन्हें प्रशंसकों के बीच एक विशेष स्थान दिलाया.

वुल्व्स द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि क्लब के हॉल ऑफ फेम का संचालन एक स्वतंत्र समिति करती है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व दिग्गज खिलाड़ी जॉन रिचर्ड्स करते हैं. आमतौर पर किसी खिलाड़ी को हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की प्रक्रिया में हफ्तों लगते हैं, लेकिन इस दुखद घटना को देखते हुए निर्णय सर्वसम्मति से और तुरंत लिया गया.

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान मंधाना ने मनाया 29वां जन्मदिन

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना शुक्रवार, 18 जुलाई को अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं. मंधाना को विश्व की बेहतरीन बल्लेबाजों में गिना जाता है और उन्होंने टीम इंडिया के लिए सभी फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है. उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी जबरदस्त है. इस खास मौके पर उनकी जिगरी दोस्त और टीम की दिग्गज बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने एक मजाकिया कमेंट कर क्रिकेट फैंस को हंसाया और चौंकाया भी. स्मृति मंधाना ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपनी ताजा फोटो पोस्ट की, जिस पर उनके बॉयफ्रेंड पलाश मुच्छल ने "एडवांस हैप्पी बर्थडे माई क्वीन" लिखकर प्यार जताया. इसी पोस्ट पर जेमिमा रोड्रिग्स ने कमेंट करते हुए लिखा, 39 साल की होने से पहले अपना आखिरी दिन एंजॉय करें, सॉरी 29 साल. इस मजाकिया टिप्पणी पर मंधाना ने मुस्कुराते हुए प्रतिक्रिया दी.

**क्रिकेट** | अपना 27वां जन्मदिन मना रहे ईशान की टीम में वापसी लग रही है मुश्किल

# किशन ने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2023 में खेला था

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के प्रतिभाशाली विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन आज अपना 27वां जन्मदिन मना रहे हैं. कभी महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी के रूप में देखे जा रहे ईशान का करियर इन दिनों गंभीर संकट में है. लंबे समय से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर चल रहे ईशान की टीम इंडिया में वापसी अब मुश्किल नजर आ रही है. ईशान किशन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में खेला था. इसके बाद उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे से अचानक वापस लौटना पड़ा. इस वापसी को लेकर कई तरह की चर्चाएं हुईं और उन पर अनुशासनहीनता के आरोप लगे. इसी के चलते 2024 में बीसीसीआई ने उन्हें केंद्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया. ईशान के करियर को तब और झटका लगा जब आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपनी टीम में बनाए नहीं रखा. इतना ही नहीं, नीलामी में भी मुंबई ने उन्हें खरीदने की कोशिश नहीं की. हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद ने उन पर भरोसा जताते हुए 11.25 करोड़ रुपये में खरीदा. आईपीएल 2025 के पहले ही मुकाबले में उन्होंने शानदार शतक जड़कर उम्मीदें जगाईं, लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन औसत ही रहा.

बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट की सबसे बड़ी नाराजगी ईशान किशन के घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने को लेकर रही है. वर्ल्ड कप के बाद ईशान ने ब्रेक लिया, जिसे शुरू में बोर्ड ने समर्थन भी दिया. लेकिन जब वे रणजी ट्रॉफी जैसे अहम घरेलू टूर्नामेंट में नहीं खेले और आईपीएल से पहले हार्दिक पंड्या के साथ ट्रेनिंग करते नजर आए, तो बोर्ड का रवैया सख्त हो गया. टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा था कि भारत के लिए खेलने की चाह रखने वाले हर खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा. भले ही उन्होंने ईशान के ब्रेक का सम्मान किया, लेकिन यह साफ कर दिया कि चयन के लिए घरेलू प्रदर्शन अनिवार्य है. ईशान किशन ने अब तक टीम इंडिया के लिए 2 टेस्ट मैचों में 78 रन, 27 वनडे मैचों में 933 रन और 32 टी20 मुकाबलों में 796 रन बनाए हैं. उन्होंने वनडे में एक दोहरा शतक भी जड़ा है, जो उनके टैलेंट का प्रमाण है. लेकिन इन आँकड़ों के बावजूद उनका टीम से बाहर रहना इस बात का संकेत है कि सिर्फ प्रतिभा नहीं, अनुशासन और निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है. 27वें जन्मदिन पर ईशान किशन के फैंस जरूर उनके कमबैक की दुआ कर रहे होंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि मौजूदा हालात में उनकी वापसी आसान नहीं दिखती. अगर ईशान फिर से टीम इंडिया का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करना होगा और बोर्ड के नियमों के अनुसार चलना होगा. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ईशान अपने करियर को फिर से पटरी पर ला पाते हैं या वह एक और मिस्ड टैलेंट के रूप में याद किए जाएंगे.

# यूरोपीय दौरा : बेल्जियम के खिलाफ भारतीय 'ए' पुरुष हॉकी टीम को 1-3 से हार

एजेंसियां। एंटवर्पन (बेल्जियम)



भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को यूरोपीय दौरे के तहत गुरुवार को खेले गए एक अहम मुकाबले में मेज़बान बेल्जियम से 1-3 की हार का सामना करना पड़ा. यह मुकाबला एंटवर्पन के स्पोर्टसेंट्रम विलरिज्कसेप्लेन मैदान में खेला गया. मैच में भारत की ओर से एकमात्र गोल टीम के कप्तान संजय ने अंतिम क्वार्टर में किया.

बेल्जियम ने मुकाबले की धमाकेदार शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में ही तीन गोल दाग दिए, जिससे भारतीय टीम पर शुरू से ही दबाव बन गया. शुरुआती झटकों के बाद हालांकि भारतीय खिलाड़ियों ने संयम और अनुशासन का परिचय देते हुए खेल में वापसी की कोशिश की. उन्होंने गेंद पर बेहतर नियंत्रण रखते हुए कई मौके बनाए, लेकिन उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सके. मैच के बाद टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की. उन्होंने कहा, हमारी शुरुआत कमजोर रही, जिससे हमें शुरुआती बढ़त गंवानी पड़ी, लेकिन खिलाड़ियों ने अच्छी वापसी की. गेंद की पोजिशनिंग काफी बेहतर थी और हमने मौके बनाए, लेकिन फिनिशिंग पर और काम करने की जरूरत है. कोच ने यह भी कहा कि यह दौरा खिलाड़ियों के विकास के लिए बेहद अहम है. ये युवा खिलाड़ी दुनिया की शीर्ष टीमों से मुकाबला कर रहे हैं, जिससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिल रहा है. आत्मविश्वास के साथ खेलना और अनुभव हासिल करना इनके भविष्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा, उन्होंने कहा. अब भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड्स का रुख करेगी, जहां उन्हें 18 और 20 जुलाई को क्रमशः रात 9:30 बजे और 8:30 बजे (भारतीय समयानुसार) दो मुकाबले खेलने हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से पोस्टमैन घायल

कालूबथान। कालूबथान ओपी क्षेत्र के लेदाहेरिया मोड़ स्थित जीओ टावर के पास शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार पोस्टमैन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुलियाडीह निवासी पोस्टमैन बुबाई गोराई अपने ड्यूटी समाप्त कर पातलाबाड़ी से घर लौट रहे थे. उसी दौरान ट्रैक्टर (संख्या JH 10 BH 9434) जो कि कलियासोल की ओर से पंचेत जा रहा था, ने सामने से उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुबाई गोराई का बांया पैर टूट गया, वह बुरी तरह घायल हो गए और उनकी बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.

### विधायक शत्रुघ्न ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

मधुबन। मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह कांटा स्थित संस्कृति भवन के पास शुक्रवार शाम को विधायक शत्रुघ्न महतो ने नए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया. यह ट्रांसफार्मर 12 जुलाई की रात बीसीसीएल के पुराने ट्रांसफार्मर से कॉइल चोरी हो जाने के बाद लगाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में अंधकार छा गया था. पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, पंचायत समिति सदस्य पिंटू बर्णवाल और वार्ड सदस्य राजीव मित्रा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक से शिकायत की, जिसके बाद विधायक ने बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता कर नया 500 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया. इस मौके पर विनोद सिंह, गौरचंद बाउरी, सुशील मिस्त्री, राजीव मित्रा, पंकज बर्णवाल, संजीव पॉल, सुब्रतो घोष (इंजीनियर), जे.के. जायसवाल (एजीएम), विश्वनाथ महतो (सुपरवाइज़र), सतीश, नरेश पंडित (बिजली विभाग), अभिषेक सुमन, अनिल उपाध्याय, नागेंद्र सिंह, पिंटू बर्णवाल, सौरव बर्णवाल, चंदन सिंह, कन्हैया मिश्रा आदि शामिल थे.

### मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक

धनबाद। धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में 17-18 जुलाई को स्थायी वार्ता तंत्र की दो दिवसीय बैठक का आयोजन हुआ. बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने की. इसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लॉइज यूनियन के पदाधिकारियों के साथ कर्मचारी कल्याण एवं रेलहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. मंडल रेल प्रबंधक ने यूनियन को 2024 के सेक्रेट बैलेट चुनाव में विजय प्राप्त कर मान्यता प्राप्त यूनियन बनने पर बधाई दी और रेलकर्मियों के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई. उन्होंने बताया कि धनबाद मंडल ने माल लदान, यात्री सेवा, राजस्व सृजन और परियोजना समयसीमा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.

बैठक में पदोन्नति, एमएसीपी, चिकित्सा व शैक्षणिक सहायता, समापक भुगतान और अनुकंपा नियुक्ति जैसे कर्मचारी हित से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा हुई. डीआरएम ने यूनियन के सहयोगात्मक रवैये की सराहना करते हुए सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

बैठक में यूनियन के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साव, सचिव सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) विनीत कुमार सहित मंडल के कई अधिकारी मौजूद रहे.

### हजारीबाग जिला खनन कार्यालय में केंद्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी, अफरातफरी मची

# कोल लिंकेज घोटाले से जुड़ा है पूरा मामला

शुभम संदेश। हजारीबाग



एक बार फिर हजारीबाग जिला खनन कार्यालय में केंद्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है. शुक्रवार को दोपहर लगभग 11 बजे शुरू हुई यह छापेमारी देर शाम तक जारी रही. बताया जा रहा है कि एजेंसी को कुछ बेहद अहम इनपुट प्राप्त हुए थे, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई. छापेमारी के दौरान कार्यालय में अफरातफरी मच गई और अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हड़कंप देखा गया. जानकारी के अनुसार, पांच सदस्यीय टीम द्वारा यह छापेमारी की गई, जिसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल थीं. टीम ने खनन कार्यालय से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें मंगवाई हैं, जिन्हें बारीकी से खंगाला जा रहा है. बताया जा रहा है कि यह सभी दस्तावेज विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर मांगे गए हैं. जांच के दौरान जिला खनन पदाधिकारी भी मौजूद रहे और सहयोग करते देखे गए.

गौरतलब है कि हाल ही में हजारीबाग और उसके आसपास के क्षेत्रों में केंद्रीय एजेंसी द्वारा कई छापेमारी की गई थीं. इनमें बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का आवास समाधान भवन, उनके करीबी सहयोगी मंटू सोनी, पंचम कुमार, मनोज दांगी, चर्चित सीए बादल गोयल, कटकमदाग प्रमुख कुमारी विनीता और दो अन्य व्यक्तियों के ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई थी. ताजा छापेमारी को भी इन्हीं कार्रवाइयों की कड़ी से जोड़ा जा रहा है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह छापेमारी कथित कोल लिंकेज घोटाले से जुड़ी है, जिसमें हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की भूमिका जांच के घेरे में है. बताया जाता है कि अंसारी को राज्य सरकार की अनुशंसा पर कोल इंडिया की 13 सेल कंपनियों से कोल लिंकेज प्राप्त हुआ था. आरोप है कि लघु एवं मध्यम उद्योगों के नाम पर आवंटित कोयला मंडी में बेच दिया गया, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ. खनन विभाग ने हाल ही में इस घोटाले के मद्देनजर 142 कंपनियों का कोल लिंकेज समाप्त कर दिया था और उन्हें अग्रिम रूप से जमा राशि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम को लौटाने का निर्देश भी जारी किया गया था. मार्च 2023 में भी इजहार अंसारी के पेलावल रोड स्थित आवास पर छापेमारी की गई थी, जिसमें नकदी और अहम दस्तावेज बरामद हुए थे. फिलहाल, केंद्रीय एजेंसी द्वारा छापेमारी की पुष्टि तो की गई है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस पर औपचारिक बयान नहीं दिया है. पूरे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच एजेंसी हर पहलू को गंभीरता से खंगाल रही है. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस घोटाले में और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं.

### सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे विनोबा भावे विश्वविद्यालय

# कुलपति को भेंट किए दो स्पोर्ट्स किट्स

शुभम संदेश। हजारीबाग



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि), हजारीबाग पहुंचे. इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो स्पोर्ट्स किट कुलपति प्रो. चंद्रभूषण शर्मा को भेंट किए. एनआरएल (नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड) के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के छह शैक्षणिक संस्थानों को कुल 12 स्पोर्ट्स किट वितरित किए जा रहे हैं, जिनमें विभावि को दो किट दिए गए. इन किट्स में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन के संपूर्ण खेल सामग्री शामिल हैं. मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह पहल युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने, उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने तथा नशामुक्त जीवनशैली को अपनाने के उद्देश्य से की गई है. उन्होंने कहा कि हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पास खेल के लिए आधारभूत संरचनाएं होने के बावजूद खेल गतिविधियां सुस्त हैं. ऐसे में यह प्रयास विद्यार्थियों को खेल से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है.

सांसद ने आगे बताया कि +2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, एस.एस. +2 उच्च विद्यालय पतरातु, गोला, और दुलमी सहित अन्य संस्थानों को भी खेल सामग्री दी जा रही है, जिससे ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें. स्पोर्ट्स किट प्राप्त करने के पश्चात कुलपति प्रो. चंद्रभूषण शर्मा ने सांसद जायसवाल का आभार जताया और कहा कि विश्वविद्यालय पूर्व में खेलों में अग्रणी रहा है. हालांकि, हाल के वर्षों में गतिविधियां धीमी हुई थीं. अब पुनः इसे सक्रिय किया जा रहा है और अगले छह माह में विश्वविद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ की प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय बेहतर प्रदर्शन करेगा. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार अखिलेश शर्मा, कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक, वित्त पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुशवाहा, खेल निदेशक डॉ. रखोहरि, सांसद प्रतिनिधि डॉ. सुकल्याण मोइत्रा, भाजपा नेता किशोरी राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कुलपति प्रो. चंद्रभूषण शर्मा से उनके कार्यालय में विस्तृत मुलाकात कर विश्वविद्यालय के समग्र विकास पर चर्चा की. उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी, संसाधनों की व्यवस्था और संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने जैसे अहम मुद्दों पर सुझाव दिए.

## चोरदहा चेक पोस्ट पर अवैध शराब के साथ दो वाहन जब्त



शुभम संदेश। चौपारण

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरदहा चेक पोस्ट के पास उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. इस दौरान दो चार पहिया वाहनों से भारी मात्रा में अवैध शराब और बियर जब्त की गई. पकड़े गए वाहनों में एक हुंडई क्रेटा और एक टाटा पंच शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन अवैध शराब लेकर बिहार सीमा की ओर जा रहे थे. गुप्त सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की टीम ने चोरदहा चेक पोस्ट के पास नाकाबंदी कर वाहनों को रोका और जांच की. जांच के दौरान भारी मात्रा में शराब और बियर बरामद की गई. मौके पर एक वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे वाहन में मौजूद व्यक्ति फरार होने में सफल रहा. उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब की सटीक मात्रा की जानकारी जांच के बाद दी जाएगी. फिलहाल जब्त वाहन और पकड़े गए आरोपी को विभागीय कार्यालय लाया गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है. इस कार्रवाई के बाद विभाग ने आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है. क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है.

### डीसी ने की जिला भू अर्जन कार्यालय की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला भू अर्जन कार्यालय की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में मुख्य रूप से जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, एनएचएआई के प्रतिनिधि, आरसीडी हजारीबाग के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक की शुरुआत में जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने एनएचएआई के अंतर्गत राजपुरा, उरवां और असना मौजा में सर्विस रोड से जुड़ी भूमि संबंधी समस्याओं की जानकारी दी. इस पर उपायुक्त ने एनएचएआई प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि वे अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें और अधियाचना जिला भू अर्जन पदाधिकारी को सौंपें. इसके अतिरिक्त झुमरी और चेचाई में लंबित मामलों की सुनवाई कर भू अर्जन से संबंधित कार्य पूर्ण करने का निर्देश भी उपायुक्त द्वारा दिया गया. डीएफसीसी अंतर्गत तिलैया मौजा में 5.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है.

### जंगली हाथियों का आतंक

## ग्रामीण रतजग्गा करने को विवश



शुभम संदेश। चतरा

जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत गोंदा, नावाटांड, राहम और सराढू गांवों में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का आतंक बना हुआ है. लगभग एक दर्जन हाथियों के झुंड ने इन जंगल क्षेत्रों में डेरा जमा लिया है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. हाथियों द्वारा फसलें, पालतू जानवर और घरों को नुकसान पहुंचाए जाने की घटनाएं सामने आई हैं. भयभीत ग्रामीण रातभर जागकर अपने परिवार और संपत्ति की सुरक्षा में जुटे हुए हैं. वन विभाग की ओर से स्थिति पर नियंत्रण पाने के प्रयास किए जा रहे हैं. 17 जुलाई की शाम रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना के निर्देश पर वनकर्मियों की टीम – कार्तिक पासवान, निर्मल मुंडा, शत्रुघ्न चौबे, विजय कुमार और मनोज दास – प्रभावित गांवों में पहुंची. उन्होंने ग्रामीणों को हाथियों को दूर भगाने के लिए पटाखे, डीजल और मोबिल उपलब्ध कराए तथा आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी. स्थानीय लोगों का कहना है कि कोल परियोजनाओं के कारण तेजी से हो रहे वनाश्रय विनाश से हाथियों का पारंपरिक विचरण मार्ग बाधित हुआ है. इसका खामियाजा अब ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है. उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# धनबाद पब्लिक स्कूल, हिरक शाखा में एनीमल डे

शुभम संदेश। धनबाद

### बच्चों ने लिया पशु संरक्षण का संकल्प




धनबाद पब्लिक स्कूल, हिरक शाखा में शुक्रवार को एनीमल डे बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई. इसके पश्चात नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने शेर, हाथी, खरगोश, तितली आदि विभिन्न पशुओं का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया. बच्चों की मासूम अदाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया. एलकेजी के बच्चों ने सुंदर गीत और नृत्य प्रस्तुत किए. यूकेजी के विद्यार्थियों ने एक नृत्य-नाटिका के माध्यम से पशु संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर नर्सरी कक्षा के बच्चों की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने विभिन्न खेलों और गतिविधियों में हिस्सा लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. विद्यालय की प्राचार्या पूर्णिमा सिल ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता आवश्यक है. बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम जगाना चाहिए. मौके पर विद्यालय के सचिव आलोक चौधरी और संजय लोधा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की. कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और अंत में सभी ने वन्यजीव संरक्षण का संकल्प लिया.

### कैंप — तीन दिवसीय विशेष राजस्व कैंप के आयोजन पर लोगों से डीसी की अपील

# अपनी राजस्व समस्याओं का समाधान कराएं

शुभम संदेश। कोडरमा




डीसी ऋतुराज के निर्देशानुसार कोडरमा जिले के सभी अंचलों में दिनांक 19, 21 एवं 22 जुलाई 2025 को तीन दिवसीय विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. यह कैम्प दाखिल-खारिज, निबंधन, भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु जनहित में आयोजित किया जा रहा है. उपायुक्त ने जिले के सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कैम्प के दौरान अधिक से अधिक लंबित राजस्व मामलों का संपूर्ण निष्पादन करें तथा प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें. उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे इस विशेष कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी राजस्व समस्याओं का समाधान कराएं.

पिछले माह जिले के सभी अंचलों में इस प्रकार के राजस्व कैम्प का सफल आयोजन किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए थे. इसी क्रम में इस माह पुनः तीन दिवसीय राजस्व कैम्प आयोजित कर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्ति युक्त एवं आपत्ति रहित दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन किया जाएगा. कैम्प के दौरान संबंधित अंचल अधिकारी राजस्व दस्तावेजों का गहन सत्यापन करते हुए सुनवाई करेंगे और मामलों में उचित निर्णय लेंगे.

विशेष रूप से आपत्ति युक्त दाखिल-खारिज मामलों में संबंधित रैयतों को विधिवत नोटिस जारी कर उनकी तामिला सुनिश्चित करायी जाएगी. सुनवाई के पश्चात ही मामले का निष्पादन किया जाएगा, ताकि हर समस्या का समाधान पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से हो सके. उपायुक्त ऋतुराज ने कहा है कि प्रत्येक अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लंबित मामलों की पूर्व समीक्षा कर तिथिवार सुनवाई हेतु सूची बनाएंगे. इससे न केवल मामलों का शीघ्र निष्पादन होगा, बल्कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और गति भी आएगी. उन्होंने सभी अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे संवेदनशीलता के साथ सभी प्राप्त आवेदनों और दस्तावेजों की समीक्षा करें और केवल संतुष्टि प्राप्त होने पर ही निर्णय दें. यह विशेष राजस्व कैम्प राजस्व प्रशासन को सशक्त बनाने और लोगों को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उपायुक्त ने पुनः जिलेवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने राजस्व संबंधी लंबित समस्याओं को दूर कराने हेतु इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं. इस पहल से कोडरमा जिले में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण और जनसुविधा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यकुशलता और जनता का विश्वास दोनों बढ़ेगा.

### विद्यार्थियों के बीच तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान

**चतरा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 18 जुलाई 2025 को नाजरेथ विद्या निकेतन विद्यालय एवं इंदुमती तिवड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर, दिभा में छात्र-छात्राओं के बीच तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया. इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने तंबाकू से होने वाले ओरल कैंसर, फेफड़ों की गंभीर बीमारियाँ, हृदय रोग जैसे खतरनाक प्रभावों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी. बताया गया कि तंबाकू शरीर को अंदर से धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है और इसके सेवन से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्थिति प्रभावित होती है. कार्यक्रम में ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के आंकड़े भी साझा किए गए, जिनमें झारखंड में प्रतिदिन लगभग 146 बच्चे तंबाकू सेवन शुरू कर रहे हैं, जो चिंताजनक है. इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को इस घातक लत से बचाना है.

## एक नजर

### ईसीएल मुगमा जीएम ने कुटीर उद्योग को दिया मदद का भरोसा

**निरसा।** ईसीएल मुगमा के जीएम ओम प्रकाश चौबे ने शुक्रवार को पूर्व जिप सदस्य दुर्गा दास के आवासीय कार्यालय परिसर में चल रहे कुटीर उद्योग को देखा. वहां ग्रामीण महिलाओं को काम करते देखा और इस पहल के लिए दुर्गा दास की सराहना की. दुर्गा दास ने महाप्रबंधक को बताया कि उनके जीवन का सपना ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और किसी पर निर्भर न रहें. उन्होंने बताया कि कुटीर उद्योग के माध्यम से अभी तक 10 महिलाएं और दो पुरुष काम कर रहे हैं. लक्ष्य 100 और महिलाओं को जोड़ना है. उन्होंने इस प्रयास में सभी के सहयोग की उम्मीद जताई. दुर्गा दास ने ईसीएल मुगमा महाप्रबंधक से आग्रह किया कि मुगमा एरिया क्षेत्र और निरसा विधानसभा में स्थापित कंपनियों में स्थानीय बच्चों को रोजगार दिया जाए ताकि पलायन रोका जा सके. गोपीनाथपुर कोलियरी में 20 लड़कों को और मुगमा एरिया में 20 लड़कों को रोजगार देने का आग्रह किया. जीएम ने आश्वासन दिया कि कुटीर उद्योग को ईसीएल मुगमा की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा. फलदार वृक्ष लगाने की पहल की भी सराहना की. मौके पर तोतन गोप, तापस माजी, भोलानाथ माजी, प्रसनजीत माजी, स्वीटी सिंह, शुभम सिंह, बिजय सिंह, निशा कुमारी, पंकज पंडित, कौशिक सिंह, पार्वती सोरेन, आरती देवी, फूल कुमारी हसदा, सुमित्रा मुर्मू, नेहा मालिक, बिंदिया मलिक, गणेश चंद्र गोराई सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

### अग्नि प्रभावित परियोजना में कोयला उत्पादन देख हुईं हैरान मुख्य सचिव

#### आग के बीच काम करना बड़ी चुनौती: अलका तिवारी

**झरिया।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी शुक्रवार को कुसुंडा क्षेत्र स्थित आरके अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड की ऐना आउटसोर्सिंग परियोजना में लगी आग का निरीक्षण करने पहुंचीं. वह वहां अग्नि प्रभावित क्षेत्र में जारी कोयला उत्पादन को देखकर हैरान रह गईं. उन्होंने वहां काम कर रहे कर्मियों की बहादुरी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आग के बीच काम करना वास्तव में एक बड़ी चुनौती है. उन्होंने कोयले की गुणवत्ता, बीसीसीएल की अंडरग्राउंड खदानों और उनके संचालन की स्थिति पर भी जानकारी ली. वे शाम 6:25 बजे ऐना परियोजना पहुंचीं, लेकिन पर्याप्त अंधेरा न होने के कारण अग्निकांड का दृश्य स्पष्ट नहीं था, जिसके चलते उन्हें करीब 25 मिनट तक इंतजार करना पड़ा. इस दौरान धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन, एसडीएम राजेश कुमार, सीओ, बीसीसीएल डीटी, धनबाद सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम, झरिया इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे. निरीक्षण के दौरान बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने मुख्य सचिव को उत्पादन प्रक्रिया, डिस्पैच, और अग्निशमन कार्यों की विस्तार से जानकारी दी. बताया कि आग के बीच ब्लास्टिंग और कोयला उत्पादन अत्यंत जोखिम भरा होता है, लेकिन चुनौतियों के बावजूद यह कार्य जारी है. आग से प्रभावित कोयले को कोल डंप में जमा कर, अग्निशमन प्रक्रिया के बाद पावर प्लांट में भेजा जाता है.

### क्लासरूम में बेहोश हुईं दो छात्राएं, मचा हड़कंप

**धनबाद।** शुक्रवार को दो अलग-अलग सरकारी स्कूलों में दो छात्राएं बेहोश होने से हड़कंप मच गया. दोनों छात्राओं, माधुरी कुमारी (14) और गीता टुडू (18) को तत्काल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार राजगंज हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा माधुरी कुमारी पढ़ाई के दौरान अचानक चक्कर खाकर बेहोश हो गईं. उनके पिता सुमन रजवार ने बताया कि स्कूल पहुंचने के एक घंटे बाद उन्हें बेटी के बेहोश होने की खबर मिली. डॉक्टरों ने अत्यधिक गर्मी और मौसम में बदलाव को माधुरी की बेहोशी का संभावित कारण बताया है. माधुरी को देर शाम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई.

वहीं टुंडी प्लस टू हाई स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा गीता टुडू क्लास में अचेत हो गईं. स्कूल प्रबंधन ने उन्हें तुरंत एसएनएमएमसीएच पहुंचाया. शिक्षकों ने बताया कि गीता पिछले कुछ दिनों से परेशान दिख रही थी, लेकिन कारण अज्ञात था. फिलहाल गीता टुडू की स्थिति सामान्य बताई जा रही है. इन घटनाओं ने स्कूलों में छात्रों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है.

## पेज-3 का शेष

### डीसी ने बाघमारा सीओ को दिया अतिक्रमण......

समिति ने इस जमीन पर चहारदीवारी भी बनवाई है। इसके बावजूद, सरयू राय जमीन को हड़पने और ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं. ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और जमीन हड़पने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि जांच से सच्चाई सामने आएगी और उन्हें न्याय मिलेगा. मौके पर रैयत एतवारी मांझी,सोनाराम मांझी,मणिलाल मांझी,फागु मांझी,रामेश्वर मांझी,फुलो मंझियान,पगान मांझी,शंभु मांझी, लेवा मांझी सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे.

सरयू राय की शिकायत पर चर्चा में आया था मामला : यह मामला तब चर्चा में आया जब पूर्वी सिंहभूम के विधायक सरयू राय ने 7 जुलाई 2025 को झारखण्ड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को पत्र लिखकर दरीदा मौजा में अतिक्रमण की समस्या को उठाया. विधायक ने अपने पत्र में बताया कि स्थानीय रैयतों और ग्रामीणों ने उन्हें एक अभ्यावेदन सौंपा था, जिसमें अतिक्रमण हटाने की माँग की गई थी. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस मुद्दे को उन्होंने 25 अप्रैल 2024 को राज्यपाल को पत्र के माध्यम से उठाया था, जिसके बाद राज्यपाल सचिवालय ने 24 मई 2024 को मुख्य सचिव और धनबाद उपायुक्त को जाँच और कार्रवाई का निर्देश दिया था. इसके अलावा, विधायक ने पंचम और षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के विभिन्न सत्रों में भी इस मामले को उठाया था. पत्र के आधार पर राजस्व विभाग ने जांच समिति गठित की थी, जिसने अतिक्रमण क्षेत्र की जांच की. हालांकि, जांच प्रतिवेदन के आधार पर अब तक की गई कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं थी. शुभम संदेश अखबार में इस मुद्दे पर खबर प्रकाशित होने के बाद डीसी ने तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया. डीसी ने सीओ को न केवल अतिक्रमण हटाने, बल्कि पहले की जांच रिपोर्ट को भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि मामले की प्रगति का आकलन किया जा सके.

### बारामुरी में निगम के 320 फ्लैट में गृह.....

इससे पहले आवास की कई योजनाएं बनी पर धरातल पर नहीं उतरी. रांची का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रांची में भी आवास बनाए गए लेकिन वहां कोई जाना नहीं चाहता है. वहीं टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि इससे पहले भी और कर्माटांड़ में भी आवास बनाए गए हैं लेकिन दोनों जगह अबतक वीरान हैं. विद्यालय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी आवास योजना बननी चाहिए. सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने लाभुकों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को योजना को प्राइम लोकेशन में उतारा गया है. झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि अपना छत हो, वह सपना आज साकार हो गया है. साथ ही मंच के माध्यम से मंत्री से जलापूर्ति की समस्या को दूर करने का आग्रह किया.धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि योजना के शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तो लाभुकों के साथ रहा हूं. 320 लोगों के सपने आज साकार हो गया है. राज सिन्हा ने मंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार नगर विकास मंत्री कार्य कर रहे हैं. उन्हें उम्मीद है कि धनबाद में काफी विकास होगा. साथ ही विधायक ने मंत्री से अनुरोध किया कि धनबाद के हर वार्ड में एक पार्क और तीन चार तलाब बनवाए जाए. छह वर्ष से अधूरे पड़े 38 सड़कों के कार्य को शुरू कराने के साथ ही जलापूर्ति की समस्या का निदान करने का भी अनुरोध किया. आज के टेक्नोलॉजी के जमाने में यह अफसोसजनक है कि नदी में पानी बढ़ने पर जलापूर्ति ठप हो जाती है. अलग अंदाज में विधायक ने मंत्री से अनुरोध किया कि अगर राज्य सरकार की विशेष नजरे इनायत धनबाद पर हो, तो धनबाद पूरे झारखंड में नंबर एक होगा.

धनबाद में आवास निर्माण की पूरे झारखंड की पहली ऐसी योजना है जो पूरी तरह साकार हुई है. इससे पहले रांची में भी आवास बनाए गए, लेकिन वहां कोई रहने को तैयार नहीं है. धनबाद में बेहतरीन साथ, बारामुरी में आवास बनाए गए हैं. आगे भी निगम ऐसी ही प्लॉट को चिन्हित कर आवास बनाए, जिससे आम लोगों के घर का सपना साकार हो सके. उन्होंने कहा कि झरिया के लिए भी नई मास्टर प्लान बनाया गया है. जल्द ही विस्थापन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा. इसके लिए आज मुख्य सचिव ने धनबाद में बैठक की. पेयजलापूर्ति की समस्या पर उन्होंने कहा कि केंद्र का अंश नहीं मिलने से परेशानी हो रही है, जिसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा. साथ ही झमाडा की जलापूर्ति योजना के लिए संबंधित विभागों से एनओसी लेकर एक साल के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा.

## न्यूज अपडेट

### तमिल फिल्मों के मशहूर निर्देशक व अभिनेता वेलु प्रभाकरन का निधन

**नयी दिल्ली ।** साउथ फिल्मों से जुड़ी बेहद दुखद खबर सामने आई है. तमिल फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक और अभिनेता वेलु प्रभाकरन का 18 जुलाई को निधन हो गया. 68 वर्षीय वेलु प्रभाकरन पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे. हाल ही में उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है. वेलु प्रभाकरन को उनके बेबाक अंदाज और साहसी फिल्मों के लिए हमेशा याद किया जाएगा. वेलु प्रभाकरन के निधन से तमिल सिनेमा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है.

### अमेरिका की दिग्गज पॉप गायिका कॉनी फ्रांसिस का निधन

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका की मशहूर दिग्गज पॉप गायिका और अभिनेत्री कॉनी फ्रांसिस का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया. न्यू जर्सी के नेवार्क में 12 दिसंबर, 1937 को जन्मी फ्रांसिस ने एक अस्पताल में अंतिम सांस ली. 1960 के दशक में वह युवाओं और किशोरों की चहेती गायिका रहीं. इस दशक में उनके गाने 'लिपस्टिक ऑन योर कॉलर' और 'हूज सॉरी नाउ?' मौजूदा पीढ़ी ने जमकर सुना. सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार कॉनी फ्रांसिस के निधन की सूचना दुनिया को सबसे पहले उनके प्रचारक और मित्र रॉन रॉबर्ट्स ने दी. रॉबर्ट्स ने फेसबुक पेज पर लिखा, ₹भारी मन और अत्यंत दुख के साथ मैं आपको कल रात अपनी प्रिय मित्र कॉनी फ्रांसिस के निधन की सूचना दे रहा हूं.₹ उन्होंने कहा कि फ्रांसिस को हाल ही में दर्द की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

### कांवड़ यात्रियों को बदनाम किया जा रहा : योगी आदित्यनाथ

**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांवड़ यात्री पूरी श्रद्धा और भक्ति भावना से यात्रा करते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्हें उपद्रवी और आतंकवादी तक बोला जाता है. यह मानसिकता हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम कर रही है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शुक्रवार को यहां राजघाट स्थित वसंता महिला महाविद्यालय में आयोजित 'बिरसा मुंडा की विरासत, आदिवासी सशक्तीकरण और राष्ट्रीय आंदोलन' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. इस संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय और आईसीएसएसआर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था.

### मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में मर्काबार्ना का किया दौरा

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को अपने स्पेन प्रवास के तीसरे दिन बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का दौरा किया. यह संस्थान न केवल आयात, भंडारण और प्रसंस्करण बल्कि वितरण, नवाचार और खाद्य पुनर्प्राप्ति तक, संपूर्ण खाद्य श्रृंखला का प्रबंधन करता है. मुख्यमंत्री ने कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि यह यात्रा मध्य प्रदेश में विकसित हो रहे एग्री-बेस्ड इकोसिस्टम के लिए बेहद प्रेरणादायक है. सीएम ने मर्काबार्ना के संचालन में अपनाए गए 'फार्म-टू-फोर्क' मॉडल, कोल्ड चेन तकनीक, पैकेजिंग मानकों और ट्रेसेबिलिटी व्यवस्थाओं को सराहा और कहा कि मध्य प्रदेश में मेगा फूड पार्क, कृषि निर्यात क्षेत्र में ऐसे वैश्विक अनुभवों का लाभ लिया जाएगा.

### कविंदर गुप्ता ने लद्दाख के नए उपराज्यपाल पद की शपथ ली

**लद्दाख ।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शुक्रवार को कविंदर गुप्ता ने शपथ ली. राज निवास में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. मुख्य सचिव पवन कोतवाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से गुप्ता की नियुक्ति का वारंट पढ़ा. वह केंद्र शासित प्रदेश के तीसरे उपराज्यपाल हैं और ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का स्थान लिया है, जिन्होंने 19 फरवरी, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल का पदभार संभाला था. मिश्रा ने आरके माथुर का स्थान लिया था. जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने पर 2019 में उन्हें लद्दाख के पहले उपराज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था.

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नसों की बीमारी, पैरों में आई सूजन

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप को उम्रजनित शारीरिक दिक्कतें शुरू हो गई हैं. 79 वर्षीय ट्रंप को नसों की बीमारी हो गई है. इससे उनके पैरों में सूजन आने लगी है. व्हाइट हाउस ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि ट्रंप के पैरों के निचले हिस्से में सूजन और दाहिने हाथ में चोट के निशान हैं. द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, व्हाइट हाउस ने आधिकारिक विज्ञप्ति में चिकित्सक के हवाले से कहा कि ट्रंप के शरीर में क्रोनिक शिरापरक की अपर्याप्तता है. यह ऐसी स्थिति होती है जिससे जिसमें पैरों को हृदय तक रक्त पहुंचाने में परेशानी होती है. उल्लेखनीय है कि चिकित्सा विज्ञान में साफ किया गया है कि क्रोनिक शिरापरक अपर्याप्तता पीड़ित व्यक्ति के पैरों की नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं.



# स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का मामला साफ्टवेयर इंजी. फरीदाबाद से पकड़ाया

**एजेंसी । चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकियां देने के आरोप में हरियाणा के फरीदाबाद से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को हिरासत में लिया है. आरोपित की पहचान फरीदाबाद निवासी शुभम दुबे के रूप में हुई है. पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने इसकी जानकारी दी. अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने शुक्रवार को बताया कि बीती 14, 15 व 16 जुलाई को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को मेल भेजकर दरबार साहिब को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. इस मेल में दरबार साहिब के अलावा दिल्ली के स्कूलों और तमिलानडु की कई संस्थाओं की जिक्र था.

भुल्लर ने बताया कि जांच में तमिलनाडु के कई अधिकारी भी पंजाब पुलिस के संपर्क में हैं. इस तरह के कई ई-मेल बीते समय में तमिलनाडु में भी सर्कुलेट हुई हैं. ई-मेल में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके), दक्षिण राज्यों के लोगों के नाम ही प्रयोग किए गए हैं. पुलिस आयुक्त ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शुभम दुबे सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जो दो कंपनियों में जॉब के बाद अब बेरोजगार है. इस मामले में पुलिस को कुछ तकनीकी सबूत भी मिले हैं. पूछताछ में अगर उसकी संलिप्पता पाई गयी, तो उसको गिरफ्तार किया जाएगा. भुल्लर ने बताया कि ई-मेल भेजने के लिए आरोपित डार्कनेट का प्रयोग कर रहे हैं, जिसके कारण आईपी एड्रेस अन्य-अन्य देशों के आ रहे हैं. हिरासत में लिए गए आरोपित शुभम से पूछताछ कर पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि क्या यह कोई अकेला साइबर हमला था या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क या कट्टरपंथी साजिश है. उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई से अब तक एसजीपीसी को पांच धमकी भरे ई-मेल मिल चुके हैं. इनमें स्वर्ण मंदिर को आरडीएक्स से उड़ाने की बात कही गई थी. मेल के बाद अमृतसर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सघन तलाशी अभियान चलाया गया.

## बांग्लादेश : गोपालगंज में बुधवार को हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हुई थी

# हिंसा में मारे गए लोगों का बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार!

**एजेंसी । ढाका**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और गोपालगंज में बुधवार को हुई हिंसा में मारे गए लोगों का बिना पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया गया. सरकार ने दावा किया है कि लोग अस्पताल से चारों लोगों के शव जबरदस्ती ले गए. ढाका ट्रिब्यून की खबर में परिजनों के हवाले से कहा गया है कि हिंसा के शिकार उनके सदस्यों का पोस्टमार्टम नहीं किया गया. इसलिए उन्होंने उनका अंतिम संस्कार कर दिया. खबर में कहा गया है कि इन लोगों की मौत पर गुरुवार रात तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया. इस हिंसा की वजह अवामी लीग और उसके प्रतिबंधित छात्र लीग के नेताओं और समर्थकों की नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) की रैली पर हुए कथित हमले को ठहराने की कोशिश की गई है. ढाका ट्रिब्यून ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा कि हमलावरों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं. इसमें कथित तौर पर चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई.



मृतकों की पहचान रमजान काजी, सोहेल राणा, दीप्तो साहा और इमोन तालुकदार के रूप में हुई. पीड़ित परिवारों ने दावा किया कि पुलिस ने उन सभी की गोली मारकर हत्या कर दी. चारों पीड़ितों में से किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं किया. इमोन को गुरुवार सुबह लगभग सात बजे गेतपारा स्थित नगरपालिका कब्रिस्तान में दफनाया गया. सोहेल को भी लगभग उसी समय तुंगीपारा स्थित उनके पारिवारिक कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. रमजान काजी को बुधवार रात नमाज के बाद गेतपारा में दफना दिया गया. दीप्तो का अंतिम संस्कार रात को नगर निगम के श्मशान घाट पर किया गया. इस बारे में गोपालगंज सामान्य अस्पताल के अधीक्षक डॉ. जिबितेश बिस्वास का कहना है कि चारों के शव अस्पताल लाए गए थे, लेकिन उनका पोस्टमार्टम नहीं किया गया. परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि अस्पताल ने कोई मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किया.

ढाका रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक रेजाउल करीम मलिक ने स्वीकार किया कि शव परीक्षण नहीं किया गया है. उन्होंने कहा कि हिंसा के सिलसिले में अब तक 25 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है. जब उनसे पूछा गया कि पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया? तो उन्होंने कोई सीधा जवाब न देते हुए कहा कि अधिकारी इस मामले को कानूनी प्रक्रिया के तहत लाएंगे और घटना पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है.

### अनियंत्रित भीड़ ने पोस्टमार्टम नहीं होने दिया

इस बीच अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग ने मीडिया से एक पुलिस रिपोर्ट साझा की है. इसमें कहा गया है, अनियंत्रित भीड़ ने जिला अस्पताल में चारों शवों का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया. भीड़ जबरिया सभी शव अपने साथ ले गई. इस सरकारी दावे की कलीम मुंशी के बयान ने धज्जियां उड़ा दी हैं. हिंसा में मारा गया रमजान उनका भतीजा है. कलीम मुंशी ने कहा कि उन्होंने एक वीडियो में देखा कि उनके भतीजे को गोली मार दी गई. हम लोग उसे अस्पताल ले गए, लेकिन बचा नहीं सके. इसके बाद हम शव को थाने ले गए. वहां थाने का प्रवेश द्वार बंद मिला. वहां से हम शव को पोस्टमार्टम के लिए वापस अस्पताल ले आए. अस्पताल के कर्मचारियों ने हमसे कहा इसे अभी घर ले जाओ. यहां परेशानी हो सकती है. इसलिए हम पोस्टमार्टम नहीं कर सके. जाहिदुल इस्लाम तालुकदार का कहना है कि उन्हें बुधवार दोपहर पता चला कि उनके भतीजे सोहेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. जब तक मैं पहुंचा उसका शव अस्पताल से घर लाया जा चुका था. शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था और हमें अस्पताल से कोई मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं मिला.

### स्लोवेनिया ने इजराइल के दो मंत्री को 'अवांछित' घोषित किया



**साराजेवो ।** स्लोवेनिया ने गुरुवार को इजराइल के दो कट्टरपंथी मंत्रियों राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच को ₹पर्सोना नॉन ग्राटा₹ (अवांछित व्यक्ति) घोषित किया है. ऐसा करने वाला स्लोवेनिया पहला यूरोपीय संघ देश बन गया है. यह निर्णय इजराइल पर फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा और उकसावे के आरोपों के चलते लिया गया है. स्लोवेनिया की विदेश मंत्री तान्या फायोन ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि "आज हमारी सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है. हमने दो इजराइली मंत्रियों को स्लोवेनिया में अवांछित घोषित किया है. यह यूरोपीय संघ में अपनी तरह की पहली कार्रवाई है." सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों मंत्री वेस्ट बैंक में अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार, फिलिस्तीनियों की जबरन बेदखली और नागरिक फिलिस्तीनी आबादी के खिलाफ हिंसा के समर्थन में सार्वजनिक बयान देते रहे हैं. फायोन ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि ब्रसेल्स में मंगलवार को हुई ईयू विदेश मंत्रियों की बैठक में इजराइल के खिलाफ कोई साझा कार्रवाई तय नहीं हो सकी. उन्होंने यह भी कहा कि अन्य संभावित उपायों पर भी विचार किया जा रहा है, लेकिन फिलहाल विस्तार से कुछ नहीं बताया.

## पाक ने अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों में की घुसपैठ, बीएसएफ ने पकड़े छह ड्रोन

**एजेंसी । चंडीगढ़**



बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र अमृतसर में पाकिस्तान की ड्रोन घुसपैठ को निष्क्रिय करते हुए छह पाकिस्तानी ड्रोन पकड़े हैं। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च के दौरान हेरोइन भी बरामद की गई है। बीएसएफ ने इस साल के दौरान यह सबसे बड़ी बरामदगी की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि पाकिस्तान की तरफ से अमृतसर स्थित सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरुवार की रात ड्रोन घुसपैठ की गई। पाकिस्तान की तरफ से कई ड्रोन भारतीय सीमा में भेजे गए। जवानों ने गश्त के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम की मदद से पाकिस्तान की तरफ से आने वाले प्रत्येक नार्को ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। इस ऑपरेशन के बाद बीएसएफ ने गांव पुलमोरां के पास खेतों से 1.744 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन के 3 पैकेटों के साथ 4 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किए। ड्रोन से मादक पदार्थों के पैकेट जुड़े हुए पाए गए, जिससे साफ हो गया कि पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन भारतीय सीमा में भेजी गई थी। बीएसएफ ने रात के समय रोरांवाला खुर्द गांव के पास इसी तरह के एक अभियान में एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन के साथ 1 पैकेट हेरोइन (कुल वजन 596 ग्राम) बरामद की, जो ड्रोन-रोधी उपाय में तकनीकी व्यवधान के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इस बीच शुक्रवार अल सुबह गांव धनोई कलां के आसपास तकनीकी अवरोध के सक्रिय होने पर एक और डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन को मार गिराया गया। पिछले कुछ घंटों के दौरान बीएसएफ के अभियानों में 6 डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और 2.340 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

### भारत, इंडोनेशिया और लाओस से होने वाले आयात पर टैरिफ की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सौर पैनल निर्माता कंपनियों के एक समूह ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से हो रहे सौर पैनलों के आयात पर टैरिफ (शुल्क) लगाने की मांग की है. इन देशों पर सस्ते दामों पर उत्पादों की बिक्री (डंपिंग) कर अमेरिकी बाजार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है. यह याचिका गुरुवार को अमेरिकी वाणिज्य विभाग के समक्ष दायर की गई.इस मांग का नेतृत्व 'अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' नामक समूह कर रहा है, जिसमें फर्स्ट सोलर, दक्षिण कोरियाई कंपनी क्यू-सेल, और निजी कंपनियां टैलोन पीवी और मिशन सोलर शामिल हैं. याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन देशों की कंपनियों को उनकी सरकारों से अनुचित सब्सिडी मिल रही है और वे अमेरिका में लागत से कम कीमत पर उत्पाद बेच रही हैं, जिससे अमेरिकी निर्माण क्षेत्र को गहरा नुकसान हो रहा है.साथ ही भारत की कुछ कंपनियां भी अमेरिकी बाजार में कम कीमत पर पैनल बेच रही हैं.

## कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने 19,500 फीट पर किए दर्शन, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**एजेंसियां । देहरादून**

19,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कैलाश पर्वत के मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने आज भगवान शिव के दर्शन किए. कैलाश की पहली झलक से श्रद्धालुओं की आंखों से अश्रु बह निकले और वे 'हर-हर महादेव' के उद्घोष करने लगे. इस दल में देश के 11 राज्यों से आए कुल 49 श्रद्धालु शामिल हैं.

यात्रा की शुरुआत दिल्ली से हुई, जो पिथौरागढ़, गूंजी और लिपुलेख होते हुए चीन के तकलाकोट तक पहुंची. दर्शन के बाद यात्री आज भारत लौट आएंगे और अपनी यात्रा के फोटो भी साझा किए. यात्री नरेंद्र ने बताया कि यात्रा भले ही कठिन रही, लेकिन हर कदम पर भगवान शिव की ओर बढ़ना सुखद अनुभव रहा. उन्होंने कहा कि डोल्मा पास की चढ़ाई बेहद चुनौतीपूर्ण थी, कईयों को थकान और ऑक्सीजन की कमी हुई, लेकिन भक्ति और आस्था ने उन्हें



हिम्मत दी.

यात्री ऊं नमः शिवाय का जप करते हुए आगे बढ़ते रहे. यात्री नागपाल ने बताया कि कैलाश दर्शन के बाद मानसरोवर झील के दर्शन हुए, जहां पवित्र जल में उभरते दृश्यों ने ऐसा अहसास कराया मानो हिमालय भी शिव के समक्ष नतमस्तक हो. झील के किनारे हवन-यज्ञ, दीप प्रज्ज्वलन और भोलेनाथ का आह्वान किया गया, साथ ही देश की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई.

प्रथम दल के लाइजनिंग ऑफिसर संजय गुज्याल ने बताया कि सभी यात्री दर्शन के बाद स्वस्थ्य हैं और भारत की ओर लौट रहे हैं. वे अपने को सौभाग्यशाली मानते हुए 'शिव-शिव' का जाप कर रहे हैं.

## सलाह : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जेल नियम हर राज्य के लिए अलग-अलग होते हैं, कहा

# सभी राज्य बीमारी कैदियों की रिहाई के लिए समान नियम बनाएं

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जेल नियम हर राज्य के लिए अलग-अलग होते हैं, लेकिन गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई को लेकर सभी राज्यों को समान नियम बनाने चाहिए. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखा, जिसमें गंभीर रूप से बीमार या 70 वर्ष से अधिक उम्र के कैदियों की रिहाई की मांग की गई थी। केंद्र सरकार ने बताया कि इस विषय पर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई गई है और इसे रिकॉर्ड पर रखा गया है। हालांकि, बेंच ने कहा, आखिरकार जेल नियम राज्यों पर ही लागू होते हैं। सभी राज्यों को एक समान जेल नियम बनाने होंगे, जिसमें गंभीर बीमारियों से पीड़ित कैदियों की रिहाई का प्रावधान हो। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सरकार गंभीर रूप से बीमार कैदियों को लेकर चिंतित है और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को एसओपी के तहत ऐसे कैदियों की उचित देखभाल और प्रबंधन के लिए कदम उठाने की सलाह दी गई है। सरकार ने यह भी कहा कि राज्य या केंद्र शासित प्रदेश 'सामान्य माफी' (जनरल एमनेस्टी) के तहत भी ऐसे कैदियों की रिहाई पर विचार कर सकते हैं। बेंच ने इस बात पर चिंता जताई कि इस व्यवस्था का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि यह तय करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश हों कि कौन-कौन से कैदी इस रिहाई के पात्र होंगे। नालसा की ओर से पेश वकील ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई एसओपी में यह स्पष्ट किया गया है कि कौन से कैदी गंभीर रूप से बीमार की श्रेणी में आएंगे और जेल के मेडिकल अधिकारी से इसका प्रमाण पत्र लिया जाएगा।

इस पर बेंच ने टिप्पणी की, पहचान करना अलग बात है, लेकिन सत्यापित करने में ही असली मुश्किल है. इस व्यवस्था के दुरुपयोग की काफी संभावना है। भाटी ने बताया कि केंद्र की एसओपी में एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की बात कही गई है जो ऐसे मामलों की जांच करेगा. उन्होंने यह भी बताया कि एक कैदी 1985 से अस्थमा से पीड़ित है। नालसा की ओर से यह भी बताया गया कि केरल में एक 94 वर्षीय कैदी है जो अब तक जेल में है. बेंच ने उन कैदियों पर भी विचार किया जिन्हें उम्रकैद की सजा दी गई है, जिसमें सजा उनकी प्राकृतिक मृत्यु तक चलती है। जस्टिस मेहता ने कहा, जयपुर केंद्रीय कारागार में कई कैदी हैं, जिन्हें बम विस्फोट के मामलों में सजा हुई है... उनमें से एक डॉक्टर था, जिनकी कुछ महीने पहले मृत्यु हो गई। वह 104 साल के थे। उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने बताया कि राज्य की 2018 की नीति में गंभीर रूप से बीमार कैदियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और एक मेडिकल बोर्ड गठित करने की व्यवस्था है।

शीर्ष कोर्ट ने पांच मई को केंद्र और बिहार, उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों से इस याचिका पर जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया कि इन बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार कैदियों को विशेष देखभाल की जरूरत है, लेकिन जेलों में अधिक भीड़ के कारण जेल प्रशासन ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं है। नालसा ने बताया कि ये कैदी बिहार, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित कई राज्यों की जेलों में बंद हैं। वकील ने कहा कि कई ऐसे गंभीर बीमार कैदी हैं, जिनकी सजा उच्च न्यायालयों की ओर से बरकरार रखी गई है, लेकिन वे सुप्रीम कोर्ट तक नहीं पहुंच पाए हैं और उन्हें जमानत या सजा निलंबित कराने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए इस मामले पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया कि 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले और गंभीर बीमारियों से ग्रसित कैदियों की रिहाई के लिए दिशानिर्देश जारी किए जाएं।

## विदेशी फंडिंग और हवाला के पैसों को लेकर ईडी की कार्रवाई तेज

**एजेंसियां । बलरामपुर/लखनऊ**

- धर्मांतरण मामला : गजवा-ए-हिंद मिशन पर था छांगुर, डायरियों से खुलेंगे अहम राज

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र के निवासी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर को लेकर आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं. छानबीन के दौरान जांच एजेंसियों के हाथ जो सबूत लगे हैं, उससे यह साफ है कि छांगुर लम्बे समय से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा. अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था ने छांगुर के खिलाफ जांच एजेंसियों के कार्रवाई करने की पुष्टि की है.

छांगुर 'गजवा-ए-हिंद जैसी खतरनाक विचारा से प्रेरिक होकर भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए धर्मांतरण का काम करने लगा. इस काम के लिए उसने एक बड़ा नेटवर्क बनाया, जिसमें बहुत सारे मुस्लिम लोगों को जोड़कर हिंदू लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर धर्मांतरण का कार्य करने लगा. भारत में उसका काम अच्छा चलने पर अब वह नेपाल में अपना पांव पसराने लगा था. उसने नेपाल सीमा से सटे कुछ गांवों के युवाओं पर उसकी नजर थी. हालांकि छांगुर को लेकर अभी तक क्या-क्या कार्रवाई हुई है? इस पर अभी तक कोई अधिकारिक बयान नहीं आया हैं, लेकिन कार्रवाइयां यह बता रही हैं कि छांगुर का मकसद बहुत बड़ा था. जांच टीम के हाथ लगी डायरियों के पन्ने अब उसके कारनामों के राज खोलेंगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)